e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 17
बुधवार
17.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
यदि आप अपनी वास्तविक क्षमताओं को पहचानना चाहते हैं, तो जीवन में रिस्क लेना शुरू कर दें।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पश्चिम सिंहभूम में पांच किलो का आईईडी बरामद

**पश्चिम सिंहभूम** : जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में मंगलवार को गोइलकेरा थाना क्षेत्र के वनग्राम लेमसाडीह और बामियाबुरु जंगली इलाकों में सुरक्षाबलों ने एक पांच किलो का आईईडी बरामद किया। बाद में बम को उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की मदद से नष्ट कर दिया गया। कोल्हान जंगल में बड़े माओवादी नेता सक्रिय हैं, जिनकी तलाश में सुरक्षाबल के जवान लगातार अभियान चला रहे हैं। माओवादी पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी प्लांट कर रहे हैं लेकिन सुरक्षाबल के जवान हर बार नक्सलियों को मात दे रहे हैं।

### कूनो नेशनल पार्क में एक और चीता की मौत

**भोपाल** : मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आए एक और चीता की मौत हो गई है। इसका नाम शौर्य बताया गया है। मौत के कारणों की पुष्टि के लिए पोस्टमॉर्टम कराया गया है। प्रोजेक्ट चीता के तहत सितंबर 2022 में आठ चीतों को नामीबिया से और 2023 की शुरुआत में 12 चीतों को दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था। अब तक 10 चीतों की मौत हो चुकी है। आखिरी बार कूनो में चीता की मौत की खबर दो अगस्त 2023 को आई थी। उसके छह महीने बाद अब यह बुरी खबर आई है। वन विभाग के एपीसीसीएफ और डायरेक्टर लॉयन प्रोजेक्ट के हवाले से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे नामीबिया से आया चीता अचेत अवस्था में मिला था। मॉनिटरिंग टीम तत्काल हरकत में आई। उसे ट्रैंकुलाइज किया गया। कुछ देर के लिए तो उसे होश आया लेकिन कमजोरी बहुत अधिक थी। रिवाइवल के बाद भी कुछ जटिलताएं उभर आईं और उसने सीपीआर को रिस्पॉन्ड करना बंद कर दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई को असम सरकार देगी राज्य का सर्वोच्च सम्मान

**दिसपुर**: असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को बड़ा ऐलान किया. उन्होंने कहा कि पूर्व सीजेआई और राज्यसभा के सांसद रंजन गोगोई को असम वैभव पुरस्कार दिया जाएगा.हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा,मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि असम सरकार राज्यसभा के सांसद और पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को राज्य के सर्वोच्च सम्मान असम वैभव से सम्मानित करेगी.

### 22 जनवरी को सांप्रदायिक सद्भाव रैली करेंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि वो 22 जनवरी को कोलकाता के कालीघाट मंदिर जाएंगी, जिस दिन अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन समारोह होगा. उन्होंने मीडिया से कहा कि आप सभी मुझसे विभिन्न मंदिरों के बारे में पूछते रहते हैं. मुझे इसके बारे में कुछ नहीं कहना है. मैं कहती हूं कि धर्म एक व्यक्तिगत मुद्दा है, त्योहार सभी के लिए हैं. हम 23 जनवरी, 26 जनवरी मनाते हैं. 22 जनवरी को हम एक रैली करेंगे.मुख्यमंत्री ने कहा, फ्रपूर्वी भारत के सबसे बड़े तीर्थस्थलों में से एक कालीघाट में पूजा करने के बाद वो अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की ओर से एक रैली करेंगी. इस सर्व धर्म रैली में सभी समुदायों के लोग शामिल होंगे और अपने रास्तों में पड़ने वाले मंदिरों, चर्चों, गुरुद्वारों और मस्जिदों सहित विभिन्न धार्मिक स्थानों में जाएंगे.

### 26 जनवरी पर दिल्ली का माहौल बिगाड़ने की कोशिश, गुरुपवंत पन्नू ने दी खालिस्तानी झंडा लहराने की धमकी

**नई दिल्ली**: खालिस्तानी आतंकी गुरुपवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर से अपना आतंक फैलाने की कोशिश की है. 26 जनवरी यानी कि गणतंत्र दिवस को माहौल खराब करने की धमकी दी है. खालिस्तानी आतंकी ने आउटर दिल्ली के चंदर विहार इलाके में खालिस्तान के समर्थन में दीवारों पर नारे लिखावाए हैं. पन्नू ने 26 जनवरी को दिल्ली में खालिस्तानी झंडा लहराने की धमकी दी है. दीवारों पर लिखे इन नारों को दिल्ली पुलिस ने मिटाया. इस मामले को लेकर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है.खालिस्तानी आतंकी गुरुपवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी कर दावा किया है कि सिख फॉर जस्टिस ने चंद्र विहार इलाके की दीवारों पर खालिस्तान के समर्थन में स्लोगन लिखा, पन्नू का वीडियो वायरल होने के बाद दिल्ली पुलिस को इस बारे में जानकारी दी गई. जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर धमकी भरे नारे हटवाए. अलग खालिस्तान की मांग को लेकर रेफरेंडम की बात और वोटिंग करवाने संबंधी नारे दीवारों पर लिखे गए थे.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

---

वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले देश के पहले खिलाड़ी बने सुमित नागल

# भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने रचा इतिहास

**नागल ने पहले दौर में कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक को 6-4, 6-2, 7-6 (7-5) से हराया।**

**2020**
यूएस ओपन में नागल ने ऐसा किया था, जहां वह दूसरी वरीयता प्राप्त डोमिनिक थिएम से 6-3, 6-3, 6-2 से हार गए थे।

**2021**
में भारतीय स्टार को शुरुआती दौर में लिथुआनिया के रिकार्डस बेरांकिस के हाथों 2-6, 5-7, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा।



एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने मंगलवार को इतिहास रच दिया। वह 1989 के बाद से ऑस्ट्रेलियन ओपन में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए। नागल ने पहले दौर में कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक को 6-4, 6-2, 7-6 (7-5) से हराया। नागल ने जीत के साथ इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। हालांकि, उनके लिए यहां तक पहुंचना आसान नहीं था। यह भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के समर्थन के बिना संभव नहीं था। उन्होंने पहली बार 2017 में नागल की मदद की थी।नागल 2013 के बाद एकल के दूसरे राउंड में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। सोमदेव देवबर्मन ने 2013 में दूसरे दौर में जगह बनाई थी। 1989 के बाद पहली बार किसी भारतीय खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के एकल मैच में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराया है। 1989 में रमेश कृष्णन ने ऐसा किया था। तब उन्होंने दूसरे दौर में स्वीडन के मैट्स विलेंडर को हराया था। विलेंडर तब टेनिस रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी थे।

#### पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में नागल

ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर से पहली बार नागल आगे बढ़ पाए हैं। 2021 में भारतीय स्टार को शुरुआती दौर में लिथुआनिया के रिकार्डस बेरांकिस के हाथों 2-6, 5-7, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, नागल पहले भी किसी ग्रैंड स्लैम इवेंट के दूसरे दौर में खेल चुके हैं। नागल ने 2020 यूएस ओपन में ऐसा किया था, जहां वह दूसरी वरीयता प्राप्त डोमिनिक थिएम से 6-3, 6-3, 6-2 से हार गए थे।

#### नागल की सफलता में कोहली का हाथ

नागल ने बताया कि कैसे कोहली और उनके फाउंडेशन ने उस समय उनका समर्थन किया जब उनकी जेब में सिर्फ छह डॉलर बचे थे। नागल ने कहा था,विराट कोहली का फाउंडेशन 2017 से मेरा समर्थन कर रहा है। मैं पिछले दो वर्षों से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था और वित्तीय संकट का सामना कर रहा था। अगर विराट कोहली मेरा समर्थन नहीं करते, तो मुझे नहीं पता कि मेरे साथ क्या होता।नागल ने कहा था, 2019 के शुरुआत जब मैं एक टूर्नामेंट के बाद कनाडा से जर्मनी के लिए उड़ान भर रहा था, मेरे पर्स में सिर्फ छह डॉलर थे। मुझे जो मदद मिल रही थी उसके बाद सिर्फ छह डॉलर थे। ऐसे में कल्पना कीजिए कि मुझे कितनी परेशानी हो रही होगी, लेकिन मैं बच गया और चीजें बेहतर हो रही हैं। अगर लोग एथलीटों को फंड देते हैं, तो इससे देश में खेल को फलने-फूलने में मदद मिलेगी। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे विराट से समर्थन मिला।

---

# पूरा देश राममय : पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने कहा, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से 11 दिन पूर्व मेरा व्रत चल रहा है.**



एजेंसी

**अमरावती** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश में कहा कि आजकल पूरा देश राममय है. महात्मा गांधी भी रामराज्य की बात करते थे. पीएम मोदी ने कहा,रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से 11 दिन पूर्व मेरा व्रत चल रहा है. आजकल पूरा देश राममय है. प्रभु राम का जीवन विस्तार, उनकी प्रेरणा और आस्था भक्ति के दायरे से कहीं ज्यादा है. प्रभु राम समाज जीवन में सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो आपके संस्थान के लिए भी बहुत बड़ी प्रेरणा बन सकते हैं. उन्होंने राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी का उद्घाटन करने के बाद कहा,भगवान राम भरत से कहते हैं कि मुझे विश्वास है तुम कामों को बिना समय गंवाए पूरा करते हो जिसमें लागत कम है. पिछले कई सालों में हमारे सरकार ने लागत पर ध्यान दिया है. पीएम मोदी ने कहा कि रामराज्य सुशासन 4 स्तंभों पर खड़ा था. ये चार स्तंभ- जहां सम्मान से बिना भय के हर कोई सिर ऊंचा कर चल सके, जहां हर नागरिक के साथ समान व्यवहार हो, जहां कमजोर की सुरक्षा हो और जहां धर्म यानी कर्तव्य सर्वोपरि हो.

जनता ही राजा है. सरकार जनता की सेवा करती है. पीएम मोदी ने कहा, हमने जीएसटी के रूप में देश को एक नई आधुनिकता दी. 7 लाख तक हमने टैक्स पर छूट दी. इससे करीब ढाई लाख करोड़ की टैक्स की बचत की गई है. आज जब देश का टैक्स देने वाला ये देख रहा है कि उसके टैक्स का सही इस्तेमाल हुआ है तो वो भी आगे बड़ कर कर दे रहा है. हमने जो कुछ भी जनता से लिया वो ही जनता को समर्पित कर दिया. यही तो सुशासन है.

#### पिछले 9 वर्षों के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश में नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि हमारी सरकार के पिछले 9 वर्षों के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, जिस देश में दशकों तक गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते रहे, उस देश में सिर्फ 9 वर्ष में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले के पलासमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि एनएसीआईएन का यह नया परिसर सुशासन के लिए नए आयाम बनाएगा और भारत में व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कर प्रणाली में बहुत बड़े सुधार किए, जिसके परिणामस्वरूप रिकॉर्ड कर संग्रह हुआ है। उन्होंने कहा, पहले देश में भांति-भांति की टैक्स व्यवस्थाएं थीं, जो सामान्य नागरिक को जल्दी समझ में नहीं आती थीं। पारदर्शिता के अभाव में ईमानदार करदाता को, व्यापार से जुड़े लोगों को परेशान किया जाता था। हमने जीएसटी के रूप में देश को एक आधुनिक व्यवस्था दी। उन्होंने आगे कहा, सरकार ने आयकर प्रणाली को भी आसान बनाया। हमने देश में फेसलेस कर निर्धारण प्रणाली को शुरू किया। इन सारे सुधारों के कारण आज देश में रिकॉर्ड कर संग्रह हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अतीत में हमारे यहां प्रोजेक्ट्स को अटकाने, लटकाने और भटकाने की प्रवृत्ति रही है, जिस कारण से देश को बहुत नुकसान हुआ है। बीते 10 वर्षों में हमारी सरकार ने लागत का ध्यान रखा है और योजनाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया है। पिछले 10 वर्षों में गरीब, किसान, महिला व युवा इन सबको हमने सशक्त किया है। हमारी योजनाओं के केंद्र में वही लोग सर्वोपरि रहे हैं, जो वंचित थे, शोषित थे, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े थे। उन्होंने एनएसीआईएन की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि एनएसीआईएन का रोल देश को एक आधुनिक पारिस्थितिकी तंत्र देने का है। एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र जो देश में व्यापार-कारोबार को आसान बना सके। भारत को वैश्विक व्यापार का अहम सहयोगी बनाने के लिए फ्रेंडली माहौल बना सके। टैक्स, कस्टम, नारकोटिक्स, जैसे विषयों के माध्यम से देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रमोट करे और गलत प्रैक्टिस से सख्ती के साथ निपटे।

---

## छत्तीसगढ़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, हथियारों का जखीरा बरामद



एजेंसी

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में पुलिस के संयुक्त दल की मंगलवार को नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में कुछ नक्सली पकड़े गए हैं जबकि कुछ नक्सली घायल हो गए हैं। इस दौरान नक्सलियों के हथियारों का जखीरा भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल के जवान घटनास्थल से लौट रहे हैं।उन्होंने बताया कि बीएसएफ और नारायणपुर पुलिस की संयुक्त टीम नक्सलियों के हथियार बनाने वाली जगह माड़ क्षेत्र तक सर्चिंग करते हुए पहुंच गई थी। जवानों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। जवानों का दबाव बढ़ता देख नक्सली वहां से भाग खड़े हुए। कुछ नक्सली पकड़े गए हैं, जबकि कुछ के घायल होने की खबर है।पखांजूर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ल के अनुसार इस संयुक्त कार्रवाई में जवानों को बड़ी सफलता हासिल हुई है। जवानों ने नक्सलियों का हथियार बनाने का कारखाना ध्वस्त कर दिया, जो कि टेकमेटा और कोंगे के वन क्षेत्र में था। नक्सलियों के ठिकानों से भारी मात्रा में देशी रॉकेट लांचर बरामद किए गए हैं। कई नक्सलियों के मारे जाने की भी आशंका है।

## सीट बंटवारे का समाधान जल्द निकल जायेगा : राहुल




एजेंसी

**कोहिमा** : भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे का जल्द समाधान निकल जाएगा। उन्होंने इस दौरान दावा किया कि विपक्षी गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देगा। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों के बीच आपसी सम्मान और स्नेह हैं, जो एक वैचारिक गठबंधन हैं। यह गठबंधन भाजपा, आरएसएस के विचारों का विरोध करता है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान नागालैंड में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में हैं। सभी सहयोगी दल आपस में बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल सीट बंटवारे के मुद्दे पर चर्चा की जा रही है, मुझे लगता है कि जल्द ही आप लोगों को एक अच्छी खबर मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि यह कोई मुद्दा नहीं है, इसका समाधान जल्द निकाला जाएगा। नीतीश कुमार की नाराजगी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कोई भी नाराज नहीं है, मीडिया इससे जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रही है। मीडिया बैठक के गठबंधन का भाईचारा नहीं दिखाता है। एक मुद्दा उठाकर मीडिया इसे बड़ा मुद्दा बना देती है। गौरतलब है कि राहुल गांधी का यह बयान उस समय आया जब इंडिया गठबंदन में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर कई दौर की बैठकें हो रही हैं। राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हम जीत हासिल करेंगे। 2024 के आम चुनाव में हम भाजपा को करारी शिकस्त देंगे। बता दें राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर के थौबल से शुरू होने के बाद सोमवार शाम को नागालैंड पहुंची।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में सर्वे पर लगी रोक



एजेंसी

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के संबंध में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मस्जिद का सर्वेक्षण करने के लिए आयुक्त नियुक्त करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। हालांकि, कोर्ट ने कहा है कि अदालत मामले की सुनवाई जारी रखे। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी की तरफ से दायर की गई एक विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के 14 दिसंबर के आदेश पर रोक लगा दी। गौरतलब है कि अपने आदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक एडवोकेट कमिश्नर (कोर्ट कमिश्नर) नियुक्त करने का आदेश दिया था। इस एडवोकेट कमिश्नर को मस्जिद परिसर का सर्वे करना था। मस्जिद कमेटी की तरफ से वकील तसनीम अहमदी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई। वकील ने तर्क दिया कि जब पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत मथुरा मामले को खारिज करने की याचिका अभी तक लंबित है, ऐसे में हाईकोर्ट सर्वे का आदेश नहीं दे सकता। इस पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने तर्क को सही माना और हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का अंतरिम आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। हिंदू पक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की मांग की थी। इस याचिका पर 14 दिसंबर को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया था।

# अयोध्या पर आतंकी हमले का खतरा



एजेंसी

**लखनऊ** : अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार से अनुष्ठान के कार्यक्रम शुरू कर दिए गए हैं। इसी बीच देश की सुरक्षा जांच एजेंसियों ने राम मंदिर के उद्घाटन से पहले आतंकी हमले की साजिश को लेकर यूपी पुलिस को अलर्ट किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक खुफिया एजेंसियों की तरफ से जारी अलर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी अयोध्या में कोई बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। आतंकी यहां पर किसी भी वेशभूषा में आ सकते हैं, लिहाजा कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम किया जाए। खुफिया एजेंसी की इस सूचना के बाद यूपी पुलिस और यहां की लोकल जांच एजेंसी, एटीएस, एसटीएफ, एलआईयू अलर्ट मोड पर आ गयी है। अयोध्या या फिर उससे सटे जनपद, सुलतानपुर, बाराबंकी, गोण्डा, बस्ती और लखनऊ में पुलिस सतर्क है। होटल, गेस्ट हाउस, ढाबा पर चेकिंग की जा रही है। अयोध्या आने वाले सभी मार्गों पर सघन वाहनों की चेकिंग की जा रही है।अयोध्या रेंज के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। जिले में चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। यूपी पुलिस की तरफ से तीन डीआईजी, 17 आईपीएस,100 पीपीएस स्तर के अधिकारी तैनात किए गए हैं। इनके साथ ही 325 इंस्पेक्टर, 800 सब इंस्पेक्टर और एक हजार से अधिक सिपाही की ड्यूटी लगायी गई है। पीएसी की चार कंपनियों को लगाया गया है। इसके लिए 10 हजार से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिन लोगों के दुकान, घर में सीसीटीवी कैमरा लगा है उसे भी पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है।

# विधानसभा के अधिकारियों कर्मचारियों ने किया रक्तदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड विधानसभा में मंगलवार को रिम्स ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्त जांच के प्रबंध भी किये गये थे। कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा के अधिकारियों एवं कर्मियों ने रक्तदान किया।इस दौरान स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने रक्तदान शिविर का निरीक्षण किया एवं रक्तदान करने वाले कर्मियों को रक्तदान से संबंधित प्रमाण पत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो रक्तदान के लिए मेडिकल रूप से फिट हैं, उन्हें समय अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से जरूरतमंदों के सहयोग के साथ शरीर को भी कई फायदे हैं। इस दौरान उनके साथ विस के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर भी उपस्थित थे। रक्तदान शिविर में रिम्स की डॉ0 कविता देवघरिया, डॉ0ऊषा सरोज के अलावा तथा झारखंड विधानसभा औषधालय की मेडिकल टीम ने अहम भूमिका निभाई।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

पलामू/गढ़वा

रांची, बुधवार, 17 जनवरी 2024 | पेज 2


## भाकपा माले कार्यकर्ताओ ने भाकपा माले के महानायक कामरेड महेन्द्र सिंह का मनाया शहादत दिवस



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले अनुमंडल कमिटी के तत्वावधान में मंगलवार को गोसाईबाग के मैदान में भाकपा माले के महानायक कामरेड महेन्द्र सिंह का 19वां शहादत दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ कामरेड महेन्द्र सिंह के तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया.इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कामरेड महेन्द्र सिंह हमेशा शोषित पीड़ित जनता की आवाज को मुखरता से उठाते थे.वे गरीबों की आवाज थे.वे हमेशा संघर्षो में विश्वास करते थे.वक्ताओं ने कहा कि आज हमलोग ऐसे समय मे उनका शहादत दिवस मना रहे है,जब देश व राज्य के सामने फासी वादी , साम्प्रदायिक, कारपोरेट पूरी तरह हावी है.वक्ताओं ने कहा कि सविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिये, बेरोजगारी, महंगाई, भ्र्ष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है.कामरेड महेन्द्र सिंह की अधूरे सपनों को पूरा करने के लिये आंदोलन करने की जरूरत है.समारोह को वरुण बिहारी यादव,कामेश्वर विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, महेन्द्र सिंह,रामचन्द्र उरांव,सदानंद यादव,राजेन्द्र विश्वकर्मा आदि ने सम्बोधित किया. समारोह में लक्ष्मण सिंह,रामशरण सिंह,गणेश बैठा,तेतरी देवी,लक्ष्मी देवी,सोनिया देवी,प्रमिला देवी,आशा देवी,शांति देवी,कृष्णा चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## समारोह पूर्वक मनाया गया बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन



**प्रतिनिधि विश्रामपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर सोरडीहा स्थित जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन समारोह पूर्वक मनाया गया.समारोह का आयोजन बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता के द्वारा किया गया था.कार्यक्रम में सबसे पहले बसपा नेताओं ने केक काटकर मायावती का जन्मदिन मनाया.इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था.जिसका उद्घाटन बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता,प्रमुख संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गीता मेहता,लोस प्रभारी वकील विनोद सोनी व जिलाध्यक्ष अजय भारती ने संयुक्त रूप से किया.राजन मेहता ने कहा कि बहन मायावती ने बहुजन समाज की भलाई हेतु अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है.वे दबे कुचलों की आवाज को बुलंद करती रहती हैं.उन्होंने कहा कि अब बहुजन समाज के लोगों को चाहिए कि पलामू लोकसभा और पलामू प्रमंडल के सभी विधानसभा क्षेत्र के बसपा प्रत्यासियों को जीताकर बहन मायावती को जन्मदिन का तोहफा दें.मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए लगातार देश के सड़कों पर घमू रहे हैं राहुल गांधी : ओबैदुल्लाह



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा पिछले 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुभारंभ किया गया है। उक्त बाते कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 66 दिनों में 6713 किमी दूरी तय करके 20 मार्च को मुंबई में इसका समापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने 110 जिला के साथ- साथ 15 राज्य का भ्रमण करेंगे। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा को लेकर रूट चाट तैयार किया गया है। उस यात्रा को कैंसे सफल करें इसको देखते हुए पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैंठक किया गया है। उन्होंने कहा कि आज देश में नफरत की सरकार चल रही है।इस नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए लगातार देश के सड़कों पर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिनकों न्याय नहीं मिल पा रहा हैं। उनको घर- घर जाकर राहुल गांधी ने न्याय दिलाने भरोसा दिला रहें है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को सफल बनाने के लिए गढ़वा जिला कांग्रेस पार्टी एकजुट है। एक सवाल के जवाब में जिलाध्यक्ष ने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़कर गये उससे पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। दूसरी बात यह है कि जो आरोप लगाया है कि न्याय नहीं मिलना यह गलत है। वर्तमान समय में प्रदेश में प्रभारी हैं। इससे पूर्व पांच साल जिलाध्यक्ष के पद पर काबिज थे।मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक कर जिले में जिले में शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की.समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रों का खाता खोलने, छात्रवृत्ति,पोशाक,पाठ्य पुस्तक मध्यान भोजन,आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये.



**ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर बच्चों व शिक्षकों का अटेंडेंस अनिवार्य रूप से बनवाना सुनिश्चित करें : उपायुक्त**

बैठक में ई-विद्यावाहिनी पर शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति का उपायुक्त रंजन ने प्रखंड वार समीक्षा की. उपायुक्त ने ई विद्या वाहिनी पर छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को लेकर पदाधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं.इस दौरान नवाबाजार, मनातू, पड़वा, छत्तरपुर, व मोहम्मदगंज को विशेष रूप से सुधार लाने की बात कही.इस दौरान कुछ बीपीओ ने ई विद्या वाहिनी पर एंट्री नहीं दिखाई देने की बात कही इसपर उपायुक्त ने एमआईएस को-ऑर्डिनेटर को तकनीकी खामी को दूर करने की बात कही.इसके अलावा विद्यालय विकास अनुदान के उपयोग और विद्यालय के रंग-रोगन की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इस पर ध्यान देकर कार्य कराने का निर्देश दिया.

**15 दिनों के भीतर बच्चों का बैंक खाता खुलवाने के निर्देश**

छात्रों के बीच यूनिफॉर्म वितरण और बैंक अकाउंट खोलने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बचे हुए छात्रों का बैंक अकाउंट जल्द से जल्द खुलवाने का निर्देश दिया है.उन्होंने कहा कि आवश्यक दस्तावेज लेकर छात्रों का बैंक अकाउंट जल्द से जल्द खुलवाया जाए.उपायुक्त ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों से कहा कि कक्षा तीन से आठ तक के जिन छात्रों के बैंक अकाउंट खोलने में परेशानी हो रही है उनके माता-पिता या अभिभावक के खाते में राशि हस्तांतरित करें.उन्होंने सभी संबंधितों को अगले 15 दिनों के भीतर सभी योग्य बच्चों का अनिवार्य रूप से बैंक खाता खोलने के निर्देश दिये.इसी क्रम में वैसे पारा शिक्षक जिनका सभी स्तर का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूर्ण हो गया है उन सभी का सेवा संपुष्टि में तेजी लाने की बात कही.वहीं कस्तूरबा विद्यालयों में विभिन्न तरह की सामग्री आपूर्ति को लेकर टेंडर प्रक्रिया में देरी करने को लेकर एपीओ को सख्त चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के भीतर टेंडर प्रक्रिया करवाने को लेकर निर्देशित किया.वहीं उपायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान बच्चों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई और कोर्स पूरा करने पर ध्यान देने को विशेष निर्देश शिक्षकों और शिक्षा पदाधिकारियों को दिया.मौके पर सहायक समाहर्ता रवि कुमार जिला शिक्षा अधीक्षक,जिला शिक्षा पदाधिकारी,सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अकाउंटेंट,बीपीओ,विभिन्न वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे।

## अबूआ आवास के लाभुक चयन हेतु की गई ग्राम सभा में भारी अनियमितता का आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के चितविश्राम पंचायत की बीडीसी मृदुला द्विवेदी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर अबूआ आवास के लाभुक चयन हेतु की गई ग्राम सभा में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है.बीडीओ को दिये आवेदन में उन्होंने लिखा है कि अबुआ आवास के लिये गरीब ,असहाय, विधवा, दिव्यांग व जरूरतमंद लाभुकों का चयन ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम सभा में ही करना था,लेकिन प्रखंड कर्मी एवं जनप्रतिनिधि के द्वारा केवल अबुआ आवास के नामित सूची को पढ़वा कर एवं ग्राम सभा में उपस्थित सभी लोगों का हस्ताक्षर एवं अंगूठे का निशान लगवा कर ग्राम सभा रजिस्टर को अपने कब्जे में ले लिया गया. उन्होंने कहा है कि मनमानी तरीके से लाभुकों का चयन किया जा रहा है जो चितविश्राम पंचायत के गरीब, असहाय, विधवाओं एवं दिव्यांगों के साथ सरासर अन्याय हुआ है.उन्होंने पुनः ग्राम सभा कराकर ग्राम सभा के माध्यम से जरूरतमंद लाभुकों का चयन ग्राम सभा में ही करने का अनुरोध किया है।

## शहर के लिए वरदान है द हेयर स्पीक पार्लर : अरुणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पार्लर का उद्घाटन करते हुए कहा पलामू जिले में जिस प्रकार व्यवसाय, उद्योग धंधा का लगातार विस्तार हो रहा है ठीक उसी प्रकार पार्लर के व्यवसाय भी उभर रहे। बाहर से भी युवा एंटरप्रेन्योर पलामू में आकर अच्छे ब्रांड के साथ व्यवसाय को विस्तार देना चाहते उसी का जीता जागता उदाहरण ÷द हेयर स्पीक÷ है। ऐसे व्यवसाय से जहां व्यवस्थापक व्यवसाय करते वही कई महिला पुरुष को रोजगार मिलता इसके लिए मैं पार्लर की पूरी टीम को बधाई देती हूं।संस्था के व्यवस्थापक आशीष पांडे ने कहा कि पलामू शहर के लिए यह एक वरदान है। हम सभी को अपनी



सौंदर्य का खास ख्याल रखना चाहिए जिसमें बालों की भूमिका आम होती है। हमारे यहां बालों के स्पेशलिस्ट एवं बाहर के उच्च गुणवत्ता वाले कारीगर भी है।हम महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण करके दिखाएंगे। उद्घाटन के अवसर पर दीपक तिवारी ने कहा इस पार्लर में बड़े-बड़े महानगरों जैसी सुविधा उपलब्ध है। आप पूरे पलामू के शौकीन लोगों से मैं कहूंगा एक बार जरूर यहां आए और सेवा का मौका दें। मौके पर बॉडी फिटनेस जिम के ओनर भास्कर दुबे, बिट्टू पांडे, पड़वा थाना प्रभारी नकुल कुमार, पुष्कर पांडे, गोपी पांडे, भास्कर दुबे, आशीष पांडे, धीरेंद्र पांडे ,आनंद पांडे आदि उपस्थित थे।

## शिक्षक पुत्री प्रियांशु का हुआ बीपीएससी में चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा :** पीपरा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय बिश्रामपुर पिठोरा के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार उपाध्याय की पुत्री प्रियांशु कुमारी 68वीं बिहार लोक सेवा आयोग के परीक्षा में अपने प्रथम प्रयास में ही सफलता का परचम लहराकर पूरे शिक्षक समाज को गौरान्वित होने का मौका दिया है।इस परीक्षा में इनका 181वां रैंक प्राप्त हुआ है। जिसके कारण इन्हें आपूर्ति पदाधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पद पर चयन होने का मौका मिला है।इनकी माता एक कुशल गृहणी एवं पिता झारखंड सरकार में सरकारी शिक्षक है। इनकी शिक्षा डाल्टेनगंज (मेदिनीनगर)से पूरी हुई है.इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता एवं गुरु के साथ-साथ अपने प्रतिदिन की कड़ी मेहनत को दीं हैं।उनके माता-पिता मूल रूप से बिहार



राज्य के औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड के उपाध्याय बीघा के रहने वाले हैं,इनका निवास मेदिनी नगर में भी है। यह मात्र 22 साल में इस परीक्षा को उत्तीर्ण की है।उनकी सफलता पर हरिहरगंज और पिपरा के सभी शिक्षक हर्ष व्यक्त करते हुए प्रियांशु कुमारी, उनके पिता श्री उपाध्याय एवं माता जी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाई दिए हैं।बधाई देने वालों में शिक्षक प्रतिनिधि संतोष कुमार राय, नरेंद्र पान्डेय, पुषेन कुमार, विनोद कुमार सिंह,विपिन कुमार, दुर्गेश कुमार,नीरज पाठक, मृत्युंजय सिंह, श्रीनाथ सिंह शशिकांत त्रिपाठी, चन्द्रदेव राम, अजय कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, संतोष कुमार गुप्ता,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश जी, पारा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अविनाश रंजन मंटू एवं प्रखंड अध्यक्ष सीद्धी कुमार सिंह, हरिहरगंज के टेट सफल पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार आदि सैकड़ों शिक्षक शामिल हैं।

## जपला-नबीनगर पथ का हुआ शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद की सबसे महत्वपूर्ण जपला नबीनगर पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि काफी प्रयास के बाद झारखंड सरकार ने जपला नबीनगर मुख्य पथ के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण को स्वीकृति दी है। 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण 49 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की करीब सभी महत्वपूर्ण सड़को को दुरुस्त कर दिया गया है। कुछ ग्रामीण सड़को की निविदा निकल चुकी है। वर्ष 2024 में सभी सड़कों को दुरुस्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पथ की चौड़ाई 5.50 मीटर होगा। जबकि सड़क निर्माण कार्य 18 महीना में पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य सड़को का भी शिलान्यास कर कार्य शुरू कराया जाएगा। विधायक सिंह ने कहा कि इस सड़क के निर्माण हो जाने से हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के अलावा बिहार के औरंगाबाद जिला के लोगों को भी लाभ होगा। विधायक ने इशारे इशारे में विरोधियों पर प्रहार करते हुए कहा कि अब भी जिन्हे विकास नहीं दिख रहा है,वह अपनी आंखों का ऑपरेशन करा लें। उपस्थित लोगों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक का आभार जताया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह के अलावा एनसीपी कार्यकर्ता व जनता उपस्थित थे।

## ह्रदय रोग की सर्जरी कराकर लौटे जनेश्वर राम को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार(पलामू):** नौडीहा बाजार प्रखंड मे संचालित रविदास विकास समिति के द्वारा ग्राम बारा निवासी सेवा निवृत शिक्षक जनेश्वर राम को विगत कई माह से ह्रदय रोग से पीड़ित थे,उन्हें उतर प्रदेश के कानपुर मे हार्ट का सर्जरी कराकर अपने घर लौटे तो उनकी आवास पर गत रविवार के रविदास विकास समिति के अध्यक्ष के आलावा सभी पदाधिकारी और सक्रिय सदस्यगणों ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर लम्बी उम्र के लिए कामना किया।मौके पर मौजूद समिति के अध्यक्ष राम गाविंद राम ने बताया कि हर समुदाय के लोगों की मदद करते है। वही पर मौजूद मुखिया संघ के उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र कुमार भारती ने कहा कि रविदास विकास समिति के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है और समिति के विकास और संगठन के मजबूती के लिए आर्थिक, मानसिक और शारीरिक के साथ योगदान दिया और देते रहेंगे। मौके पर समिति के संरक्षक श्री जुदागिर राम शिक्षक,उपाध्यक्ष गोपाल राम शिक्षक, सचिव कृष्णा कुमार रवि,कोषाध्यक्ष जगदीप कुमार राम शिक्षक,राम प्रवेश कुमार शिक्षक,अम्बिका कुमार,विष्णुपत कुमार शिक्षक,समाज सेवी लक्ष्मण राम,पत्रकार विश्वप्रेम कुमार -विनय कुमार और उमेश कुमार के आलावा विंदेश्वर राम शिक्षक,नगीना राम शिक्षक समेत सभी सदस्य और काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## अभिमन्यु सिंह ने दो हजार जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**प्रतिनिधि विश्रामपुर (पलामू):** युवा बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने मंगलवार को विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 18,19 व 20 में अपनी ओर से दो हजार लोगों के बीच कंबल वितरित किया.वृद्ध महिलाओं, पुरुषो और दिब्यांगों को बबलू सिंह ने अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया.उन्होंने कहा कि गरीबी में पला बढ़ा हूं.गरीबों का दर्द खूब समझता हूं.इसलिए गरीबों का दर्द बांटने का प्रयास करते रहता हूं.उन्होंने क्षेत्र की भलाई हेतु राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन का अपील करते हुए कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र से अंजू सिंह को एक बार अपना आशीर्वाद प्रदान करें.मौके पर बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी,सलीमुदीन अंसारी,राहुल दुबे,प्रवीन सिंह,श्यामबिहारी विश्वकर्मा,उस्मान अंसारी, शदानंद शुक्ला,रामजी यादव,विजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस के प्रदेश सचिव व ओबीसी के जिलाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** कांग्रेस के प्रदेश सचिव अरविंद तुफानी, जिला कमिटी के दो व एनएसयुआई के जिला महासचिव सहित चार लोगों ने कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य व संगठन के सभी पदों से इस्तीफा की कॉपी प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया है। कांग्रेस नेताओं ने इस संबंध में पत्रकार वार्ता आयाजित कर त्याग पत्र दिए जाने की घोषणाकी है। प्रदेश सचिव रहे अरविंद तुफानी ने पार्टी व नेताओं पर कई आरोप भी लगाएं है। साथ ही झारखंड सरकार के कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न उठाए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले वाली पार्टी नहीं रही। वर्तमान में कांग्रेस में अनुसचित जातिदलितों के साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। कांग्रेस के संगठन विस्तार जैसे जिलाध्यक्ष, प्रदेश समिति सदस्यों के नियुक्ति में समर्पित अनुसचित जाति के लोगों को उचित मान सम्मान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में 1300 वोट लाने वाले व्यक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बने हुए है। उन्होंने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार की स्थिति ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री ईडी के लगातार सम्मन मिलने के बाद भी ईडी कार्यालय नहीं पहुंच रहे है। जबकि कानून व्यवस्था सभी के लिए बराबर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में पिछले 30 वर्षो से लगातार सेवा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1993 में एनएसयू से जुड़ा था। उसके बाद वर्ष 2003 में यूथ कांग्रेस से जुड़ा उसके बाद वर्ष 2008 में कांग्रेस



का जिलाध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने कहा कि पार्टी में उचित मान सम्मान नहीं मिल रहा था इसी को देखते हुए पार्टी से त्याग पत्र दिये है। प्रदेश सचिव के साथ कांग्रेस के जिला महामंत्री त्रिपुरारी सिंह,जिला सचिव राजू प्रसाद, एनएसयुआई के जिला महामसचिव अंकित मिश्रा ने भी त्याग पत्र दिया है। इधर कांग्रेस के ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष मारूत नंदन सोनी ने भी पार्टी को त्याग पत्र भेज दिया है।

**क्या भाजपा का दामन थामेंगे अरविंद**

कांग्रेस के प्रदेश सचिव अरविंद तुफानी कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य व संगठन से इस्तीफा दे दिये है। इनके इस्तीफा देने के बाद अरविंद कौन सी पार्टी में शामिल होंगे यह समय बताएगा । लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अरविंद तुफानी भाजपा में शामिल होने जा रहे है। जानकारी मिली है कि एक दो दिन के अंदर में अरविंद तुफानी भाजपा का दामन थाम लेंगे।

# मुखिया व पंचायत सचिवो का एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** उपायुक्त के निर्देश पर सबकी योजना, सबका विकास अभियान 2023 के सफल संचालन एवं बाल सभा एवं महिला सभा के मार्गदर्शिका को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिवों एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी विकास जायसवाल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण हेतु सभी ग्राम पंचायतो में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर, सभी संबंधित विभागों की उपस्थिति सुनिश्चित करने संबंधित विभागों की योजनाओं एवं राशि के संबंध मे जानकारी दिया.कार्यशाला में सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु बाल सभा, महिला सभा का आयोजन क्यों आवश्यक है कि जानकारी दिया. उन्होंने बताया कि महिला सभा एवं बाल सभा के सफल आयोजन हेतु मार्गदर्शिका विभाग स्तर पर तैयार किया गया है. उक्त मार्गदर्शिका के अनुरूप महिला सभा एवं बाल सभा के आयोजन हेतु सभी मुखिया को विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया.कार्यशाला में पंचायत राज पदाधिकारी ने उपस्थित मुखिया एवं पंचायत सचिवों को



महिला सभा आयोजित करने के पूर्व की गतिविधियां, महिला सभा की कार्रवाई, महिला सभा का समय सारणी के अंतर्गत परिचय, खेल का आयोजन, ग्राम पंचायत विकास योजना क्या है, संबंधित विषय में महिलाओं को प्रभावित करने वाली समस्याओं की पहचान एवं कार्य योजना का निर्माण, समेकन, महिला सभा योजना, समेकन प्रपत्र सहित विभिन्न विन्दुओ की विस्तृत रूप से जानकारी दिया. कार्यशाला में प्रधान कार्यालय सहायक अनिल सिंह, मुखिया उषा देवी, रेखा कुमारी, सुशीला देवी, विवेक कुमार,ओम प्रकाश उरांव, मनोज कुमार ठाकुर, सुनीता देवी, फिरदोस अंसारी, पंचायत सेवक बिरेन्द्र सिंह, नंद कुमार मेहता, कुमारी सीमा, सरोति कुमारी, अमन कुमार केशरी सहित सभी मुखिया एवम पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## ज्ञान महायज्ञ बिश्रामपुर प्रखंड के गुरी मे निकाला भव्य कलश यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिश्रामपुर संवादाता :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित गुरी ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का निकाला भव्य कलश यात्रा यह कलश शोभा यात्रा, गुरी ग्राम से बाजे गाजे के साथ राजहरा(झरना) शिव मंदिर तक गई, जहां उपस्थित अचार रमाकांत पाठक व विनोद पाठक के द्वारा, वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया, प्रभु श्री राम के जय घोष के साथ यज्ञ मंडप तक शोभायात्रा पहुंचा, यह कार्यक्रम रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा आयोजन कराई गई है, यह ज्ञान महायज्ञ की शुरुआत 16 जनवरी से लेकर 24/1/2024 तक कार्यक्रम चलेगी, इस ज्ञान महायज्ञ में कथावाचक मुक्तिधाम श्रीमद् भागवत कथा गौरव कृष्ण पाठक के द्वारा लोगों को प्रभु की गुणगान की रसपान करायी जाएगी, वही इस कार्यक्रम के करता धर्ता मिथिलेश कुमार मिश्रा ने बताया, यह आयोजन पहली बार कराई जा रही है, और इसी तरह हर साल कराई जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से क्षेत्रीय जनता को इस कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है। मुख्य रूप से कलश यात्रा में सम्मिलित, समाजसेवी अशोक पांडे, कांग्रेसी वरिष्ठ नेता संतोष कुमार चौबे, उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र( गुड्डू) शुक्ला,तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, विजय मिश्रा, सोनू तिवारी काफी संख्या में इलाके से लोग इस शोभायात्रा में सम्मिलित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 60 कंबल का वितरण किया गया

**रांची।** सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर के बैनर तले सोमवार को मोहनपुर में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया।हर साल की तरह इस साल भी कंपकपाती ठंड को देखते जमात ए इस्लामी हिन्द ऑर्गनाइजेशन की गिरिडीह शाखा के द्वारा 60 कंबल का वितरण किया गया।कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मुस्तफा अंसारी शरीक हुए।अतिथियों के हाथों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर की सफ़ाई कर स्वच्छता अभियान चलाया

**रांची ।** लालपुर स्थित वीर हनुमान मंदिर की भाजपा नेताओं ने साफ सफाई की 22 जनवरी को पूरे लालपुर चौक की साज सज्जा करने एवं लड्डू प्रसाद भोग बांटने का निर्णय लिया । इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अजय राय, जिला उपाध्यक्ष बसंत दास ,पूर्व मीडिया प्रभारी बजरंग वर्मा , पूर्व पार्षद अभय कुमार सिंह, लालपुर उपाध्यक्ष मुन्ना गुप्ता , भाजपा नेता धनंजय सिंह , के के सिंह बृजेश तिवारी सहित कई गण मान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि हम सब 22 जनवरी का इन्तज़ार कर रहे है , जब भगवान पुरुषोत्तम राम की प्राण प्रतिष्ठा के हम गवाह बनेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता पूरे देश के अंदर स्वछता अभियान चला रहे हैं इसी के तहत हम सब भी जुटे हुए हैं इस अभियान को सफल बनाने में ।




# जर्मनी ने चेक रिपब्लिक को 10-0 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर मैच खेला गया। इसमें जर्मनी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आखिरी लीग मैच में चेक रिपब्लिक को 10-0 से मात दी। जर्मनी की टीम 3 मैच में 2 जीत चुकी है। अबतक एक भी मैच नहीं हारी और एक मैच डॉ रहा। 7 प्वाइंट के साथ जर्मनी टीम पूल ए में टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंच गई है । पूरे मैच में जर्मनी ने एक के बाद एक 9 गोल दाग दिए। जर्मनी की ओर से सोनजा जिमरमैन ने तीन गोल, जीते फ्लेसचुट्ज ने दो, चार्लोट स्टेपनहोर्स्ट ने दो, कप्तान नाइक लेरेंज, सेसिल पीपर और सेलिन ओरूज ने एक-एक गोल दागे। मुकबले में जर्मनी को 15 पेनाल्टी कॉर्नर मिले। जिसमें तीन को गोल में तब्दील कर पाए। जर्मनी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 5 फील्ड गोल दागे, वहीं 2 गोल टीम ने पेनाल्टी स्ट्रोक से कर दर्शकों का दिल जीत लिया।



**चिली और जापान के बीच भिंड़त :** चिली और जापान के बीच मुकाबला हुआ , जापान ने चिली को 2-0 से हराया।जापान की ओर से उराता और हेसीगावा ने एक-एक गोल किया। प्लेयर ऑफ द मैच हजउकई नागई को दिया गया।जापान भी सेमीफाइनल में पहुंचा।

**यूएसए और न्यूज़ीलैंड 1/0 से विजयी:** यूएसए और न्यूज़ीलैंड के बीच खेले गए दिन के तीसरे मुकाबले में यूएसए 1/0 से विजयी हासिल की। यूएसए की ओर से येगर एलिजाबेथ ने एकमात्र गोल किया।प्लेयर ऑफ द मैच जमीर मैडलीन युएसए । इसके बाद इंडिया और इटली के बीच खेला गया है।

### झारखंड कांग्रेस के प्रभारी से मिले मंजूर अंसारी

# उर्दू शिक्षकों का पद समाप्त करने के षड्यंत्र का किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अलपसंख्यक विभाग झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा उर्दू शिक्षकों के पद समाप्त करने के षड्यंत्र का पुरजोर विरोध किया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर से एआईसीसी दिल्ली में मुलाकात कर इस मुद्दे को उठाया। श्री अंसारी ने कहा कि उर्दू शिक्षकों के पदों को समाप्त किया गया तो झारखंड अल्पसंख्यक कांग्रेस इसके विरोध में पूरे राज्य में आंदोलन करेगी। राज्य के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। श्री अंसारी ने बताया कि झारखंड प्रभारी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और उचित कारवाई करने का आश्वासन दिया है। प्रदेश प्रभारी से प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने झारखंड लोकसभा चुनाव में दो टिकट अल्पसंख्यक समुदाय को देने की मांग रखा। जिस पर प्रभारी द्वारा गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है।



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी संगठन महासचिव सह प्रवक्ता अख्तर अली और प्रदेश प्रवक्ता डॉ0 इलियास मजीद ने कहा कि झारखंड राजकीयकृत प्रारंभिक विधालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 के बहाने उर्दू शिक्षकों के 3712 पदों को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है जिसका प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस विरोध करती है श्री अब्दुल करीम अख्तर एवं डॉ. इलियास ने तत्काल इस काले नियमावली को समाप्त करने और शीघ्र ही 3712 उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है। झारखंड सरकार के उर्दू विरोधी नीति का विरोध गुलाम रब्बानी और आरिफ़ खान ने भी किया है।

## कोलकाता से रांची आ रही शिवम् बस में लाखों रुपए की लूट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** कोलकता से रांची आ रही शिवम् नामक बस में मंगलवार को सुबह 5-6 बजे के बीच तीन सब्जी व्यपारियों से करीब 18 लाख पचास हजार रुपए लूट लिए गए । अपराधियों ने हथियार के बल पर बस में बैठे तीन सब्जी व्यापारियों से लूटपाट की घटना अंजाम दशम फॉल थाना क्षेत्र में किया गया है। बताया गया कि अपराधियों ने हथियार के बल पर बस में बैठे तीन सब्जी कारोबारी से उनके पैसे से भरा बैग लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी पैदल ही बस से उतरकर फरार हो गए। शुरुआत में बताया जा रहा था कि 40 लाख की लूट हुई है। बताया जा रहा है कि बस के अंदर करीब 38 यात्री बैठे थे। लेकिन अपराधियों ने हथियार के बल पर बस को अपने कब्जे में लिया और तीन सब्जी कारोबारी से उनके पैसे भरे बैग लूट लिए। एक व्यापारी से साढ़े चार लाख,दूसरे से 6 लाख और तीसरे से आठ लाख रुपए लूटे जाने की बातें सामने आ रही है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया घटना के बाद पुलिस अपराधियों की खोजबीन में जुटी है।

## प्रारम्भिक विद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति तिथि से ग्रेड-01 की स्वीकृति : डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी -सह-जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, मिथलेश केरकेट्टा एवं जिला शिक्षक स्थापना समिति के सभी पदाधिकारी और सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

**जिला शिक्षक स्थापना समिति के बैठक में निम्न निर्णय लिए गए:** सेवा मुक्त शिक्षकों को पुनः बहाल करने के लिए कुल-03 शिक्षकों न्यायालय के आदेश के आलोक में बहाल करने का निर्णय लिया गया। शिक्षक/शिक्षिकाकों के



अवकाश स्वीकृती प्रदान करने पर कुल-01 शिक्षिका के अवकाश की स्वीकृति का निर्णय लिया गया।*प्रारम्भिक विद्यालयों के शिक्षक की सेवा संपुष्टी के सम्बंध में कुल-05 शिक्षकों का सेवा संपुष्टी करने का निर्णय लिया गया।प्रारम्भिक विद्यालयों के शिक्षक की नियुक्ति तिथि से (ग्रेड-01) की स्वीकृति हेतु निर्णय लिया गया। विगत 05 वर्षो से अनुपस्थित शिक्षिका से दूसरा कारण पृच्छा करने का निर्णय लिया गया। आरोप मुक्त शिक्षक को विभागीय कार्रवाई से मुक्त करने से सम्बंधित निर्णय लिया गया। प्रशासनिक दृष्टिकोण से अन्यत्र प्रतिनियोजन करने में कुल-01 शिक्षक को अन्यत्र प्रतिनियोजन करने का निर्णय लिया गया। विगत 05 वर्षो से अनुपस्थित गैर अनुसूचित जिला से अनुसूचित जिला में अवमानना वाद सख्या-612/2022 माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में पुनः वाद दायर करने वालें 33 वादियों का स्थानांतरण से सम्बंधित निर्णय लिया गया।

## पूजित अक्षत से निमंत्रण अभियान संपन्न : डॉ बीरेंद्र साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त अयोध्या से आया पूजित अक्षत के द्वारा 15 दिवसीय निमंत्रण अभियान के अंतिम दिन में कार्यकर्ताओं ने घर-घर, गली-गली जाकर लोगों को निमंत्रित किया।

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बीरेंद्र साहू ने कहा अयोध्या से आया पूजित अक्षत एवं नूतन मंदिर के चित्र के माध्यम से 15 दिवसीय निमंत्रण कार्यक्रम का आज संपन्न हो गया। आज दिन भर कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश व हर्षोल्लास के साथ झारखंड प्रांत के सभी नगरों एवं गांवों के घर-घर जाकर निमंत्रण देकर आगामी 22 जनवरी को

**विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बीरेंद्र साहू ने कहा अयोध्या से आया पूजित अक्षत एवं नूतन मंदिर के चित्र के माध्यम से 15 दिवसीय निमंत्रण कार्यक्रम का आज संपन्न हो गया।**

मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद संध्या बेला में दीपोत्सव करने का अनुरोध किया गया। डॉ साहू ने कहा निमंत्रण अभियान आज पूर्ण हुआ, अब पूजन- अनुष्ठान एवं दीपोत्सव की तैयारी की जाएगी।अभियान के तहत रांची के प्रथम महापौर उदय प्रताप सिंह, बाल्मीकि नगर संघचालक रमेश सिंह सहित दर्जनों परिवारों के बीच पूजीत अक्षत के द्वारा निमंत्रण दिया गया।

# अवर सचिव के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पंडरा ओपी पुलिस ने फरार चल रहे अवर सचिव अनिल कुमार सिंह के घर पर पुलिस ने मंगलवार को इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने सरेंडर नहीं करने पर कुर्की जब्ती की भी चेतावनी दी है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पंडरा ओपी की पुलिस ने बिहार के छपरा जिला स्थित अनिल सिंह के आवास पर इश्तेहार चिपकाया है। पंडरा में आदिवासी जमीन को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने के मामले में



पूर्व सीओ अनिल कुमार सिंह के खिलाफ 12 दिसंबर 2023 वारंट जारी हुआ था। इस मामले में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने डोरंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले चंद्र भूषण सिंह सहित अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था। इन सभी पर आरोप है कि हेहल सीओ अनिल कुमार के सहयोग से करीब साढ़े चार एकड़ आदिवासी जमीन को संजय साहू नाम के व्यक्ति से रजिस्ट्री करा लिया था। इस मामले में भूषण प्रसाद सिंह सहित अन्य के खिलाफ पंडरा ओपी में बीते 24 मई 2017 को कांड संख्या 260 /17 दर्ज किया गया था।

# कांटाटोली सड़क के बीचों बीच बना गड्ढा हो सकता है जानलेवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** कांटा टोली चौक से लोवाडीह की ओर जाने वाले रांची टाटा मार्ग पर जैसे ही आप कांटा टोली चौक से लोवाडीह की ओर आगे बढ़ेंगे तो मौलाना आजाद कालोनी से पहले पुल है इसी पुल और कांटा टोली चौक के बीच स्थित यूनियन बैंक के ठीक 10 कदम आगे अपोजिट साइड में सड़क के बीचो-बीच एक बड़ा सा गड्ढा है जो पिछले कई महीनो से दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है । इस दौरान



कई छोटी बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है। बावजूद इसके पद परिवहन विभाग, यातायात पुलिस प्रशासन द्वारा इस पर गंभीरता नहीं दिखाई गई है। कुछ महीना पहले हमने खबर छापी थी तो जिला परिवहन विभाग के द्वारा उसमें सीमेंट की ढलाई वगैरह करा दिया गया था , फिर इसकी स्थिति जस की तस हो गई है और लगातार कई छोटी बड़ी दुर्घटनाएं हो रही है। एक बार कार अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर पर चढ़ गई थी। वहीं पशुओं को भी सड़क पर छोड़ दिया जाता है।

बता दें कि इस मार्ग में बैंक, स्कूल, अस्पताल, सब्जी फुटपाथ सहित भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है।

# पीएलएफआई सुप्रीमो का सहयोगी फिर ईडी के तीन दिनों के रिमांड पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार की पांच दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद मंगलवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने फिर से पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए तीन दिनों की रिमांड अवधि बढ़ने का आग्रह किया। इस पर ईडी के विशेष जज दिनेश राय की कोर्ट ने निवेश से पूछताछ के लिए तीन दिनों की रिमांड ईडी को प्रदान की। इससे पूर्व गत आठ जनवरी को ईडी ने कोर्ट के माध्यम से ईडी ने निवेश को मेमो ऑफ अरेस्टिंग दिया था। इसके बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया था। एनआईए ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में 15 दिसंबर को छापेमारी की थी। इस दौरान एनआईए ने दो आरोपितों निवेश कुमार और सोनू पंडित उर्फ रमण को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़े झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और नई दिल्ली में कुल 23 स्थानों की तलाशी ली थी। इनमें झारखंड में 19 स्थान (गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले), बिहार (पटना जिला) और मध्य प्रदेश (सिद्धि जिले) में एक-एक स्थान और नई दिल्ली में दो स्थान शामिल हैं। एनआईए ने जिन आरोपितों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की, वे सभी झारखंड में पीएलएफआई के कैडर और समर्थक थे। वे हिंसक वारदातों और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। छापेमारी के दौरान दो पिस्तौल, कारतूस (7.86 मिमी) तीन लाख रुपये समेत अन्य सामान बरामद किए गये थे। एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पीएलएफआई के कैडर झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में विभिन्न कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों और व्यापारियों से जबरन वसूली के माध्यम से धन जुटाने में शामिल थे।

## पूर्व विधायक उमरांव साधो कुजूर की जयंती 31 को

**रांची :** नामकुम बाजार टांड़ में पूर्व विधायक उमरांव साधो कुजूर की जयंती 31 जनवरी को मनाई जाएगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष चंदन कुजूर ने मंगलवार को बताया कि खिजरी के पूर्व विधायक स्व. उमरांव साधो कुजूर अपने जीवन काल में हमेशा समाज के सकारात्मक कार्य को दिशा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। साथ ही बालक-बालिका के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा।

# राम ध्वज का वितरण रांची लोकसभा में किया जाएगा : सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ ने अपने आवास पर 1000 लोगों के बीच दिया बाती और राम ध्वज का वितरण किया सांसद सेठ ने कहा पूरे रांची लोकसभा में प्रत्येक पंचायत ,वार्ड, में 5 लाख दिया और रामध्वज का वितरण किया जाएगा जिसकी शुरुआत आज अपने आवास से की । संसद सेठ ने कहा 500 वर्षो के बाद भगवान श्री राम का मंदिर बनकर तैयार है पूरा भारत ही नहीं पूरा विश्व 22 तारीख को राम मय होगा और पूरे देश में दीपावली रामनवमी मनाई जाएगी ।

500 वर्षो के इंतजार के बाद यह शुभ घड़ी आई है। हमारे कितने




पूर्वजों के बलिदान के बाद हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि हम लोगों के सामने भगवान राम विराजमान होंगे । भगवान राम भी 500 वर्षो तक इंतजार किया कि मेरे मंदिर का शुभ उद्घाटन एक महान पुरुष के हाथों होगा जो हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है । सांसद सेठ ने कहा 22 तारीख को स्लम एरिया के लोग भी प्रभु राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में रामध्वज और दिया जलाएं इसी उद्देश्य के साथ दिया बाती और रामध्वज का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष खूंटी के प्रभारी सत्यनारायण सिंह, पूर्व पार्षद रोशनी खलखो, मंडल के अध्यक्ष सुबेशपांडे, संजय पोद्दार, मंटू केसरी, सतीश सिंह ,सुधीर सिंह, आलोक सिंह, सोनू श्रीवास्तव, पीयूष कुमार, राजकुमार साहू ,देवेंद्र होता, अरुण साहू, माला कुमारी ,सोनी कुमारी, कुमुद झा ,राजेश प्रसाद, प्रदीप सिंह, अभय कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 17 से, मंत्री हफीजुल हसन करेंगे उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2023-24 का उद्घाटन 17 जनवरी को राज्य सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री हफीजुल हसन करेंगे। उद्घाटन समारोह में खेल निदेशक सुशांत गौरव, खेल सचिव मनोज कुमार, शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी भी शामिल होंगी। इस बाबत रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के मुख्य प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा, राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवेंदु दुबे, एसजीएफआई की क्षेत्र समन्वयक कनक चक्रधर, झारखंड फुटबॉल संघ के तकनीकी निदेशक नवीन सुंडी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

**1,120 प्रतिभागी विभिन्न प्रतियोगिताओं में आजमाएंगे दांव:** प्रतियोगिता में 21 राज्यों के 1,120 प्रतिभागी विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। इनमें 620 बालक और 500 बालिकाएं




शामिल हैं। ये बच्चे 17 से 19 जनवरी तक होने वाले खेल आयोजनों में भाग लेंगे। जिन खेलों की मेजबानी राज्य को मिली है, उनमें फुटबॉल, साइकिलिंग, खो-खो, स्केटिंग, वुशु, कबड्डी शामिल हैं। प्रतिभागियों के अलावा विभिन्न राज्यों से 117 टेक्निकल टीम भी इस प्रतियोगिता में शामिल होंगी। इनके अलावा 200 शिक्षक और 50 पदाधिकारी भी विभिन्न राज्यों से इस खेल में शामिल होंगे। बच्चों के आवासन की भी विभाग द्वारा समुचित व्यवस्था कर दी गयी है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर होगा उद्घाटन समारोह:** राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर होगा। समारोह में झारखंड के छऊ नृत्य और संथाली नृत्य की प्रस्तुति होगी। साथ ही ढोल वादन होगा। स्कूली बच्चे मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां देंगे। योगासन के माध्यम से भारत की योग शक्ति का प्रदर्शन होगा।

# दोस्त की हत्या मामले में आरोपित दोषी करार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने प्रेम प्रसंग में दोस्त की हत्या करने के आरोपित अनमोल वर्मा उर्फ कांटी को मंगलवार को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी अनमोल वर्मा की सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 19 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। हत्या का यह मामला साल 2019 का है। मामले में सुखदेवनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज हुआ था। आरोपित ने पहले प्रेमिका की हत्या कर रातु रोड स्थित कब्रिस्तान में शव गाड़ दिया था।




इसके बाद अपने दोस्त की भी हत्या कर उसी कब्रिस्तान में गाड़ दिया था। नाबालिग प्रेमिका की हत्या करने के मामले में अदालत पूर्व में अनमोल उर्फ कांटी को आजीवन कारावास की सजा सुना चुका है।

## विधायक ने किया ग्रामीणों के साथ बैठक



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायत कुल्ली के ग्राम भंडरा में गांव के विभिन्न समस्याओ को लेकर ग्रामीणों के साथ मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा एक विशेष बैठक कर गांव की सड़क निर्माण सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा किया गया । बैठक विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भरोसा दिलाया और कहा कि आप लोगों का जो भी समस्या है उसे जल्द निदान किया जायेगा । साथ ही बैठक मे विधायक ने झारखंड सरकार की सरकारी योजनाओं के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारी दिया और साथ ही साथ कहा कि उसका लाभ लेकर आप सभी आत्म निर्भर बनने। मौक़े पर प्रखंड विकास पदाधिकारी इटकी, पंचायत अध्यक्ष राजेश लकड़ा,संजय गोप, विजय महतो, कुलदीप महतो, शिबलाल गोप सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 22 वर्ष के युवक ने की आत्महत्या

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मकर संक्रांति का माहौल मातम में बदल गया। मुरी ओपी थाना क्षेत्र सिल्ली स्टेडियम के समीप ऊपर चट्टानी निवासी मणिलाल कोईरी के पुत्र रवि कोइरी ने दोपहर 3 बजे घर पर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।जानकारी के मुताबिक सूरज अपने एक दोस्त को स्टेडियम के पीछे मैदान में ऑटो चलाने सीखा रहा था। तभी ऑटो असंतुलन हो कर पलट गया। जिससे रवि घर वापस जाने पर उनके परिजनों ने उसे डांट फटकार लगाई।जिससे व अपने घर के रूम पर गया। तथा काफी देर तक वो अपने रूम से नही निकलने पर उसके रूम पर जाकर परिजनों देखा तो उसे पंखे पर लकटते देखा।पुलिस ने शव को कब्जे लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।

## ऑफ़लाइन विद्यापीठ केंद्र का लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत का अग्रणी एड-टेक प्लेटफॉर्म, फिजिक्स वाला (पीडब्लू), एक ऑफ़लाइन पीडब्लू विद्यापीठ केंद्र के उद्घाटन के साथ दुर्गापुर में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है, जो देश भर में शैक्षिक केंद्र स्थापित करने और छात्रों के लिए शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देता है। पीडब्लू के सह-संस्थापक प्रतीक माहेश्वरी ने पीडब्लू विद्यापीठ ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता, मुख्य व्यवसाय सहयोग अधिकारी देबब्रत दास और पीडब्लू के मुख्य शैक्षणिक अधिकारी (सीएओ) रोहित गुप्ता के साथ केंद्र का उद्घाटन किया। पीडब्लू विद्यापीठ दुर्गापुर 11 तकनीक-सक्षम कक्षाओं और 2,500 बैठने की क्षमता के साथ-साथ एक उत्पादक शिक्षण वातावरण के लिए एक पुस्तकालय और स्व-अध्ययन स्थान के साथ उन्नत बुनियादी ढांचा प्रदान करता है।

## मकर संक्रांति पर डीएवी बचरा में कई प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मकर संक्रांति के मौके पर मंगलवार को स्कूल प्रांगण में कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस उपलक्ष में कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवी तक के छात्र-छात्राओं के बीच मकर संक्रांति विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।इस प्रतियोगिता में स्कूल के करीब 148 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।वही कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने आदित्य मिशन विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में करीब 174 छात्र छात्राएं शामिल हुए।वही कक्षा एलकेजी से कक्षा दो तक के बच्चों के बीच पतंग बनाओ पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया,जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि इस तरह के आयोजन कराने का मुख्य उदेश्य स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को अपनी संस्कृति और देश के उपलब्धि के प्रति जानकारी देकर उन्हे जागरूक करना है।उन्होंने कहा कि सीबीएसई के निर्देश पर इस तरह का कार्यक्रम विद्यालय में समय-समय पर आयोजित किया जाता रहा है,जिससे बच्चों में उत्साह देखा जा रहा है।उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और इस तरह के आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की।इस मौके पर स्कूल के सभी बच्चे और शिक्षक मौजूद थे।

# विधायक ने किया बेड़ो देवी मंडप सड़क निर्माण का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** जिला अनाबद्ध निधि अंतर्गत देवी मंडप से टिकरा टोली तक 1720 फीट बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण करके शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वर्षों से गांव के लोगों द्वारा सड़क बनवाने की मांग की जा रही थी, जिसे पूरा किया। इस सड़क के बनने से निश्चित रूप से ग्रामीण लाभान्वित होंगें। उन्होने कहा कि विधायक का काम है जनता के सुख दुख को समझना। इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ें विकास कार्य कराये जा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में लगभग सभी सड़क का पक्कीकरण कार्य पूरा हो रहा है, जिससे हजारों लोग लाभांवित होंगे।

उन्होंने कहा कि सड़क के बन जाने से विधुत सब स्टेशन आने जाने में काफी सहूलियत होगी। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक, प्रखंड अध्यक्ष करमा उराँव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, जिप सदस्य पार्वती कुमारी, बेरोनिका एक्का उपप्रमुख मोददसिर हक, मो शमशाद, मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, मो फहीम, शंभु बैठा, सिल्वेस्टर कच्छप सहित कई लोग मौजूद थे।

# मंदिर आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र होता है : सुदेश महतो





प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** मंगलवार को गोंदली पोखर के श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर निर्माण कार्य आयोजित कर ग्रामीणों के मौजूदगी में मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने शिव मंदिर निर्माण की पहली ईट रख कर आधारशिला रखी। इस दौरान आजसू सुप्रीमो सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मंदिर आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र होता है गांव में शिव मंदिर का निर्माण होने से लोग खुशहाल और समृद्ध होंगे। वहीं ग्रामीण युवकों को बुरी आदतों से निजात मिलेगी। और मंदिर के समीप स्थित बड़ा तलाब का निरीक्षण भी किया।मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामकुमार पाहान, भाजपा नेता सह समाजसेवी नीलकंठ चौधरी, जिला परिषद अनुराधा मुंडा,आजसू नेता प्रकाश लकड़ा रामकृष्ण चौधरी सुकर साहू शिवशंकर केसरी संजय केसरी ज्योतिस महतो रंजीत केसरी हरिकृष्ण चौधरी भाजपा नेता नरेश साहू गोवर्धन महतो , विक्की सोनी, पंकज महतो, सूरज गुप्ता, मनोज चौधरी, किशोर महतो मंटू साहूझबूलाल महतो सचिन केसरी वीरेंद्र भोगता, साहेबराम महतो,अजय महतो पंकज चौधरी विवेक चौधरी राहुल महतो रणधीर महतो अजीत महतो बेनी महतो आदि उपस्थित थे।

# खूंटी में कांग्रेसियों ने समाहरणालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आदिवासी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शिवाजीराव मोघे के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में कोयला खनन के लिए जंगलों की कटाई एवं उक्त जमीनो को आपने नजदीकी लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से एवं आदिवासीयों के अधिकारों का हनन करने के विरोध में समाहरणालय के समक्ष आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष फुलचंद टुटी की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया साथ ही राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया साथ ही राहुल गांधी के झारखंड आने को लेकर तैयारी बैठक सह संगठनात्मक बैठक जिला प्रभारी सुरेश बैठा की अध्यक्षता में एवं प्रेस वार्ता पुर्व विधायक कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से जिला कमिटी के पदाधिकारीओं प्रखंड पदाधिकारियों एवं बूथ लेवल ऐजेंटो से किया गया बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी ने कहा कि राहुल गांधी के खूंटी अगमन को लेकर सभी गांवों में ग्रामीणों से सम्पर्क कर बताने को कहां कि राहुल गांधी जो यात्रा कर रहे उनको ग्रामीणों को बताने को कहा और सभी क्षेत्र में प्रभारी नियुक्त करने को कहा इस बैठक में मुख्य रूप से पुर्व विधायक कालीचरण मुंडा, प्रदेश सचिव पीटर मुन्डू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी,जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, रविकांत मिश्रा, मदन मिश्रा,पांडेय मुण्डा, सुनीता गोप, फुलचंद टुटी,रोबा गुड़िया, सुशील सांगा सयुम आन्सारी, विलसन तोपनो, जयसिंह नाग, गोपाल भगत, शशिकांत होरो, सुषमा भेंगरा, जेम्स तोपनो,फुलजेन्श भेगरा, सोहैल आन्सारी, नेलसन भेंगरा, पौलुस पुर्ती, विजय कुमार स्वासी, शांता खाखा,ईन्दु अन्ना,जुलियस भेंगरा,भोला आन्सारी, अशोक राम,विमल सोय ,मरसा सोय मुरूम,रोशन,आदि उपस्थित थे।

## सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 94 बटालियन द्वारा ग्रामीणों के बीच सामग्री किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** जिले के अड़की प्रखंड अंतर्गत वीरबाकी और कोरबा में सीआरपीएफ 94 बटालियन द्वारा जनकल्याणकारी कार्यक्रम चलाया गया जिसमें कंबल, पानी के बकेट, स्टोरेज के लिए अन्न भंडारण के लिए और साथ-साथ में मच्छरदानी और अन्य सामग्री का वितरण किया गया। सोलर से चार्ज होने वाले लैंप भी वितरित किए गए। लाभुकों को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की तरफ से हर साल सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत इस तरह के कार्यक्रम चलाकर जरूरत का सामान वितरित किए जाते हैं । जिसे राधेश्याम सिंह कमांडेंट 94 बटालियन सहित मृत्युंजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, संतोष कुमार उप कमांडेंट, राजेंद्र सिंह सहायक कमांडेंट, गोपाल सिंह सहायक कमांडेंट और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में वितरण किया गया।

# तमाड़ के हिंदरीड़ीह गांव में कई घरों में लाखों रुपए और गहनों की चोरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के हिन्दरीदीह गांव मे सोमवार की रात्री लगभग साढ़े बारह बजे के आसपास छह घरों मे ताला तोड़कर चोरो ने लगभग 5 लाख रूपये चोरी कर लिए, घटना के सम्बन्ध मे भूक्तभोगीओ रुपेश सेठ ने बताया की लगभग रात्री 12 के करीब जब शौच के लिए उठे तो बाहर से घर की छीटकिनी बंद किया हुआ था, किसी तरह खिड़की से बाहर निकले तो दूसरे रुम का ताला टूटा हुआ था और घर मे रखें 1.20लाख नगद ओर 1.50लाख का सोना जेवरात, ले भागा इसी तरह, नेपाल सेठ का भी घर का ताला तोड़कर 1.20रुपया का सोना चांदी व 80हजार नगद, विरेन सेठ का 50हजार का सोना चांदी, इसी तरह विकास सेठ व सुधीर सेठ का भी घर का ताला तोड़कर घर मे रखे लगभग 10-10हजार व आटा 10किलोग्राम व चावल 5 किलोग्राम लेकर भागे।गांव के ही कुछ दुरी पर चोरों ने तालाब के समीप बक्सा और जमीन संबंधी कागज पत्र फेक दिया।मजेदार बात है की चोरों ने रिंकू सेठ के घर से सत्तर रूपए भी नहीं छोड़े।घटना की सूचना अहले सुबह तमाड़ पुलिस को दी गई थाना प्रभारी सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सघन जांच में जूटे वहीं घटना के संबंध कुछ लोगों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।इस चोरी की घटना में एक बात खास थी की चोर एक तरफ से बारी से कई घरों में चोरी करते गए और दुसरी अड़ोस-पड़ोस के सभी घरों के दरवाजों की छीटकिनी को बंद करते गए ताकि लोग बाहर नहीं आ सकें।घटना के सबंध मे थाना प्रभारी अमित कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल जाकर चोरी सबंधित जानकारी ली ओर चोरो को धर पकड़ करने और चोरी का पर्दाफाश करने के लिए छापामारी की जा रही है।

# शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार बच्चो को जरूरी : संजय कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय का 26वां स्थापना दिवस मंगलवार को धुमधाम से मनाया गया।इस मौके पर स्कूल प्रागंण मे भव्य समारोह का आयोजन किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार और विशिष्ट अतिथि मे कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग, उप प्रमुख सुमन देवी सहित कई लोग मौजुद थे।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियो ने सामुहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया।स्कूल के प्राचार्य गणेश कुमार महतो ने सभी अतिथियो का स्वागात किया।इस समारोह में स्कूल के बच्चो द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया,जिसे उपस्थित लोगो ने खूब पंसद किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोका पीओ संजय कुमार ने कहा कि वर्तमान में स्कूली बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कार देना काफी जरूरी है।शिक्षा के मंदिर कहलाने वाले स्कूलों में बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में होता है और बेहतर शिक्षा और बेहतर संस्कार के साथ ही बच्चे का भविष्य सुनहरा होता है।वर्तमान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ बेहतर संस्कार प्रदान किया जा रहा है।सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से पढ़कर निकले लोग आज राष्ट्रीय राजनीति के साथ अन्य क्षेत्रों में भी भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।उन्होंने सभी बच्चों से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने क्षेत्र,राज्य और देश का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शौखी महतो, सचिव फुलेश्वर महतो,प्राचार्य गणेश महतो,मुखिया शीला देवी, उप प्रमुख सुमन देवी,राजु गुप्ता,दिलीप अम्बष्ट, पसंस मनभावन लोहरा,अशोक महतो,राजेश महतो,एतवारा महतो,भरत रजक सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावक और स्कूल के बच्चे एवं शिक्षक मौजूद थे।

# सांसद ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन ठहराव का शुभारंभ किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** भारतीय जनता पार्टी टाटीसिलवे मंडल के अंतर्गत टाटीसिलवे स्टेशन में दिनांक 15 जनवरी 2024 को दिन सोमवार समय शाम के 7-30 बजे हटिया इस्लामपुर हटिया एक्सप्रेस रेल गाड़ी की मांग आम जनता के द्वारा बहुत दिनों से थी । उनके मांगों को देखते हुए रांची संसदीय क्षेत्र के सांसद आदरणीय संजय सेठ जी के द्वारा इस ट्रेन की ठहराव टाटीसिलवे एवम नामकुम स्टेशन में ठहराव ( रुकेगी ) 15 जनवरी 2024 सासंद महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर ठहराव ( रुकने) की शुरुआत की ।

इस अवसर पर खिजरी विधान सभा के विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,उप प्रमुख जयपाल हजाम, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित मिश्रा, प स स अरविंद लोहरा,कर्नल बी के सिंह,ब्रजेश सिंह,राजेश मिश्रा,एम एम मिश्रा,के डी शर्मा,श्रीदाम सिंह मुंडा,गिरिधर मिश्रा,प्रदीप पांडे ,मधुसुदन पांडे,पुनीत अग्रवाल,अमरेंद्र सिंह,प्रेम शर्मा,विश्वास दा,राजेश यादव,मंडल रेल प्रबंधक,वाणिज्य प्रबंधक,मंडल परिचालन,सिगनल एवम दूरसंचार अधिकारी,कर्मचारी इत्यादि के साथ सैक्डो ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा ब्लॉक परिसर में लगाया गया जनता दरबार




**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में विधायक अंबा प्रसाद कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम के द्वारा किया गया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन जमा किया। जिसमें छोटी-मोटी समस्याओं को जनता दरबार में ही समाधान किया गया। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, मुखिया मोहम्मद तकरीमुला, जगरनंदन प्रसाद गुप्ता, शमशेर आलम, बीरबल प्रजापति, प्रेमचंद महतो, निर्मल बेदीया, जागेश्वर महतो, मोहम्मद तसलीम, छोटे खान के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

# झारखंड प्रदेश कमेटी की बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मुरी :** झारखंड प्रदेश कमिटी की बैठक मंगलवार को मेरिज हॉल सिंगपुर मुरी में किया गया। बैठक का संचालन एनुअल राय ने किया और अध्यक्षता कारी मुजाहिद्दीन राय ने किया। इस बैठक में प्रदेश कमेटी का चुनाव किया गया, झारखंड पसमांदा राय भांट कमेटी का नाम मुस्लिम सोसायटी , इस कमिटी ने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में फखरुद्दीन राय को चुना गया। प्रदेश सचिव कादरी को चुना गया,कोशाध्यक्ष इम्तियाज राय, महासचिव इमरान राय दुमका, उपाध्यक्ष रोहित राय हजारीबाग, कार्यकारी अध्यक्ष इमरान राय बोकारो से चुना गया। सभी पदाधिकारी गण ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दिया। प्रदेश अध्यक्ष फखरुद्दीन राय को चुने जाने पर उन्होंने कहा कि मैं अपने जिम्मेदारी बाखुबी निभाऊंगा इस कमेटी ने मुझे प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुना है आज मैं सभी का आभार प्रकट करता हूं और अपने कार्य पर डटकर काम करूंगा यह मेरा एक दायित्व है। मै इस समाज को आगे बढ़ाने का काम करुंगा।अपने क्षेत्र को शिक्षा के प्रति जोड़ने का काम करुंगा। इस? मौके पर कलाम राय साहब, मंजूर राय साहब, संस्थापक मोहम्मद राय साहब, जुल्फिकार राय, यासीन राय, तौफीक राय समेत सभी राय समाज के वरिष्ठ लोग शामिल थे।

# खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने नामकुम में दो योजनाओं की आधारशिला रखी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने अपने विधायक निधि से स्वीकृत रांची नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड सं 47 के गुरुटोली में जलमिनार एवं नामकुम सदाबहार चौक में दुर्गा मंदिर के निकट पेयजल पियाऊ का निर्माण कार्य विधि विधान के साथ आधारशिला रखी। मौके पर रंजीत बड़ाईक, प्रमोद सिंह, मुरलीधर, अरुण गोप, शंकर कुमार गोप, गोपाल चौधरी, मनोज ठाकुर, दिवाकर सिंह, रवि महतो, सामु बेक, अनिरुद्ध पाण्डेय एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## मगध-संघमित्रा के दिव्यांग जनो के बीच अपराजिता महिला मंडल ने किया ट्राई साईकिल का वितरण

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल मगध संघमित्रा प्रबधंन के द्वारा सीएसआर योजना के तहत विस्थापित प्रभावित क्षेत्रो के दिव्यांग जनो के बीच ट्राई साईकिल का वितरण किया गया।इस मौके पर बचरा स्थित प्रतीक्षा गेस्ट हाउस मे समारोह का आयोजन किया गया,जिसमे अपराजिता महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती विभानाथ के नेतृत्व मे महिला मंडल की सदस्यों ने कई दिव्यांग जनों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया।मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सभी दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल के साथ तिलकुट का भी वितरण किया गया।इस संबंध में अपराजिता महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती विभानाथ ने बताया कि मगध संघमित्रा प्रबंधन के द्वारा सीएसआर योजना के तहत विस्थापित और प्रभावित क्षेत्र के दिव्यांगजनों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया।

# हाथियों के झुंड ने किसानों के फसलों को रौंदा



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के टेंगरिया गांव के मुड़गडिया और नवरता स्थित खेतो में लगी फसल को सोमवार की रात जंगली हाथियों की झुंड ने रौंद व खाकर बर्बाद कर दिया। पंकज कच्छप के खेत में लगी गेहूं,मनोज उरांव के खेत की गेहूं, बलभद्र बैठ के खेत की आलू,फगुआ उरांव के खेत में लगा आलू व सुका उरांव के खेत में गेहूं व फेचबिन को फसल को खाया रौंदा एवं बर्बाद कर दिया। पीड़ित सभी किसान मिलकर वन विभाग एवं प्रखंड के अधिकारी से फसल क्षतिपूर्ति की मांग की है। ग्रामीण बताते है कि जंगली हाथी गांव के बाघलता जंगल तरफ से आया था और फसल खाकर रौंद कर वापास उसी जंगल तरफ चला गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई सीएसआर कमिटी की बैठक, कहा

# प्रशासन के साथ आपसी समन्वय से हो कंपनी सीएसआर फंड का उपयोग

## अगले 2 वर्षों में जिले से 200 नए उद्यमी को इस पहल से जोड़ने का लक्ष्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सीएसआर कमिटी की बैठक में कहा कि हम सभी इस दिशा में समेकित प्रयास करें कि अगले 2 वर्षों में जिले से 200 नए उद्यमी सामने आ पायें। उन्होने कहा कि इस जिले में रोजगार सृजन के क्षेत्र में कई संभावनायें है, और जिलों की अपेक्षा यहां के युवाओं में बढ़िया एक्सपोजर है, जरूरत है उन्हें प्रोत्साहित करने एवं प्लेटफॉर्म देने की। जिले में ऐसी कई विश्वस्तरीय संस्थायें कार्य कर रही हैं विशेषकर टाटा स्टील फाउंडेशन, एनआईटी, एक्सएलआरआई आदि जिनके विशेषज्ञों के साथ जिले के युवाओं को जोड़कर मार्गदर्शन दिया जाए तो रोजगार सृजन के क्षेत्र में नई क्रांति ला सकते हैं । साथ ही एक उद्यमी अपने साथ 40-50 लोगों को रोजगार भी दे सकते हैं। उपायुक्त ने सीएसआर राशि के उपयोग को लेकर योजनाओं के चयन में युवा, महिला, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सृजन की योजनाओं को प्राथमिकता पर रखने का निर्देश दिया। उन्होने कहा संबंधित कंपनी / अधिकारियों को सीएसआर फंड से होने वाली योजनाओं के चयन में पूरी पारदर्शिता रखनी ही चाहिए। कहा कि सीएसआर फंड का उपयोग जिला प्रशासन के साथ आपसी समन्वय से हो तो और बेहतर तरीके से इसका उपयोग किया जा सकता है । जिला स्तर पर सीएसआर गतिविधियों के संचालन, क्रियान्वयन, प्रबंधन, मार्गदर्शन एवं निगरानी के लिए मैकेनिज्म तैयार करने के उद्देश्य से कमिटी गठित है। उन्होने राज्य सरकार के उद्योग विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुश्रवण पर बल देते हुए कहा कि योजनायें ओवरलैप नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उपस्थित विभिन्न कंपनी के प्रतिनिधियों से सीएसआर के तहत उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई । साथ ही अगले वित्तीय वर्ष में सीएसआर फंड के उपयोग की कार्ययोजना पर विमर्श किया गया। जिन प्रतिनिधियों के पास आगामी कार्ययोजना को लेकर अधतन रिपोर्ट नहीं थे उन्हें आगामी बैठक में प्रतिवेदन के साथ आने को कहा गया। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, कार्यकारी महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, उद्योग विभाग के राज्य स्तरीय परामर्शी / पदाधिकारी, चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि समेत विभिन्न कंपनियों के सीएसआर हेड/ मैनेजर व अन्य वरीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जिला कमेटी बैठक संपन्न, सभी को जाएगा निमंत्रण

# जमशेदपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे राहुल गांधी!






**बैठक में रहे उपस्थित**

बैठक में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी वरिष्ठ नेता प्रसाद प्रदेश सचिव में राकेश तिवारी, देबू चटर्जी,बृजमोहन गुप्ता गुड्डू, के के शुक्ला, विधानसभा प्रभारी में तापस चटर्जी, सुरेशधारी, कार्यकारीअध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, आनन्द मय पात्रा, राज किशोर यादव अवधेश सिंह, जोगेंद्र सिंह यादव, संजय सिंह आजाद, सफी अहमद खान, रामदास चौधरी, मौलाना अंसार खान, जितेंद्र सिंह, बबलू झा मनोज झा, संजय तिवारी, अशोक कुमार सिंह, नलिनी सिन्हा, दिवेश राज, आदि थे ।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विस्तारित बैठक का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी शामिल हुए। बैठक में संगठनात्मक प्रगति पर समीक्षा किया गया, साथ ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का आगमन जमशेदपुर सुनिश्चित है। जिसकी तैयारी संबंधी सभी विषयों पर बैठक में चर्चा की गई। बैठक में जिला कमिटी के द्वारा निमंत्रण पत्र जमशेदपुर एवं जिला के निवासियों को भारत न्याय जोड़ो यात्रा में शामिल कराने के लिए अधिकृत किया गया। निमंत्रण के तहत सभी कम्पनी के युनियन एवं कर्मचारी, सभी सामाजिक संगठन, इंडिया गठबंधन के सभी नेता/ पदाधिकारी/ कार्यकर्त्ता, सभी धार्मिक संस्था, सभी समाजवार संस्था, सभी खेल संस्थान, सभी एसएचजी के पदाधिकारी एवं सदस्य, सभी शैक्षणिक संस्थान, सभी ग्राम प्रधान, सभी 231 मुखिया, जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, सभी वरिष्ठ नागरिक समिति, सभी कालेज के छात्र एवं छात्राओं के अलावा कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ सभी जिला पदाधिकारी सभी प्रखंड पदाधिकारी सभी मंडल पदाधिकारी अग्रणी संगठन एवं विभाग के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी के अलावा कांग्रेस पार्टी के सदस्य गणों को बड़े पैमाने पर निमंत्रण दिया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत में जगह-जगह तोरण द्वार बैनर फ्लेक्स चौक चौराहों को सजावट करने के अलावा यात्रा रूट पर बड़े पैमाने पर स्वागत संबंधित सभी संदेशों को लिखा जाएगा। सभी प्रखंड मंडल पंचायत एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारी को दायित्व दिया गया कि हर स्तर पर निमंत्रण पत्र पहुंचने का कार्य को संपादित करेंगे। जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि संभवत राहुल गांधी जी का जनसभा का आयोजन भी जमशेदपुर में होगा। इसके स्थान का चयन प्रदेश के दिशा निर्देश पर संपन्न कर लिया जाएगा।

### साकची बाजार शिव मंदिर में 20 फरवरी को मनाया जाएगा श्याम महोत्सव



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 35वॉ श्री श्री श्याम महोत्सव आगामी 20 फरवरी 2024 मंगलवार को धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में श्याम परिवार की एक बैठक अध्यक्ष बबलू अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उमेश शाह ने बताया कि बाबा के दरबार में भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए प्रसिद्ध भजन गायक समस्तीपुर से रेशमी शर्मा, कोलकाता से शुभम-रूपम की जोड़ी शहर आ रहे हैं। साथ ही स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल भी बाबा के दरबार में हाजरी लगायेंगें। रात 9 बजे से देर रात प्रभु ईच्छा तक भजनों की अमृत वर्षा होगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण क्रमशः, भव्य दरबार, आलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत, विशाल संकीर्तन होगा।

### बिष्टुपुर में पप्पू सरदार ने श्रीराम का निःशुल्क बैच वितरण किया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार की शाम को बिष्टुपुर स्थित आंध्रभक्त श्रीराम मंदिर में सिनेतारिका माधुरी दीक्षित के प्रशंसक समाजसेवी पप्पू सरदार ने पूजा अर्चना कर भगवान श्रीराम के बैच (बिल्ला) का आम लोगों के बीच निःशुल्क वितरण का शुभारंभ किया। पंडित संतोष कुमार के नेतृत्व में पांच पंडितों ने पूजा की। साथ ही जय श्रीराम के आकार का बनाकर 1100 दिये प्रज्जवलित किये गये। इस मौके पर समाजसेवी पप्पू सरदार ने पांचों पंडितों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पप्पू के सेवा कार्य को देखते हुए प्रमुख पंडित संतोष कुमार ने भी पप्पू को सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर एवं आस-पास उपस्थित सैकड़ों लोगों के बीच प्रसाद एवं भगवान श्रीराम के बैच का वितरण किया गया।



### कुकड़ु में कलश यात्रा के साथ हुआ मास परायण का शुभारंभ

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के कुकड़ु प्रखंड मुख्यालय के पास बजरंग बली मंदिर कमेटी द्वारा मंगलवार को मास परायण हेतु कलश यात्रा निकाली गई। 131 महिलाओं ने पवित्र नदी से कलश में जल लेकर करीब 2 किलोमीटर दूर से कलश यात्रा कर बजरंग बली मंदिर में कलश स्थापना किया गया। कलश स्थापना के साथ ही एक माह तक लगातार चलने वाले मास परायण महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो व पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव भी कलशयात्रा में शामिल होकर लोगों का उत्साह वर्धन किया। मौके पर आयोजन समिति के सदस्य सह सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### संतमत सत्संग का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन आज से

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संतमत सत्संग का दो दिवसीय 32वां वार्षिक अधिवेशन बुधवार, 17 जनवरी से टाटा-कांड्रा मार्ग के केंदू गाछ मोड़ धिराजगंज के समीप स्थित संतमत सत्संग आश्रम में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से महर्षि मेंही आश्रम, कुप्पाघाट भागलपुर के स्वामी प्रमोद बाबा, स्वामी डॉ विवेकानंद बाबा, स्वामी परमानंद बाबा, स्वामी निर्मलानंद बाबा समेत अन्य साधु संतों को आमंत्रित किया जाएगा। प्रातः सात बजे से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर प्रवचन, भव्य भंडारा समेत कई आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी आश्रम के महामंत्री रमन लाभ ने दी है।

### किसानों ने जातरा के साथ किया कृषि कार्य की शुरुआत

पटमदा ़ बोड़ाम प्रखंड की माधवपुर पंचायत के दुबराजपुर गांव में मकर संक्रांति के दूसरे दिन पहला माघ को आखाइन जातरा को शुभ दिन मानते हुए हल पुन्याह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर किसान हेमंत चिरुआर, बिश्वनाथ महतो, कृष्णा रजक, लखन महतो, काशीनाथ महतो, बंक बिहारी महतो, लालमोहन महतो, शांतिराम महतो, कृतिवास महतो, चरण महतो, बलराम महतो, प्रकाश महतो, संतोष महतो आदि लोग शामिल थे। सभी लोगों ने हल बैल के साथ ढाई चक्कर खेत की जोताई की। इस दौरान विश्वनाथ महतो की ओर से सभी किसानों को पीला रंग की गमछी देकर सम्मानित किया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल पटमदा के झामुमो नेता गिरिश सोरेन ने रिम्स में तोड़ा दम

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत हलुदबनी ओपी के पास दो बाईकों की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो चुके पटमदा के धुसरा गांव निवासी करीब 42 वर्षीय झामुमो नेता गिरिश सोरेन की सोमवार की देर रात इलाज के क्रम में रिम्स रांची में आकस्मिक निधन हो गया। इस संबंध में झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने बताया कि घटना में गिरिश को सिर पर गंभीर चोट लगी थी और तत्काल उसे एमजीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए शनिवार को ही बेहोशी की हालत में रिम्स रेफर कर दिया गया था।

## 20 को जमशेदपुर आयेंगी बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री

सनराइज इवेंट मैनेजमेंट इंडिया द्वारा आयोजित झारखंड बिगेस्ट फेस्ट का फिनाले टेल्को क्लब में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सनराइज इवेंट मैनेजमेंट इंडिया के द्वारा आयोजित झारखंड बिगेस्ट फेस्ट कार्यक्रम का ग्रैंड फिनाले 20 जनवरी को 2024 को टेल्को क्लब में होगा। इसकी जानकारी देते हुए सनराइज इवेंट मैनेजमेंट के अध्यक्ष भरत सिंह ने आज एक पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इसका आयोजन झारखंड स्तर पर झारखंड बिगेस्ट फेस्ट कार्यक्रम के लिए डांस, सिंगिंग और मॉडलिंग का ऑडिशन लिया गया। इसका पहला ऑडिशन 26 नवंबर को धनबाद में दूसरा ऑडिशन 3 दिसंबर को रांची में और तीसरा ऑडिशन 23 दिसंबर को माइकल जॉन ऑडिटोरियम में किया गया। भरत सिंह ने बताया कि ग्रैंड फिनाले में विशेष रूप से बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री भाग्यश्री आ रहीं है। झारखंड बिगेस्ट फेस्ट का टोटल प्राइस बने 2 लाख रुपए होगा। प्रेस वार्ता के दौरान सनराइज इवेंट मैनेजमेंट इंडिया के अध्यक्ष भरत सिंह, सचिव शक्ति सिंह ,सगीर ,वकार ,शादानी, बरूण कुमार, सत्यदीप लहरी, अमित शर्मा, राजेश सिंह ,संजीव मिश्रा, सुजीत कुमार, मनप्रीत कौर आदि उपस्थित थे।

## टाटानगर यार्ड में मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतरे, कई ट्रेन हुई प्रभावित व रद्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को सुबह करीब 3.45 बजे टाटानगर स्टेशन के लाइन नबंर-9 में एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे उतर गए। जिसके कारण टाटानगर आने जाने वाले यात्री ट्रेनें प्रभावित हुई। रेलवे के द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार टाटा यार्ड के लाइन नबंर-9 मे एक मालगाडी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। इस कारण टाटानगर स्टेशन की अप डाउन लाइन बाधित हो गई। लाइन बाधित होने के कारण टाटानगर आने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेन प्रभावित हुई है। प्रभावित होने वाली ट्रेन में ट्रेन संख्या12129 पुणे हावड़ा एक्सप्रेस ,ट्रेन संख्या12809 छत्रपति शिवाजी मुबई टर्मिनल-हावड़ा एक्सप्रेस (आदित्यपुर में कट्रोल), ट्रेन संख्या 150 22 गोरखपुर शालीमार एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12802 नई दिल्ली पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 13288 राजेंद्र नगर दुर्ग दक्षिण बिहार एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18114 बिलासपुर टाटा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 28182 कटिहार टाटा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18029 लोकमान्य तिलक शालीमार एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12859 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल हावड़ा गीतांजलि एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12833 अहमदाबाद हावड़ा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 08146 राउल केला -टाटा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12834 हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 12262 हावड़ा छत्रपति शिवाजी टर्मिनल एक्सप्रेस प्रभावित हुई। वहीं ट्रेन संख्या 08162 चक्रधरपुर टाटा एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 08161 को रद्द कर दिया गया है।

### कराटे फेडरेशन कप 2023 में कांस्य पदक विजेता शोभा को दिनेश कुमार ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ऑल इंडिया कराटे डू फेडरेशन के तत्वावधान में पिछले दिनों सूबे की राजधानी रांची के खेलगांव स्टेडियम में संपन्न फेडरेशन कप 2023 की कांस्य पदक विजेता को भाजपा नेता दिनेश कुमार ने सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया. सीनियर लेवल ओपन टूर्नामेंट के 18 प्लस आयु वर्ग में जमशेदपुर के मानगो अंतर्गत तुरियाबेड़ा निवासी शोभा कुमारी पाठक ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया था. उनके कोच राजेश कुमार मोहंती हैं. मंगलवार को कराटे खिलाड़ी शोभा पाठक ने दिनेश कुमार से उनके टुइलाडुंगरी गाढ़ाबासा स्थित आवासीय कार्यालय में सौजन्य भेंट किया. इस दौरान भाजपा नेता ने उनका अभिनंदन किया और पुष्पगुच्छ, शॉल, भगवत गीता और धरती आबा बिरसा मुंडा की चित्र भेंटकर सम्मानित किया.

## चौका आदारडीह में दो दिवसीय मेला में झुमर व टूसु चौडल रहा आकर्षक का केंद्र





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के चौका आदारडीह में दो दिवसीय मेला का उद्घाटन राज परिवार सदस्य कल्याण चन्द्र सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव, नारायण गोप, मुखिया चित्त रंजन सिंह मुण्डा आदि ने फीता काटकर किया। टुसु मेला में जहां टुसु चौडलों का प्रदर्शनी लगाई गई वहीं झुमर नृत्य का भी आयोजन किया गया। मेला में टुसु चौडल व झुमर नृत्य आकर्षक का केंद्र बिंदु रहा । हजारों की संख्या में लोग मेला में पहुंचे और मेला का शोभा बढ़ाई। झुमर नृत्य देखने के लिए भी लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। झुमर नृत्य के साथ दर्शक भी जमकर थिरके। मेला में नगाड़ा,ढोल व गाजे बाजे के साथ चौडल नुमा टुसु के साथ लोग पहुंचे। इस अवसर पर कल्याण चन्द्र सिंह ने कहा कि संस्कृति हमारी पहचान है। मौके पर रमेश गोप, दिलीप कुमार, आशीष बनर्जी, आदि थे।

## मंजूनाथ भजन्त्री ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं, कार्रवाई को लेकर किया आश्वस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने सभी समस्याओं से संबंधित आवेदनों को संज्ञान में लेते हुए सम्बंधित विभागीय पदाधिकारियों को समाधान हेतु निर्देशित किया। इस क्रम में उपायुक्त के समक्ष अपना आवेदन समर्पित करते हुए एक महिला ने बताया कि उनके घर की बालिका का कुछ लोगों ने फोटो और ऑडियो गलत तरीके से एडिट कर सोशल मीडिया पर डाला है। उन्होंने बताया कि इस घटना को लेकर उन्होंने थाना में अपनी शिकायत दर्ज करवाई पर उसके बाद भी अभियुक्त के विरुद्ध कोई ठोस कारवाई नहीं की गई। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएसपी साइबर क्राइम को जल्द इस मामले पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में आपसी विवाद, भूमि विवाद समेत अन्य जन समस्याओं से जुड़े मुद्दे भी फरियादियों ने जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के समक्ष रखा जिसका संज्ञान लेते हुए उन्होने फरियादियों को यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया । मौके पर उन्होने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित कर समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया ।

## प्रसिद्ध घोड़ाबाबा पूजनोत्सव पारम्परिक रीति रिवाज के साथ से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** संक्रांति के दूसरे दिन अखान जात्रा के अवसर पर क्षेत्र का प्रसिद्ध घोड़ाबाबा पूजनोत्सव पारम्परिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से आयोजित किया गया। कुम्भकार समाज गम्हरिया की ओर से आयोजित इस पूजनोत्सव के मौके पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जूटे लाखों श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि विधान से भगवान बलराम जिऊ की पूजा अर्चना किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो तथा राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने भी शामिल होकर पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना किया। इस मौके पर भजन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति की गई। पूजनोत्सव के आयोजन में कुंभकार समिति गम्हरिया के अध्यक्ष मनोरंजन बेज, महासचिव बंकिम चौधरी, राखोहरि दास, सीताराम बेज, पूर्णचन्द्र बेज, रामचन्द्र दास, गोपाल चंद्र पाल, रतन बेज, किशोर बेज, प्रशांत दास, आदि थे।

## डीडीसी के अध्यक्षता में जिला खेल संचालन समिति की बैठक संपन्न

### प्रखंडवार डे बोर्डिंग खेल सेंटर निर्माण के प्रस्ताव पर लिया गया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई के अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय खेल संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में उपविकस आयुक्त ने पूर्व की बैठक में चयन किए गए 23 डे बोर्डिंग सेंटर में से प्रत्येक प्रखंड में लोकप्रियता के आधार पर डे बोर्डिंग सेंटर के चयन पर समिति सदस्यों सहित बिंदुवार चर्चा किया। समिति सदस्यों की सहमति से प्रखंडवार सरायकेला में बैडमिंटन, खरसावां में तीरंदाजी (बालिका), कुचाई में हॉकी, राजनगर में फुटबॉल, गम्हरिया में फुटबॉल, चांडिल में तीरंदाजी, ईचागढ़ में एथलीट, नीमड़ीह में फुटबॉल, तथा कुकड़ु प्रखंड में एथलीट डे बोर्डिंग सेंटर बनाने का प्रस्ताव विभाग को अनुशंसित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला फुटबॉल ऐसोशियन संघ के सचिव मो. दिलदार, आर्चरी संघ के सचिव सुमन चंद्र मोहंथी , ऐथलीट संघ के सचिव सिकंदर महतो, फुटबॉल प्रशिक्षक बलराम महतो एवं सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### तलाई पहाड़ में विराजमान मां ठाकुरानी की पूजा अर्चना धूमधाम से सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** हेंसल में मंगलवार को तलाई पहाड़ में विराजमान देवी माँ ठाकुरानी की पूजा अर्चना धूमधाम से सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम नाया(पुजारी) एवं ग्राम प्रधान के द्वारा हेंसल में स्तिथ माँ ठाकुरानी मंदिर में पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में भक्तजन गाजे बाजे के साथ तलाई पहाड़ की ओर निकल पड़े। जहां 200 फीट ऊंचे तलाई पहाड़ के ऊपर चढ़कर भक्तों ने श्रद्धा भक्ति भाव से ठाकुरानी मां की पूजा की व भोग चढ़ाया। इस मौके पर ग्राम के नाइके बाबा भीम सरदार (पुजारी), ग्राम प्रधान अशोक गोप उनके पुत्र मनिंद्र गोप, प्रणव गोप, साधन ज्योतिषी, मानस साहू, हरि गोप, उज्ज्वल मोदक, कुंदन ज्योतिषी, अशोक मिस्त्री, तोड़ित गोप, अजित मंडल, अंगद मंडल, शंकर गोप, निरंजन खंडायत, बद्रीनाथ महाकुड़ एवं हेंसल एवं पाटा हेंसल गांव के सैकड़ों श्रद्धालु तलाई पहाड़ में पहुंच कर पूजा अर्चना की।

# राम मंदिर पर कांग्रेस का धर्म संकट

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को 22 जनवरी का न्योता मिला था. प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाना है या नहीं ये तय करने में ही कांग्रेस ने 25 दिन लगा दिए. खास बात ये है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बॉयकॉट का आधार शंकराचार्य के बयान को बनाया गया. अब शंकराचार्य कह रहे हैं राम मंदिर से हमारा कोई विरोध नहीं है. व्यापक रूप से धर्म और विशेष रूप से राम मंदिर पर कांग्रेस का धर्म संकट चिरंतन है. अयोध्या के मुद्दे पर पार्टी हमेशा दुविधा मतलब कनफ्यूजन में रही है. देश के पहले पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी और राहुल गांधी तक कांग्रेस का ये कनफ्यूजन कम नहीं हुआ. कांग्रेस की इसी दुविधा से बीजेपी को हमेशा फायदा हुआ है. बीजेपी के पास जब लोकसभा की सिर्फ दो सीटें थीं तब राजीव गांधी ने अयोध्या में ताला खुलवाया था. शाहबानो केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने के बाद हिंदुओं को खुश करने के लिए उन्होंने ऐसा किया था. तब माया मिली न राम. अब कांग्रेस फिर उसी दुविधा में है. राहुल गांधी इन दिनों भारत न्याय यात्रा पर हैं. ठीक उसी समय यूपी में कांग्रेस के नेता राम यात्रा पर हैं. पार्टी के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस के लोग अयोध्या पहुंचे. दोनों नेताओं ने सरयू में डुबकी लगाई. सब हनुमान गढ़ी गए और फिर रामलला के दर्शन किए. ये सब तब हुआ जब कांग्रेस के सीनियर नेताओं ने प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकरा दिया है. अजय राय कहते हैं कि कोई कनफ्यूजन नहीं है. राम सबके हैं. हमें बीजेपी के कार्यक्रम में जाना मंजूर नहीं है. इसीलिए हम पहले ही रामलला के दर्शन करने आ गए हैं. कांग्रेस के सीनियर लीडर को 22 जनवरी का न्योता मिला था. श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लोगों ने इन नेताओं से मिल कर उन्हें आमंत्रित किया था. रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाना है या नहीं। ये फैसला करने में कांग्रेस ने पच्चीस दिन लगा दिए. लेफ्ट नेता सीताराम येचुरी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दो दिनों में ही ये फैसला कर लिया. सच तो ये है कि कांग्रेस पार्टी दो नावों में सवारी करना चाहती है. उसे मुसलमानों का वोट चाहिए और हिंदुओं का भी. कहते हैं गलतियों से लोग सबक सीखते हैं. पर कांग्रेस अपवाद है. ऐसा लगता है कि उसने गलतियां बार बार करने का मन बना लिया है. यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कहते हैं कांग्रेस वाले चुनावी भक्त हैं. उन्हें चुनाव में ही भगवान याद आते हैं. भगवान भी अब उनको समझ गए हैं. अगर उनकी सरकार में सोमनाथ का मंदिर बन सकता था तो काशी में विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या में राम मंदिर भी बन सकता था. राजनैतिक और वैचारिक रूप से स्पष्टता न हो तो फैसले लेने में देरी होती है. कांग्रेस के साथ यही हो रहा है. प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बॉयकॉट का आधार शंकराचार्य के बयान को बनाया गया. अब शंकराचार्य कह रहे हैं राम मंदिर से हमारा कोई विरोध नहीं है. कांग्रेस का आरोप है कि प्राण प्रतिष्ठा धर्म सम्मत नहीं हो रहा. ये राजनैतिक प्रोजेक्ट है. अब अगर कांग्रेस इसे राजनैतिक कार्यक्रम मानती है तो फिर इसमें धर्मसम्मत चीजें क्यों खोज रही है. पार्टी के भीतर भी फैसले के खिलाफ आवाज तेज हो रही है. हिमाचल के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि पिता की इच्छा पूरी करने वे अयोध्या जायेंगें. गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष रहे अर्जुन मोडवाडिया कहते हैं पार्टी को ऐसे राजनैतिक फैसलों से बचना चाहिए था. बीजेपी और पीएम नरेन्द्र मोदी के जाल में फंस कर राहुल गांधी कभी जनेऊधारी ब्राह्मण बन जाते हैं. कभी वे शिव भक्त बन जाते हैं. अयोध्या को लेकर दुविधा में कांग्रेस सुविधा की राजनीति ढूंढ रही है. सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे पर कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट के फैसले के साथ खड़ी हो जाती है. लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले पर बने राम मंदिर के राजनैतिक इवेंट बता कर विरोध पर आ जाती है. ये सुविधा की राजनीति है. जिसे अंग्रेज़ी में हिपोक्रेसी कहते हैं. इधर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले कांग्रेस ने न्योता ठुकराने को लेकर सफाई दी। कांग्रेस ने कहा कि वह नास्तिक पार्टी नहीं है कि मंदिर या धार्मिक अनुष्ठान का विरोध करेगी। लेकिन उसने निमंत्रण इसलिए अस्वीकार किया कि यह एक राजनीतिक कार्यक्रम है। यह भी आरोप लगाया कि 22 जनवरी का यह कार्यक्रम लोकसभा चुनावों के चलते जल्दबाजी में आयोजित किया जा रहा है। दरअसल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का न्योता पिछले हफ्ते सम्मानपूर्वक अस्वीकार कर दिया था। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर इसे चुनावी फायदे के लिए राजनीतिक परियोजना बनाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि कांग्रेस सर्वधर्म समभाव यानी सभी धर्मों को समान सम्मान में यकीन करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी धर्म या धार्मिक कार्यक्रम या भावना के खिलाफ नहीं है। यह सर्वधर्म समभाव में यकीन करती है और ऐसा शुरूआत से ही रहा है। महात्मा गांधी ने भी बार-बार यह कहा था। कुमार ने कहा कि जहां तक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण की बात है, कोई भी व्यक्ति उस वक्त भगवान से मिलने जाता है, जब उनका बुलावा आता है। उन्होंने कहा कि क्या यह एक विवाह समारोह है कि निमंत्रण की जरूरत पड़ी? निमंत्रण देने वाले वे कौन होते हैं? भगवान जब लोगों को बुलाते हैं तो लोग जाते हैं। हम भक्त हैं। ईश्वर व्यक्तिगत आस्था का विषय हैं और यह दिखावा करने की चीज नहीं है। कुमार ने आरोप लगाया कि हर कोई जानता है कि वे क्यों यह कर रहे हैं।

### श्रीराम राज्य तब भी और आज भी राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए है

# श्रीराम के निमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस ने राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है

ललित गर्ग

> राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आत्मघाती फैसला है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने खुद अपनी जमीन को खोखला करने की ठान रखी है। विनाशकाले विपरीत बुद्धि! निश्चित ही कांग्रेस अब भारत की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं को नकार रही है, वह राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह से कट गई है।

**रामलला** की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी एवं इंडिया गठबंधन के अन्य दलों ने शामिल नहीं होने का निर्णय लेकर जहां अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है, वहीं भारत के असंख्य लोगों की आस्था एवं विश्वास को भी किनारे करते हुए आराध्य देव भगवान श्रीराम को राजनीतिक रंग देने की कुचेष्ठा की है। भले ही यह भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्चस्व का अनुष्ठान है, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रतिष्ठा देते हुए कांग्रेस को ऐसे राजनीतिक निर्णय लेने से दूर रहते हुए समारोह में भाग लेना चाहिए था। राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आत्मघाती फैसला है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने खुद अपनी जमीन को खोखला करने की ठान रखी है। विनाशकाले विपरीत बुद्धि! निश्चित ही कांग्रेस अब भारत की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं को नकार रही है, वह राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह से कट गई है। इन दिनों कांग्रेस की ओर से लिए जा रहे हर फैसले भारत विरोधी शक्तियों को बल देने, कुछ वामपंथी चरमपंथियों को बढ़ावा देने, जातीयता एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति को कायम रखने और शीर्ष पर बैठे नेताओं के आसपास के कुछ कट्टरपंथी अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है। कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में अयोध्या में मंदिर के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जो भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकार देने का ही द्योतक है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम केवल हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि राष्ट्र का उत्सव है। साथ ही देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का महा-अनुष्ठान है। बाबर से लेकर औरंगजेब तक सभी मुगल आक्रांताओं ने तलवार के बल पर हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन ही नहीं कराया बल्कि हिन्दु मन्दिरों एवं आस्था के केन्द्रों को ध्वस्त




किया था। श्रीराम जन्मभूमि, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम को भी नहीं छोड़ा गया और हजारों मंदिरों को ध्वस्त कर उनके स्थान पर मस्जिदें बनवा दीं गयी। आजादी के बाद इस गौरवमय धार्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास को पुनर्निर्मित करने का काम होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस शासन ने संकीर्ण एवं स्वार्थ की राजनीति के कारण ऐसा नहीं होने दिया। आज भाजपा अपनी राष्ट्रीय अस्मिता एवं ऐतिहासिक भूलों को सुधारने काम कर रही है तो उसे राजनीतिक रंग देना मानसिक दिवालियापन एवं राष्ट्र-विरोधी सोच है। श्रीराम मंदिर राजनीति का विषय नहीं है बल्कि आस्था का विषय है। आस्था हर व्यक्ति की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। राम लला साढ़े पांच सौ वर्षों से इसका इंतजार कर रहे थे। अब वह समय आ गया है, भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो चुका है और आगामी 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिन राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित रहेंगे। श्रीराम भारतीय समाज के आदर्श पुरुष रहे हैं, भारत की राजनीति के लिये वे प्रेरणास्रोत हैं, उन्हें केवल भाजपा या आरएसएस का बताने वाले भारत की जनआस्था से स्वयं को ही दूर कर रहे हैं, स्वयं को हिन्दू विरोधी एवं राम-विरोधी होने का आधार ही मजबूत किया है। अच्छा होता निमंत्रण ठुकराने की बजाय इस समारोह में उपस्थित होकर श्रीराम के प्रति एवं असंख्य लोगों की आस्था का सम्मान करते। इस तरह एक जीवंत परम्परा को झुठलाने एवं ठुकराने के निश्चित ही आत्मघाती दुष्परिणाम होंगे। श्रीराम राज्य तब भी और आज भी राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए है। जनता की भलाई एवं आस्था को न देखकर कांग्रेस मुस्लिम एवं ईसाई वोटों को प्रभावित करने के लिये तथाकथित ऐसा निर्णय लिया है, जो उसकी हिन्दू विरोध मानसिकता का द्योतक है। कांग्रेस ने सदैव श्रीराम मंदिर आंदोलन से दूरी बनाकर रखी, मंदिर निर्माण की प्रक्रिया में रोड़े अटकाए और जिसने सर्वोच्च न्यायालय में यह हलफनामा दिया हो कि श्रीराम का कोई अस्तित्व नहीं है, श्रीराम एक काल्पनिक पात्र हैं, उस कांग्रेस के नेताओं से यह अपेक्षा ही कैसे की जा सकती है कि वे श्रीराम मंदिर निर्माण के महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक प्रसंग में उत्साह, उमंग एवं आनंद के साथ शामिल होंगे? कांग्रेस के इस निर्णय से हिन्दू मन के कांग्रेसी नेता अवश्य ही आश्चर्यचकित एवं दुःखी हैं। कांग्रेस के भीतर से ही कई नेताओं ने खुलकर यह कहने की हिम्मत दिखायी है कि "मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे आराध्य देव हैं इसलिए यह स्वाभाविक है कि भारतभर में अनगिनत लोगों की आस्था इस नवनिर्मित मंदिर से वर्षों से जुड़ी हुई है। कांग्रेस के कुछ लोगों को उस खास तरह के बयान से दूरी बनाए रखनी चाहिए और जनभावना का दिल से सम्मान करना चाहिए।'' यहां प्रश्न यह भी है कि जब मंदिर निर्माण को मंजूरी देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कांग्रेस ने स्वागत किया था, तो अब वे इसे केवल भाजपा का पार्टीगत मामला क्यों मान रही है? वास्तव में कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल केवल एक ही तरीके से भाजपा को इससे होने वाले राजनीतिक लाभ को कम कर सकते है और वह तरीका शालीनता से इस समारोह में भाग लेना और इस बात पर जोर देना है कि श्रीराम सभी के हैं, उन पर किसी एक पार्टी या नेता का एकाधिकार नहीं है। लेकिन एक तरफ न्यायिक प्रक्रिया का स्वागत करना और दूसरी तरफ उद्घाटन-समारोह का न्योता ठुकराना अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने वाली रणनीति है। भले ही कांग्रेस ने सारे नफा-नुकसान को देखकर अपनी धर्मनिरपेक्ष वाली वैचारिक छवि के साथ खड़ी रहने का फैसला लिया हो, लेकिन इस फैसले से सन्निकट खड़े लोकसभा चुनाव में उसे भारी नुकसान ही होगा। वैसे भी श्रीराम के बहुप्रतीक्षित धाम का निर्माण भाजपा का अपना निजी प्रोजेक्ट नहीं है, यह सुप्रीम कोर्ट के फैसले की निष्पत्ति है और इसीलिए यह एक गैर-राजनीतिक घटना है। मंदिर-निर्माण की देखरेख के लिए न्यायिक रूप से स्वीकृत ट्रस्ट का गठन किया गया था और वही उद्घाटन-कार्यक्रम की व्यवस्था कर रहा है। भाजपा को श्रीराम मन्दिर बनने का राजनीतिक फायदा मिलना स्वाभाविक भी है। मंदिर निर्माण का बीड़ा भाजपा-संघ ने दशकों से उठा रखा था। शायद जब आडवाणी ने 1990 में रथ यात्रा शुरू की, तब इसकी प्रेरणा आस्था और राजनीति दोनों रही होगी, क्योंकि पार्टी को 1984 की अपमानजनक हार से उबारने के लिए एक मजबूत भावनात्मक मुद्दे की जरूरत थी।

दृष्टि कोण

# पर्यावरणः नदियों में बढ़ती गाद से गहराता संकट, जरूरी है इसका प्रबंधन

**पिछले** महीने संपन्न सतलुज-यमुना जोड़ की बैठक में पंजाब सरकार ने स्पष्ट किया कि उनके राज्य में सतलुज नदी अभी से सूख रही है। दिल्ली में यमुना हो या फिर गाजियाबाद-शामली में हिंडन, ये भी सिकुड़ रही हैं। दो महीने पहले बरसात में तबाही मचाने वाली बिहार के गोपालगंज जिले से गुजरने वाली घोघारी, धमई व स्याही नदियों ने भी सूखने के लिए गर्मी का इंतजार नहीं किया। विगत जुलाई में सी-गंगा यानी सेंटर फॉर गंगा रिवर बेसिन मैनेजमेंट ऐंड स्टडीज द्वारा जल शक्ति मंत्रालय को सौंपी गई रिपोर्ट बताती है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और झारखंड की 65 नदियां बढ़ती गाद से हांफ रही हैं। हालांकि गाद नदियों के प्रवाह का नैसर्गिक उत्पाद है और देश के कई बड़े तीर्थ व प्राचीन शहर इसी गाद पर विकसित हुए हैं। पर नदी के साथ बहकर आई गाद को जब किनारों पर माकूल जगह नहीं मिलती, तो वह जलधारा के मार्ग में व्यवधान बन जाती है। गाद नदी के प्रवाह मार्ग में जमती रहती है और इससे नदियां उथली होती हैं। अकेले उत्तर प्रदेश में ऐसी 36 नदियां हैं,



जिनकी कोख में इतनी गाद है कि न केवल उनकी गति मंथर हुई है, बल्कि कुछ ने अपना मार्ग बदला और उनका पाट संकरा हो गया। रही-सही कसर अंधाधुंध बालू उत्खनन ने पूरी कर दी। नतीजतन इनमें से कई नदियों का अस्तित्व खतरे में है। प्रयागराज के फाफामऊ, दारागंज, संगम, छतनाग और लीलापुर के पास टापू बनते हैं। संगम के आसपास गंगा नदी में चार मिलीमीटर की दर से हर साल गाद जमा हो रही है। गंगा की गहराई कम होने से उसकी धारा में भी परिवर्तन हो रहा है। आने वाले दिनों में गंगा की धारा और तेजी से परिवर्तित होगी, क्योंकि जब नदी की गहराई कम हो जाएगी, तो नदी का स्वाभाविक बहाव रुक जाएगा। ऐसे में बाढ़ का खतरा स्वाभाविक है। यह बात सरकारी रिकॉर्ड में है कि आज जहां पर संगम है, वहां यमुना की गहराई करीब 80 फीट है, लेकिन गंगा की गहराई इतनी कम है कि संगम के किनारे नदी में खड़े होकर कोई भी स्नान कर सकता है। पर यमुना की अधिक गहराई के चलते असंतुलन उत्पन्न हो रहा है। तभी संगम पूरब की तरफ बढ़ रहा है और उसका झुकाव अकबर के किले तक खिसक चुका है, जबकि संगम कभी सरस्वती घाट के पास हुआ करता था। आजादी के बाद भी गढ़मुक्तेश्वर से कोलकाता तक जहाज चला करते थे। गाद के चलते बीते पांच दशक में वहां गंगा की धारा आठ किलोमीटर दूर खिसक गई है। बिजनौर के गंगा बैराज पर गाद की आठ मीटर मोटी परत है। आगरा व मथुरा में यमुना गाद से भर गई है। आजमगढ़ में घाघरा और तमसा के बीच गाद के कारण कई मीटर ऊंचे टापू बन गए हैं। घाघरा, कर्मनाशा, बेसो, मंगई, चंद्रप्रभा, गरई, तमसा, वरुणा और असि नदियां गाद से बेहाल हैं। बिहार में तो उथली हो रही नदियों में गंगा सहित 29 नदियों का दर्द है। जो नदियां तेज बहाव से आ रही हैं, उनके साथ आए मलबे से भूमि कटाव भी हो रहा है और कई जगह नदी के बीच टापू बन गए हैं। अकेले फरक्का से होकर गंगा नदी पर हर साल 73.6 करोड़ टन गाद आती है, जिसमें से 32.8 करोड़ टन गाद इस बैराज के प्रति प्रवाह में ठहर जाती है। झारखंड के साहिबगंज में गंगा अपने पारंपरिक घाट से पांच किलोमीटर दूर चली गई है। वर्ष 2016 में केंद्र सरकार द्वारा गठित चितले कमेटी ने साफ कहा था कि नदी में बढ़ती गाद का एकमात्र निराकरण यही है कि नदी के पानी को फैलने का पर्याप्त स्थान मिले, तटबंध और नदी के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण न हो और अत्यधिक गाद वाली नदियों के संगम क्षेत्र से नियमित गाद निकालने का काम हो। पर ये सिफारिशें ठंडे बस्ते में बंद हो गईं। यह दुर्भाग्य है कि विकास के नाम पर नदियों के कछार को सर्वाधिक हड़पा गया। भूमि के लालच में कछार और उसकी गाद लुप्त हो गई। गाद हर नदी का स्वाभाविक उत्पाद है, पर उसका भली-भांति प्रबंधन अनिवार्य है। गाद जैसे ही नदी के बीच जमती है, तो नदी का प्रवाह बदल जाता है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## भाकपा माले ने अरगड्डा में जननायक का महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** भाकपा माले के पूर्व विधायक झारखंड नव निर्माण के महान शिल्पकार एवं जननायक कामरेड महेन्द्र सिंह का 19वां शहादत दिवस बिरसा चौक, अरगड्डा मोड़ में मनाया गया। सर्व प्रथम झण्डोतोलन वयोबृद्ध माले नेता कामरेड कुलदीप बेदिया ने किया।एवं कामरेड महेन्द्र सिंह के चित्र पर भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता एवं ऐक्टू के राज्य अध्यक्ष कामरेड बैजनाथ मिस्त्री के द्वारा किया गया।इसके उपरांत भाकपा-माले जिला कमिटी के सदस्यों के साथ उपस्थित पार्टी के हजारों महिलाओं-पुरूष साथियों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। शहादत सभा को भाकपा माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, भाकपा माले हजारीबाग जिला सचिव कामरेड पच्चू राणा, ने कहा कि का. महेंद्र सिंह की हत्या आज से19 वर्ष पुर्व बगोदर के दुर्गी धवैया में सत्ता प्रायोजित



कर दी गई थी। महेंद्र सिंह मज़दूरों -किसानों झारखंड के मेहनतकश अवाम की हक-हकूक की लड़ाई विधानसभा से लेकर सड़कों की संघर्षो में लगातार मुखर आवाज थे। उन्होंने शोषित, वंचितों को पदाधिकारियों के रौब के खिलाफ,पुलिस जुल्म के खिलाफ,जमीनदारों के शोषन- अत्याचार, दमन के खिलाफ हमेशा जनता को संघर्ष करने के लिए सिखाये है। 16 जनवरी से 30 जनवरी तक पार्टी अभियान के तहत 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस पर पार्टी के जिला से लेकर प्रखंड,लोकल कमिटी एवं पार्टी ब्रांच तक भारत की संविधान की प्रस्तावना का पाठ कर आम जनता को अवगत कराया जाएगा। वर्तमान भाजपा की सरकार के द्वारा आजादी और लोकतंत्र के उपर हमले कर अधिकारों को खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है रोजी-रोटी स्वास्थ- शिक्षा व सम्मान पर ख़तरा पैदा किया जा रहा है 30 जनवरी को गांधी के शहीद दिवस पर मार्च कर चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। शहादत सभा की अध्यक्षता सोहराय किस्कू एवं संचालन सुभाष बेदिया व जयनंदन गोप ने किया।सभा को माले के रामगढ़ जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,हजारीबाग जिला सचिव पचु राणा, कान्ति देवी, लालचंद बेदिया, बैजनाथ मिस्त्री, प्रखंड सचिव लाली बेदिया डाडी प्रखंड सचिव अशोक गुप्ता माले रामगढ़ जिला कमेटी सदस्य जयवीर हंसदा, जयनंदन गोप, महादेव मांझी,राम सिंह मांझी आदि ने संबोधित किया।

### धारा फॉल में मेला का किया गया आयोजन

## शीघ्र ही धारा फॉल को पर्यटन के रुप में किया जायेगा विकसित : चंद्रप्रकाश चौधरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत स्थित खाखरा गांव के धारा फोल में मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धारा फॉल को शीघ्र ही पर्यटन स्थल के रुप में विकसित किया जायेगा। इससे पूर्व यहां पूर्वजों के द्वारा पारंपरिक पूजा किया जाता है तथा ग्रामीण हर्षोल्लास के साथ मेले का आनंद लेते है। मेले के मौके पर यहां कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर मुखिया रूपा देवी, प्रमुख गीता देवी, अमृत लाल मुंडा, युवा नेता पियूष चौधरी, चरित्र मुंडा,नरेश मुंडा, जयनाथ मुंडा, शिवा करमाली, उप मुखिया अविनाश कुमार, अजय गुप्ता ,दिपक मुंडा, गोबिंद मुंडा, लव कुमर महतो ,काली महतो,मंसू हेंब्रम,मनोज मुर्मू, बद्रीनाथ, आशीष ,सुरेश करमाली आदि सामिल थे।

## रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण बैठक रांची रोड यश टावर में रखी गई। जिसकी अध्यक्षता मुन्ना पासवान ने की व संचालन जक्काउल्ला ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्याकारी अध्यक्ष शाहजादा अनवर , पूर्व विधायक ममता देवी व रामगढ़ के प्रभारी सुरेंद्र सिंह उपस्थित हुए। बैठक में आगामी फरवरी माह में राहुल गांधी का आगमन झारखंड में होना है उनकी यात्रा भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल आयोजन पर चर्चा की। इस बैठक में मुख्य रूप से जोहर बाल मंच के स्टेट कोऑर्डिनेटर तारिक अनवर , चितरंजन दास चौधरी चंद्रशेखर पटवा ,राजेंद्र नाथ चौधरी अख्तर आजाद, भैरव ठाकुर, जनार्दन पाठक, वीरेंद्र नारायण सिंह, प्रकाश करमाली ,बलराम साहू, सागर महतो संतोष सोनी, राम विलास महतो, प्रकाश करमाली, दिगंबर महतो, जोवा परवीन, गगन करमाली ,पिंटू अंसारी मोहम्मद सलीम खान, महेश यादव साकेत सुमन, शमसूद खान सहित सौंकडो कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

## छावनी क्षेत्र की रजिस्ट्री शुरू हुई

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला अवर निबंधन पदाधिकारी मनोजीत कुमार से जाकर मिला एवं उनसे राज्य सरकार के आदेश के आलोक में उपायुक्त रामगढ़ के निर्देशानुसार छावनी परिषद के आठों वार्ड की रजिस्ट्री का कार्य शुरू करने का अनुरोध किया। इस पर रजिस्टर ने कहा कि छावनी परिषद के अंतर्गत जिस भी भू-मालिक को जमीन की रजिस्ट्री कराना हो वह रजिस्ट्री का दस्तावेज तैयार कर कार्यालय में जमा कर दें। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के अधिवक्ता ने उपायुक्त रामगढ़ को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया एवं कहा की उनके प्रयास से छावनी परिषद के आठों वार्ड में लंबित निबंधन का कार्य प्रारंभ हो सका इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के संयुक्त सचिव शंभूनाथ प्रसाद पूर्व उपाध्यक्ष झलक देव महतो अधिवक्ता प्यारी महतो कैलाश कुमार सतनारायण राम अशोक कुमार तिवारी उपस्थित थे।

## रामगढ़ नाई समाज ने सरकार से केश कला बोर्ड का शीघ्र गठन करने की मांग की

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को स्थानीय डाक बंगला गोला परिसर में नाई समाज गोला प्रखंड का बैठक संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता गोला प्रखंड अध्यक्ष धनेश्वर ठाकुर एवं संचालन सचिव संतोष ठाकुर ने किया धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष रामकुमार ठाकुर ने किया ।आज के बैठक में मुख्य अतिथि स्वरूप रामगढ़ जिला नाई समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर पूर्णकांत कुमार ठाकुर उपस्थित थे। इस बैठक मे सभी सदस्यों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया। उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 27 जनवरी 2024 को गोला में नाई समाज द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती सह मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया, रामगढ़ जिला नाई समिति द्वारा बनाए गए सैलून संचालकों के लिए रेट चार्ट पर विचार विमर्श किया गया। गोला प्रखंड में नाई समाज का धर्मशाला निर्माण करने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। केश कला बोर्ड गठन करने की मांग राज्य सरकार से करने पर निर्णय लिया गया । आज के बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित लोग उपस्थित हुए जिला सचिव श्री लालचंद ठाकुर जिला संरक्षक महेंद्र ठाकुर गोला प्रखंड उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर सचिव संतोष ठाकुर संरक्षक सिकंदर शर्मा कोषाध्यक्ष रामकुमार ठाकुर ,विक्रम शर्मा संरक्षक महेंद्र शर्मा ,अरुण ठाकुर विशेश्वर ठाकुर ,मंटू शर्मा मुकेश शर्मा ,बहादुर ठाकुर, बाबूलाल ठाकुर ,घलटू ठाकुर ,हेमलाल ठाकुर ,वासुदेव ठाकुर, मदन ठाकुर ,मन्नू ठाकुर इनके अलावे नाई समाज गोला के अन्य सक्रिय सदस्य शामिल हुए।



## विस्थापितों की विभिन्न मांगों पर क्षेत्रीय सचिव राजू यादव बिरसा पीओ से मिले

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के तिलका मांझी चौक स्थित बिरसा परियोजना कार्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संरक्षक राजू यादव ने बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी एवं सभी पदाधिकारियों ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान राकोमयू व विसमो के संरक्षक राजू यादव ने विस्थापित ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओ पर गहनतापुर्वक चर्चा किये। वहीं राजू यादव ने कहा कि विस्थापित क्षेत्र की स्थिति दयनीय हो चुकी है। सीसीएल क्षेत्र होने के बावजूद भी मुल सुविधाओं से यहां के विस्थापित वंचित हो रहे हैं।इस पर बिरसा प्रबंधन को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं उरीमारी जरजरा पहाड़ी शिव मंदिर से जामुन टोला होते हुए पारगढा पोटंगा तक एवं असवा तिलैया मार्ग को पक्की सड़क बनाने की मांग की गई। वहीं बिरसा परियोजना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सक सेवा व ग्रामीणो को बिजली, पानी की सुविधा बहाल करने पर परियोजना पदाधिकारी को विषेश ध्यान आकृष्ट कराया गया। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, डा जीआर भगत,विसमो सचिव महादेव बेसरा, कंचन मांझी,लालो महतो, विश्वनाथ मांझी,कानू मरांडी,जतरू बेसरा, शिगू मांझी, रवि पावरीया,चन्दू जायसवाल,कुला प्रजापति, सुखलाल मांझी,दीपक कुमार यादव,पुरन मांझी, पंडरा मांझी,रतन मांझी आदि लोग मौजूद थे।



# मारपीट और गाली गलौज को लेकर सिमरिया थाना में कार्रवाई का लगाया गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के एदला टोला खुटेरवा में मारपीट एवं लूटपाट के साथ गाली गलौज को लेकर भुक्तभोगी ने लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। यह मारपीट एदला गांव के टोला खुटेरवा के रमेश भुईंया व उनके परिजनों के साथ एक समूह बना कर किया गया है। लिखित आवेदन में भुक्तभोगी रमेश भुईंया ने कहा है कि 14 जनवरी को शाम 5 बजे घर के सभी सदस्य घर में बैठे थे तभी बासुदेव साव और भरत साव के साथ अन्य कई बच्चे मेरे घर के पास साउंड के साथ नाचते गाते आए और मेरे घर के जमीन में झंडा गाड़ने लगे। मैं इसका विरोध किया। विरोध के बाद सभी वापस चले गए। देर शाम 7-30 बजे पुनः लगभग 20 व्यक्ति लाठी डंडे लेकर मेरे घर के पास पहुंच गए। जिसमें सुनील साव,खुशी साव,अशोक साव, बिराज साव, राजेन्द्र साव, आनन्द कुमार, मुकेश साव, भरत साव, ओम प्रकाश साव, गणेश साव, लाटो साव,राहुल साव, बासुदेव साव,पिंटू कुमार, दिवाली साव, इनके अलावे अन्य कई लोग शामिल थे। सभी नामजद लोग मेरे घर में घुस कर मेरी पुत्री एवं पुत्र तथा पत्नी के अलावे मेरे दो बहुओं को भी लात घुसा से मारते हुए जमीन पर पटक दिया ।वहीं मेरी पत्नी के द्वारा बचाव करने पर बलाउज फाड़ दिया ।साथ में गला में पहना जेवर एवं दुकान में रखा रुपया भी ले भागे । जाते जाते पुआल के मचान में आग लगा दिया और धमकी दिया कि तुम जहां जाओगे हम देख लेंगे साथ जाती सूचक शब्दो का भी इस्तेमाल करते हुए अभद्र अभद्र गाली गलौज किया। जिसे लेकर रमेश भुईंया ने सिमरिया थाना प्रभारी को आवेदन देकर जांचों उपरांत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की मांग की है।

# जैविक खेती से संबंधित तीन दिवसीय किसानों का प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सिंगल विंडो सेंटर में किसानों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जा रहा है यह कार्य मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के निगरानी में संध्या महाशक्ति सेवा केंद्र भोपाल एवं जैविक जीवन प्रा0लि0 भोपाल व कृषि चौधरी चरण सिंह राष्टीय कृषि विकास एवं वीपाटन संस्थान जयपुर के तत्वावधान में आयोजन किया गया है। जहां किसानों को जैविक खेती से संबंधित कई तरह की जानकारियां बताई जा रही है। जहां जैविक खेती का लाभ तथा जैविक खाद बनाने से संबंधित सुधांशु शर्मा के द्वारा बताया गया। और खेती में रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं करना चाहिए रासायनिक खाद का प्रयोग करने से कई प्रकार की बीमारी होती है। तथा संध्या लकड़ा ने बताया कि जैविक खाद का प्रयोग करना चाहिए।इससे कोई भी बीमारियों को रोका जा सकता है।मौके पर उपस्थित अखिलेश श्रीवास्तव बिटीएम अरमेन्द्र पांडेय एटीएम दीनदयाल प्रसाद पूर्व मुखिया योगेंद्र सिंह पूर्व पंचायत समिति प्रतिनिधि प्रसादी पासवान प्रतिमा देवी सरिता देवी नीलम कुमारी काफी संख्या में प्रशिक्षण लेने के लिए उपस्थित थे ।

# खाता 2 पलौट 76, 77 बकचौमा में 50 एकड़ ग़ैरमजुरूआ भूमि रहते हुए भी उपकारा जेल पर लगा है चन्द्रग्रहण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के टंडवा मुख्य सड़क बाबा पेट्रोल पंप के समीप लगभग 52 एकड़ ग़ैरमजुरूआ भूमि मौजूद है। जिसमें आलीशान उपकारा जेल बनाया जा सकता है। आपको बता दें कि उपकारा जेल बनाने के लिए अंचल के पास पर्याप्त भूमि नहीं मिल पा रही है जिसके कारण उपकारा जेल बनाने में चन्द्रग्रहण सा लग गया है। यदि उक्त भूमि पर उपकारा जेल बन जाता है तो जेल के साथ साथ करीब दो सौ युवाओ का रोजगार मुहैया होगा। जबकि उक्त खाता नम्बर 02 पलौट नम्बर 76,77 मौजा बकचौमा में करीब 52 एकड़ भूमि सरकारी यानी ग़ैरमजुरूआ भूमि पर्याप्त है। जिसमें सरकारी बिल्डिंग या उपकारा जेल बनाया जा सकता है। पूर्व में पुरजोर खबर प्रकाशित किए जाने के बाद सिमरिया अंचल द्वारा उक्त भूमि पर सरकारी बोर्ड खरीद बिक्री एवं मकान निर्माण पर पाबंदी की लगा कर खाना पूर्ति कर दी गयी है। जबकि आए दिन उक्त ग़ैरमजुरूआ भूमि पर मकान एवं दुकान बन रहा है। साथ हीं अंचल द्वारा लगाया गया बोर्ड को भी ठेंगा दिखाया जा रहा है। वहीं फर्जी कागजात बना कर यहां तक लोग ऑनलाइन में भी अपने अपने पुत्र के नाम से जमीन अपने नाम कर लिया गया है।जो बिल्कुल अवैध है। यदि वैसे कागजातों को गहनता से जांच किया जाय तो फर्जी कागजात का पोल खुल जाएगी। किन्तु आखिर ऐसा करेगा कौन।ग्रामीणों का कहना है कि अंचल द्वारा बोर्ड लगाने के बावजूद भी धड़ल्ले से लोग मकान दुकान का निर्माण कर रहें है। और अंचल कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है ।जबकि यह भूमि अंचल के नाक के नीचे वाली कहावत के तरह महज एक किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। यदि इस खेल में अंचल सक्रिय रहता तो आज सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को 420 के तहत जेल के सलाखों में रहते और उक्त जमीन पर बने मकान दुकान को उतर प्रदेश के तरह धाराशाही कर अपने कब्जे में कर लिया जाता । वहीं अनुमण्डल पदाधिकारी सन्नी राज एक तेजतर्रार आईएएस अफसर हैं जिनके सिमरिया में पदभार लेने से भूमाफियाओं में हड़कंप मची हुई है। एसडीओ सन्नी राज ने बताया कि अनुमण्डल क्षेत्र जो भी गलत कार्य करते पाए जाएंगे उन्हें कानून नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं उक्त खाता पलौट को अविलंब जांच पड़ताल करते हुए भूमाफियाओं के शिकंजे से अविलंब मुक्त कराया जाएगा। उक्त मामला की जानकारी मिल चुकी है। वैसे गलत लोगों को किसी हाल में बख्सा नहीं जाएगा।

# किसान की बेटी की ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जलवा बरकरार गोल्ड मेडल जीतकर प्रखंड का नाम रौशन की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** झारखंड राज्य ताइक्कांडो प्रतियोगिता में मयूरहंड प्रखंड के ढोढी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद वर्मा पेशे से किसान हैं। खेती-बारी कर जीवन निर्वाह करते हैं लेकिन अपनी बच्ची को आत्मरक्षा के साथ-साथ बेहतर शिक्षा के लिए हजारीबाग के एक निजी स्कूल में पढा रहे हैं जहां पर बेहतर एजुकेशन के साथ-साथ लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाते हैं। साधारण परिवार में जन्मी रूपाली राज वर्मा बचपन से ही प्रतिभा की धनी रही है। पिछले साल भी झारखंड राज्य ताइक्कांडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर प्रखंड का नाम रौशन की थी लेकिन इस वर्ष झारखंड राज्य ताइक्कांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर सिर्फ अपने मां-बाप का नाम ही नहीं बल्कि प्रखंड और चतरा जिला का भी नाम रौशन की है।गौरतलब हो कि झारखंड राज्य के अलग-अलग जिलों से कुल 470 लड़कियों ने ताइक्कांडो प्रतियोगिता में हिस्सा ली थी। जिसमें रूपाली राज वर्मा प्रथम पुरस्कार के तौर पर गोल्ड मेडल जीतकर खासकर लड़कियों के लिए एक नई मंजिल की राह तैयार कर रही है।

# रैयतों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** मगध कोल परियोजना क्षेत्र अंतर्गत मासीलौंग में निर्माणधीन कन्वेयर बेल्ट को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया । इस वार्ता में एनटीपीसी, सीसीएल अधिकारी, अपर समाहर्ता एवं रैयतों के साथ वार्ता जारी।

# मुखिया संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा, कई प्रस्ताव पारित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के किसान भवन परिसर में मंगलवार को मुखिया संघ की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने की। जबकि संचालन शकुंतला देवी ने की। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें जल नल योजना में बरती जा रही अनियमितताओं की शिकायत चतरा उप विकास आयुक्त से की जाएगी। डीएमएफटी मद की दो करोड़ रुपए की योजना प्रत्येक वर्ष पंचायतों को उपलब्ध कराना, इस बाबत संघ के एक प्रतिनिधि मंडल चतरा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग करेगा और समस्त पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय 26 जनवरी से पूर्व भुगतान करने की मांग शामिल है। बैठक में पुरण राम, चंदा देवी, बीना देवी, सुनीता कुमारी, उमेश राम, कविता देवी, मनोरंजन सिंह, चोपे मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार भोगता, मुखिया प्रतिनिधि करम साहू, प्रतिनिधि सुरेश महतो सहित संघ के सदस्य मौजूद थे।

# डीसी के निर्देश पर डी.आर.डी.ए निदेशक ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर डी.आर.डी.ए निदेशक अरुण कुमार एक्का द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राशन कार्ड, अबुआ आवास, से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है।डी.आर.डी.ए निदेशक ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## लातेहार की खबरें

# राज्य के 13 जिलों में राहुल गांधी करेंगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा : मुनेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के माको डाक बंगला परिसर में मंगलवार को कांग्रेस की बैठक जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव की अध्यक्षता मे हुई।बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर चर्चा की गयी। जिला अध्यक्ष श्री उरांव ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत मणिपुर से की है. उन्होंने कहा कि देश के 110 जिलों में राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा करेंगे जिसमें झारखंड के 13 जिले शामिल है। उन्होंने कहा कि झारखंड में राहुल गांधी धनबाद से प्रवेश करेंगे जो 8 दिन की यात्रा के दौरान 804 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने 66 दिन मे देश के 15 राज्यों में कुल 6713 किलोमीटर की यात्रा करेंगे और देश की जनता से जुडेंगे।मौके पर सुरेंद्र भारती, रामयश पाठक, अजित पाल कुजूर, आफताब आलम, लाल आशिष नाथ शाहदेव, रीगन प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, असगर हुसैन, महेंद्र प्रसाद, टिंकू बाबा व राजकिशोर समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शेरेगड़ा में दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद एक समुदाय के लोग ने की बैठक, गिरफ्तारी का मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के शेरेगड़ा ग्राम में सोमवार को लोडिंग स्लिप लेने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद समाजसेवी रंजीत यादव पर एक समुदाय के लोगों द्वारा किए गए जानलेवा हमला के विरोध में मंगलवार को एक समुदाय के लोगों ने बैठक करते हुए घटना का विरोध किया व पुलिस प्रशासन से दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि उभरता हुआ युवा चेहरा रंजीत यादव को दबाने के उद्देश्य से सामाजिक तत्वों द्वारा यह हमला की गई है ।जबकि यादव नेता बली यादव ने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों को सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने कहा कि यह हमला रंजीत यादव का नहीं बल्कि सनातन धर्म पर हमला है जिसे सनातन सनातनी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। वही बिहारी यादव, प्रीतलाल यादव,सुभाष यादव, प्रदुम यादव,कामेश्वर राम, आनंदी प्रसाद गुप्ता सतन सिंह, कुलदीप यादव, प्रदीप यादव मनोज यादव समेत दर्जनों लोगों ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक विशेष संप्रदाय के कुछ सामाजिक तत्व जो इस हमले में शामिल है। उसे गिरफ्तार करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वही सर्वसम्मति से 20 सदस्य कमेटी बालूमाथ थाना प्रभारी से मिलकर दोषियों को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार करने एवं रंजीत यादव को सुरक्षा दिए जाने की मांग की। इधर घटना के दूसरे दिन भी आपसी शौहर्द बिगड़ने से रोकने के लिए बालूमाथ पुलिस के जवान गस्त करते नजर आए।मौके पर लखन राणा, पदुम यादव, देवनारायण यादव, ललसू भुइयां, जीतू साव, संजय यादव, सहेंद्र राम, सुरेश गंझू, बहादुर सै, दशई साव, महेंद्र यादव, अमित कुमार, हरिहर यादव, चंद्रमोहन यादव समेत कई हिंदू समुदाय के दो हजार लोग उपस्थित थे । इधर दूसरे समुदाय के मो.हसन, मों0महफ़ूज़ और मो0अजहर ने तीन अलग-अलग बालूमाथ थाना में आवेदन देकर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

# गरीबों व जरूरतमंदों के बीच किया कंबल, चूड़ा व गुड़ का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सोमवार को जिला मुख्यालय के बहेराटाड़ में मकर संक्रांति के अवसर पर अखिल झारखंड कामगार यूनियन की ओर से जरूरतमंदों, गरीबों के बीच कंबल, चूड़ा व गुड़ का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि लातेहार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी युवा नेता श्रवण पासवान ने कहा कि जरूरतमंदों को सेवा और सहयोग करना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए हमारी संस्था समय-समय पर लोगों को जागरूक और उनके मूलभूत अधिकारों के प्रति आवाज़ उठाती है। उन्होंने कहा की समाज से ही सरकार है। इसलिए सामाजिक कार्यों के प्रति लोगों को अपनी मूलभूत अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए। लोगों को सहयोग हेतू संस्था हर समय तत्पर रहती है। इस दौरान 200 गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर लंबू भुइयां, जुबैर अंसारी, नंदकिशोर यादव, भुनेश्वर राम, मिथिलेश पासवान, गजेंद्र प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

# प्रथम हाजिरी बनाकर शिक्षक श्याम लाल गुप्ता नदारद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत चुंगरु के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पिपराही टोला के प्रभारी शिक्षक श्याम लाल गुप्ता मंगलवार को प्रथम हाजिरी बनाकर बगैर किसी लिखित सूचना के गायब हो गए। जहा इस संबंध में मौजूद शिक्षक ने बताया कि सर आए थे प्रथम हाजिरी बनाकर बरवाडीह चले गए। उन्होंने बताया कि वन टू फाइव क्लास में कुल बीस बच्चों की उपस्थिति है। वहीं ठंड के मद्देनजर बच्चों के शरीर पर निम्न स्तर के स्वेटर ड्रेस उपलब्ध कराकर उनके हक मारे गए हैं। जहां रसोईया द्वारा बंद कमरे मे मध्याह्न भोजन लकड़ी के चूल्हे पर बनाने में काफी परेशान थी उन्होंने बताया कि हर दिन इसी तरह धुएं में खाना बनाना पड़ता है। वहीं विद्यालय में पानी की सुविधा नहीं रहने से रसोईया घर से पानी लाकर खाना बनाती है और बच्चे घर से बोतल में पानी लाकर भोजन करते हैं। विद्यालय में कुछ दिन पहले 15 वें वित्त से 2 लाख 33 हजार रुपए की लागत से जलापूर्ति योजना के तहत मोटर , टंकी लगाया गया है। पानी नहीं रहने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# अनैतिक कार्य करने वाले निजी नर्सिंग होम के विरुद्ध कार्रवाई की लिए जिप उपाध्यक्ष उपायुक्त को लिखा पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी के द्वारा बरियातू थाना क्षेत्र के जबरा निवासी सिद्धेश्वर मिस्त्री की पत्नी गीता देवी को धोखे से झोलाछाप के द्वारा किए गए अनैतिक कृत्य के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उपायुक्त एवं सिविल सर्जन लातेहार को पत्र लिखा है द्य अपने पत्र में अनिता देवी ने बताया कि सहिया दीदी दिव्या कुमारी के द्वारा यह बोलकर कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बंध्याकरण कार्यक्रम चल रहा है आप भी अपना ऑपरेशन करा लिजिए, ले जाया गया। रास्ते में उनके द्वारा यह बोला गया कि आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बंध्याकरण बन्द है बोलकर धोखे से बरियातू के मां उग्रतारा नर्सिंग होम में झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा गीता देवी का ऑपरेशन (बंध्याकरण) करवा दिया गया। सिद्धेश्वर मिस्त्री ने बताया कि ऑपरेशन 2 घंटा चला और बीमारी बताकर शरीर का कोई अंग ओबरी भी निकाल लिया गया। गीता देवी तो बच गयी परन्तु उनके साथ ऐसी अमानवीय कृत करने का दोषी सहिया, झोलाछाप एवं निजी नर्सिंग होम के संचालक के विरूद्ध जांचोपरान्त आवश्यक कानूनी कार्रवाई कराने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी लिखा है कि जिले में संचालित ऐसे अन्य निजी नर्सिंग होम में भी इस तरह के कार्य करने की सूचना मिलती रहती है। दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने की कृपा की जाय ताकि इस तरह की अमानवीय घटना की पुनरावृति न हो सकें। साथ ही जिले में संचालित ऐसे अन्य निजी नर्सिंग होम की जांच भी आवश्यक है।

# मतदाताओं को मतदान के प्रति किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर प्रखंड के सूदूरवर्ती पंचायत बालुभांग के चार बुथों में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम मशीन व वीवी पैट का प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। नागरिकों ने ईवीएम मशीन द्वारा वोट डालने का नमूना देखकर अधिकारियों से जानकारी ली।जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर बालुभांग पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 29 इन्दुआ,30 हेरनहोप्पा, व 31,32 बालुभांग में पुलिस के निगरानी में प्रशिक्षक के द्वारा इवीएम परदर्शनी वैन के माध्यम से प्रचार प्रसार कर पोषक क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने को लेकर जागरूक किया गया।उन्होंने ने आगे बताया कि फुलसु पंचायत के सभी छ मतदान केंद्रों पर 17 जनवरी को,गोनिया पंचायत के सभी छ मतदान केंद्रों पर 18 जनवरी,शिबला पंचायत के सभी पांच मतदान केंद्रों पर 19 जनवरी, अमरवाडीह पंचायत के सभी चार मतदान केंद्रों पर 20 जनवरी, टोंटी पंचायत के सभी चार मतदान केंद्रों पर 21 जनवरी, साल्वे पंचायत के सभी पांच मतदान केंद्रों पर 22 जनवरी,सदर पंचायत बारियातू के सभी छ मतदान केंद्रों पर 23 जनवरी व डाढा पंचायत के सभी चार मतदान केंद्रों पर 24 जनवरी को कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक एवं मतदान करने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के संस्थापक सदस्य की निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के संस्थापक सदस्य सदानंद सेन की बीते 9 जनवरी को संध्या 7~30 बजे निधन हो गई थी। जिसको लेकर मंगलवार को बड़ा बाजार स्थित जैन भवन के सभागार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने किया। वही महा समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी बंशीधर रुखैयार ने सदानंद सेन के महासमिति में बिताए गए पल को लोगों के बीच साझा किया। कार्यक्रम का मंच संचालन महासमिति के सहसंयोजक रितेश खंडेलवाल ने किया। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत सर्वप्रथम सबसे पहले सदानंद सेन की तस्वीर पर मौजूद सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद सभी लोगों ने सदानंद सेन के साथ बिताए गए पाल को लोगों के साथ साझा किया। श्रद्धांजलि सभा में कई समाज के प्रतिनिधि गण मौजूद रहे सभी ने सदानंद सेन के प्रति अपना भाव प्रकट किया। मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि सदानंद सेन का महासमिति के प्रति काफी लगाव था। महासमिति के प्रारंभ से ही इनका आशीर्वाद सभी को मिल रहा था,सदानंद सेन जी हमेशा भक्ति भाव के कार्यों में समर्पित रहते थे। मौके पर ~ अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दीप नारायण निषाद, शिवदीप सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता,बाल गोविंद निषाद, बैजनाथ गुप्ता, पवन रावत खंडेलवाल, मनोज गोयल, महेंद्र गुप्ता,नरेश निषाद, गुड्डन सोनकर,किशोर सोनी, प्रमोद खण्डेलवाल, सुरेश प्रसाद,तरुण कुमार,लखन निषाद,रितेश खण्डेलवाल, सतीश गुप्ता,अनिल मद्धेशिया पंकज कसेरा,हितेश रंजन सहित कई लोग मौजूद थे।

### झारखंडी महापंचायत से होगा बदलाव का शंखनाद



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 24 जनवरी को नगवां टोल प्लाजा स्थित हवाई अड्डा मैदान हजारीबाग में एक बड़ी सभा का आयोजन हो रहा है। इसका नाम झारखंडी महापंचायत है।स्थानीयता एवं झारखंडी मुद्दों पर केन्द्रित इस महापंचायत का आयोजन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) द्वारा किया जा रहा है। जिसमें हजारीबाग, चतरा, रामगढ़, कोडरमा, बोकारो, धनबाद, राँची, गिरिडीह समेत झारखण्ड के अन्य जिलों से युवा नौजवान एवं आम जनमानस उपस्थित होंगे।

**माटी का नेतृत्व एवं झारखंडी नीतियों पर होगी चर्चा :** पिछले 23 वर्षों से झारखंड के जनमानस अपने हक़ और अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। स्थानीयता, नियोजन, खनन, विस्थापन, पुनर्वास, ओबीसी आरक्षण, सामाजिक न्याय एवं माटी का नेतृत्व का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। इन्ही मुद्दों पर इस महाजुटान से झारखंडी युवा बदलाव का शंखनाद करेंगे। युवाओं का कहना है झारखंड में अब बाहरी लोगों की मनमानी नहीं चलने देंगे। यहाँ के लोगों के हक़ अधिकार जो छीनें जा रहे हैं उसके न्याय के लिए लड़ेंगे, अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

**जयराम महतो और संजय मेहता होंगे मुख्य वक्ता :** झारखंड में स्थानीय हक अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे क्रन्तिकारी योद्धा जयराम महतो एवं संजय मेहता इस महामंचायत के मुख्य वक्ता होंगे। जिसमें उपस्थित जनसमूह के समक्ष अपनी राय रखेंगे।

**एक हफ्ते में हजारों लोगों से मिले संजय मेहता, दिया आमंत्रण :** महापंचायत को लेकर राज्य के युवा नेतृत्वकर्ता एवं जेबीकेएसएस के संस्थापक सदस्य संजय मेहता द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही वो क्षेत्र के बडे बुजुर्गों एवं कोचिंग संस्थानों में जाकर युवाओं से मिल रहे हैं, महापंचायत में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। पिछ्ले एक सप्ताह में उन्होंने हज़ारीबाग, कटकमसांडी, कटकमदाग, बडकागांव, पदमा, बरही, चौपारण, चंदवारा, रामगढ़, मांडू, विष्णुगढ़, चरही, गोला सहित अन्य क्षेत्रों में जाकर हजारों लोगों से मुलाकात की है।मंगलवार को उन्होंने हजारीबाग शहरी क्षेत्र के मंडई, नूरा, पगमिल, पेलावाल, रोमी सहित दर्जनों स्थानों में जाकर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया एवं महाजुटान में शामिल होने की अपील लोगों से किया।

**हज़ारों लोगों तक पहुंचा आमंत्रण, उमड़ेगी लाखों की भीड़ :** महापंचायत में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति हो इसके लिए जेबीकेएसएस के अन्य पदाधिकारीगण, सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न वर्गों के लोगों से मुलाकात की जा रही है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। अब तक 50 हज़ार से भी ज्यादा लोगों तक आमंत्रण पहुँच चूका है। महाजुटान को लेकर हर क्षेत्र से युवाओं में उत्साह है। समिति के अनुसार लगभग एक लाख लोग इस महापंचायत में शामिल होंगे।सभा को सफल बनाने में आर्यकांत मेहता, कुणाल मेहता, राजदेश रतन, महेंद्र प्रसाद, संजय महतो, सूरज साहू, प्रेम नायक, श्री राज मेहता, डॉ राजेश, अजय राणा, मोहम्मद आजाद, फरीद, अल्तमस, रिजवान, जानिशार आलम, सराफत, दिनेश महतो, विकास, वरुण, मंटू मेहता समेत सैकड़ों लोग गाँव गाँव जाकर सभा में शामिल होने के लिए लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।

## आगामी लोकसभा चुनाव से सम्बन्धित तैयारी बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपादित कराने से सम्बन्धित तैयारी बैठक ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में वल्नरेबल एवं क्रिटिकल मतदान केंद्रों को चिन्हितीकरण कार्य में वर्तमान स्थितियों के मद्देनजर निर्णय लेते हुए सूची को अंतिम रूप देने पर बल दिया गया। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा रिपोर्ट तैयार करने में वर्तमान हालात को ध्यान में रखते हुए दो दिन में रिपोर्ट भेजने को कहा। साथ ही श्रीमति सहाय ने कहा सम्बन्धित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी संयुक्त रूप से स्थानीय स्थिति परिस्थितियों का समुचित एवं व्यवहारिक आकलन कर अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी के संयुक्त हस्ताक्षर से जल्द प्रतिवेदन भेजने का निदेश दिया गया। सूची तैयार करने में लापरवाही न बरतने, पुराने रिपोर्ट की कॉपी के बजाय वर्तमान हालात का अध्ययन को आधार बनाकर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मतदान टीम को हेलीकॉप्टर से पहुंचाने की आवश्यकता का भी रिपोर्ट बनाने को कहा गया। बैठक में उपायुक्त,पुलिस अधीक्षक, उप निर्वाचन अधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी मौजूद थे।

## जनसेवा हमारा पहला उद्देश्य, क्षेत्र की जनता के प्रति हूँ संवेदनशील : मनोज यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखण्ड के केदारुत पंचायत अंतर्गत ग्राम देवचंदा गांव में बीतें कई दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव से की। जिसके बाद पूर्व विधायक मनोज यादव ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही उनके गाँव में नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जायेगा। मंगलवार को 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर पूर्व विधायक के सौंजन्य से उपलब्ध कराया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की उपस्थिति में जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, स्थानीय मुखिया सरिता देवी एवं वार्ड सदस्य सुषमा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। नया ट्रांसफार्मर पाकर ग्रामीण काफ़ी खुश नजर आये और पूर्व विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि आपलोगों का प्यार और आशीर्वाद पाकर सुखद अनुभूति प्राप्त हुआ।

## सशिवि मंदिर कुम्हारटोली की तीन छात्राओं ने जीता राज्य ताइक्कांडो में गोल्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली हजारीबाग की बहन सृष्टि कुमारी, लकी कुमारी एवं तानिया मित्तल ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी को आत्मरक्षा सिखाओ के भाव के साथ धनबाद में आयोजित दो दिवसीय तृतीय महिला झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया द्य राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में तीनों बहनों के स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव, संजय उपाध्याय एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने बधाई एवं शुभकामना दिया है।मंगलवार को वंदना सभा में तीनों बहनों को बधाई एवं शुभकामना संदेश दी गई द्य मौके पर विद्यालय के आचार्य अमरदीप कुमार, प्रशिक्षक हेमंत कुमार, आचार्य राहुल कुमार पासवान,नरेंद्र कुमा सिन्हा, भैया- बहन एवं आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के अखंड में डूब चुकी है कटकमसांडी : भुवनेश्वर मेहता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कटकमसांडी प्रखंड कार्यालय के समक्ष आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया , जिसमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता , राज्य सचिव महेंद्र पाठक डॉक्टर प्रोफेसर अनवर हुसैन सहायक जिला सचिव निजाम अंसारी उपस्थित थे । पूर्व सांसद मेहता ने कहा कि कटकमसांडी प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है ।दाखिल खारिज से लेकर जाति आवासीय बनाने तक में भी बड़े पैमाने पर रुपए के वसूली की जा रही है ? उन्होंने कहा कि देश में धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाया जा रहा है । देश में महंगाई बेकारी भ्रष्टाचार चरम पर है। जिससे निजात पाने के लिए जनता को संघर्ष में आगे आना होगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म के नाम पर राजनीतिक कर रही है। पाठक ने कहा कि देश में महंगाई बड़ी समस्या है। बेरोजगारी के आलम चरम पर है। लेकिन अपने 10 साल के नाकामी को छिपाने के लिए भारतीय जनता पार्टी अयोध्या और राम मंदिर की सहारा ले रही है । अपने किए गए चुनावी वादे में भुल चुकी है। देश को कर्ज में डुबो दिया ,जनता हिसाब मांग रही है, तो धर्म के नाम पर लोगों को बांटा जा रहा है। देश में भ्रष्टाचार चरम पर है।

## झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने 15 सूत्री मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बरही इकाई ने मंगलवार को बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी को पन्द्रह सूत्री एक ज्ञापन दिया, जो झारखण्ड के राज्यपाल को संबोधित है। ज्ञापन में झारखण्ड आंदोलनकारियों के संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित करने, झारखण्ड आंदोलनकारी की चिन्हितिकरण के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, चिन्हितिकरण युद्ध स्तर पर करने, चिन्हित किए गए आंदोलनकारियों को संपुष्टि कर अधिसूचित करने व गज़ट में नाम प्रकाशित करने, झारखण्ड आंदोलनकारियों को राजकीय सम्मान, प्रति माह पचास हज़ार रुपये सम्मान राशि, नियोजन व रोजगार में दस प्रतिशत क्षेतिज आरक्षण, चिन्हितिकरण आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों को राजमंत्री का दर्जा देने सहित अन्य कई मांगों का उल्लेख किया गया है.। ज्ञापन पर झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बरही अनुमंडल संयोजक जावेद इस्लाम, अनवर हुसैन, युवराज प्रसाद, मो आज़ाद, मो निसार, खुर्शीद अनवर, कमरुद्दीन, डॉ जागेश्वर प्रसाद, नेहाल, शहजाद अंसारी सहित कई आंदोलनकारियों के हस्ताक्षर है।

## सांसद को अयोध्या राम मंदिर का मॉडल भेंट सांसद महारत्न पुरस्कार मिलने पर दिया बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद सह के अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा को सांसद महारत्न किए जाने पर उनके आवास ऋषभ वाटिका में पहुंचकर सांसद प्रतिनिधि सह जैविक कृषि प्रकोष्ठ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक अनूप भाई बधाई देते हुए ,अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर का मॉडल भेंट कर शुभकामना दिया।

हजारीबाग जिला के कृषि विभाग के सांसद प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह ,समाजसेवी चंद्रदेव शर्मा पुष्प फूल का गुलदस्ता देकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दिया। सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई ने कहा कि होने वाली लोकसभा चुनाव में हम सब मिलकर 5 लाख से अधिक मतों से हजारीबाग लोकसभा में विजय प्राप्त करेंगे ,जिसके लिए अभी से ही कमर कर चुके हैं । विरोधियों को चुनाव में धूल चटाने के लिए तैयार है।

# जिला महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला महिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता जिला महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष बेबी देवी नें किया । मुख्य अतिथि पिंकी सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैया को देखते अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी ने सभी जिले में मैत्री महासम्मेलन करने का निर्णय लिया है इसी कड़ी मे 19 जनवरी को हजारीबाग में लोकसभा के चुनाव को लेकर मैत्री महासम्मेलन करना है इसे युद्ध स्तर पर करने के लिए जिला महिला कांग्रेस तैयार रहेंगी । अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें कहा कि आगामी हजारीबाग में 19 जनवरी को जिला महिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर मैत्री महासम्मेलन करना है उसकी सफलता के लिए जिला कांग्रेस कमिटी जिला महिला कांग्रेस कमिटी के साथ खड़ी है ।

कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव असगरी अंजूम तथा धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी के प्रदेश सचिव रेणू देवी ने किया ।

मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान , जिला महासचिव डॉ. प्रकाश कुमार पूर्व जिला महिला अध्यक्ष अन्नू विश्वकर्मा प्रखंड अध्यक्ष पूनम कुमारी, पूनम देवी, गीता देवी, संगीता देवी, प्रतिमा देवी, जितनी देवी, सुगिया देवी, कौशल्या देवी, रीता देवी, कंचन देवी,कोमल कुमारी, पूजा कुमारी, कुसुम कुमारी, सरस्वती देवी, फूलवंती देवी, लक्ष्मी देवी, उर्मिला देवी, बबिता देवी, सुषमा देवी, सरोज देवी, काजल कुमारी के अतिरिक्त कई महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थीं ।

## सदर विधायक ने जरूरतमंद दो मरीजों के उपचार के लिए दी आर्थिक सहायता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जरूरतमंद मरीजों के इलाज में सहयोग के लिए हर वक्त तत्पर रहने वाले सदर विधायक मनीष जायसवाल क्षेत्र के गरीब,लाचार और बेबस मरीजों के लिए मसीहा बनकर उभरे हैं।

मंगलवार को हजारीबाग के ऐसे ही दो जरूरतमंद मरीजों के ईलाज में श्री जायसवाल ने आर्थिक सहयोग किया। हजारीबाग शहर के जीवन पथ, कुम्हारटोली निवासी कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज़ धनंजय कश्यप अपनी धर्मपत्नी के साथ और दारू निवासी सड़क दुर्घटनाग्रस्त मरीज नीरज कुमार के पिता तुलसी राम विधायक मनीष जायसवाल के दफ्तर में सहयोग मांगने पहुंचें थें।

विधायक मनीष जायसवाल ने तत्काल कैंसर से जूझ रहे मरीज धनंजय कश्यप को निजी स्तर से 25 हज़ार रुपए का सहयोग पहुंचाया। इनका इलाज गुजरात के सूरत स्थित किरण हॉस्पिटल सेंटर में चल रहा है।

वहीं सड़क दुर्घटना में घायल हुए मरीज़ 20 वर्षीय नीरज कुमार के इलाज के लिए 10 हज़ार का सहयोग दिया। नीरज कुमार का इलाज चेन्नई के एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। इससे पहले भी कई मरीजों को उन्होंने निजी स्तर से इलाज के लिए सहयोग किया है। इधर सहयोग पाकर जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों ने विधायक मनीष जायसवाल का आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया ।

इस बाबत पूछे जाने पर श्री जायसवाल ने दो टूक कहा,%मैं अपने दायित्व का निर्वहन करने का सकारात्मक प्रयास करता रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा,किसी का भाई बनकर तो किसी का बेटा बनकर।

# कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का ललिता देवी ने किया उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ बाल विकास विद्यालय के बगल में मुख्यमंत्री सारथी योजनान्तर्गत सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी ललिता देवी के द्वारा विधिवत फीता काटकर दीपप्रज्वलन कर किया गया।संस्थान के संचालक अमर सोनी ने बताया कि यह संस्थान झारखंड स्किल डेवलपमेंट के सक्षम योजना के तहत संचालित किया जा रहा है,इस संस्थान में झारखंड के बेरोजगार 18 -35 वर्ष महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।इस केंद्र में 520 सीट की मान्यता मिली हुई है। जिसमें फैशन डिजाइनिंग,जीडीए के तहत नर्स असिस्टेंट तथा ऑफिस असिस्टेंट की ट्रेंनिंग निशुल्क दी जायेगी। जिसमें आवास एवं खाने की भी व्यवस्था दी जायेगी।इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ललिता देवी ने कहा कि आधी आबादी के कौशल विकास के लिए जो कदम उठाए जा रहे है,वो सराहनीय है।आधी आबादी महिला सशक्त होती है,तो भारत को विकसित होने में समय नही लगेगा।आज इस कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन करने का शौभाग्य मिला और यहाँ की सुविधाओं को देखकर काफी अच्छा लगा,कौशल विकास की पूरी टीम बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बधाई की पात्र है। आगे की बात बढ़ाते हुए डॉ. ए. के सिंह ने कहा कि पूर्व की शिक्षा कौशल परक नही थी,परन्तु अब की सरकारो ने इस पर विशेष ध्यान दिया है।जिसके तहत कौशल प्रशिक्षण केंद्र खोले जा रहे है। इन कौशल विकास केंद्रों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को इस तरह के प्रशिक्षण लेने की जरूरत है।हमारा कौशल विकास केन्द संस्थान विशेष कर महिलाओं को प्रशिक्षित करने का है। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिप सदस्य सरस्वती देवी,मुखिया निर्मल कुमार,पंसस मुन्नी देवी,विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव,रविन्द्र कुमार बर्णवाल,नितिन रावत,महेंद्र कुमार महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बड़कागांव के गोंदलपुरा व हाहे गांव में 30 हाथियों के झुंड का आतंक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम हाहे और गोंदलपुरा गांव में बीती रात हाथियों के झुंड ने जम कर उत्पात मचाया। लगभग 30 की संख्या में हाथियों का झुंड रात्रि लगभग 9 बजे ग्राम हाहे पहुंच गया। जब तक लोगों को पता चलता हाथियों ने हसीब अंसारी के घर को बुरी तरह से छतिग्रस्त कर दिया। घर में रखे चावल, गेहूं, आलू, धन सहित अन्य खाद्य सामग्री को हाथी चट कर गए। नसीर अंसारी के घर को भी हाथियों ने तोड़ दिया और घर में रखे खाद्य सामग्री को हाथी चट गए। खेत में लगे आलू, प्याज और सरसो के फसल को हाथियों ने रौंद दिया। ग्रामीणों को सूचना मिलने पर हाथियों को खदेड़ दिया गया। इस बीच हाथियों ने गन्ना, गेहूं, आलू, सरसों सहित अन्य फसलों को अपने पैरों तले रौंद दिया। लगभग 2 बजे रात हाथियों का झुंड गोंदलपुरा गांव पहुंच गया। गोंदलपुरा गांव में हाथियों ने जम कर उत्पात मचाया। जनार्दन महतो के घर को तोड़ कर घर में रखे 4 क्यूंटल चावल, धान 12 क्विंटल, चौकी, बर्तन, एवं चावल में छिपा कर रखे 35000 रुपए भी हाथी खा गए। सोहित महतो के घर को पूरी तरह से छतिग्रस्त कर दिया। घर में रखे 2 क्विंटल चावल, खाद्य सामग्री, एवं चावल में छिपा कर रखे 40 हजार रुपए भी हाथी चट गए। घर के पीछे केला का बागान, आलू, प्याज, सरसो और मटर की खेती को बरबाद कर दिया। हाथी के हमले में सोहित महतो घायल भी हो गए हैं। हाथी जब घर तोड़ने लगे तो चौकी के नीचे छिप गए। घर टूट कर चौकी के ऊपर गिर गया जिससे सोहित महतो दब गए। हाथियों के भागने के बाद लोगों ने घर के मलबे से सोहित महतो को निकाला। उपेंद्र महतो के खेत में लगे आलू के फसल को नष्ट, खस्सी 2 गोविंद महतो के घर को भी हाथियों ने छतिग्रस्त कर दिया। घर के लोहे की 4 खिड़की, दरवाजा और 8 डिसमिल में लगे आलू के फसल को हाथियों ने बर्बाद कर दिया। लखन महतो के घर को तोड़ कर घर में रखे चावल, गेहूं, धान, आलू सहित अन्य खाद्य सामग्री को हाथी चट गए। स्व सुरेंद्र करमाली के घर को भी हाथियों ने ध्वस्त कर दिया। घर में रखे चावल, आलू सहित अन्य खाद्य सामग्री और चावल में छिपा कर रखे 40 हजार रुपए भी हाथी खा गए। साजन, राजेश करमाली और देवनाथ करमाली के घर को भी हाथियों ने छतिग्रस्त कर दिया और खाद्य सामग्री चट कर गए। शोकालु और पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, जिप सदस्य सुनीता देवी घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान अंबा प्रसाद और सुनीता देवी ने रोते बिलखते पीड़ित परिवारों को ढाढस बंधाया और जल्द से जल्द वन विभाग से मुआवजा दिलवाने का आश्वाशन दी। विधायक ने वन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया के जल्द से जल्द सभी को उचित मुआवजा विभाग द्वारा दिया जाए।

वन विभाग के अधिकारी ने विधायक अंबा प्रसाद के सामने सभी घरों का निरीक्षण किया और जो छती हुई है उसका सूची बना कर आगे मुआवजे के लिए अग्रेसित किया। गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव ने कहा के हाथी अभी भी जंगल में छिपे हुए हैं। ग्रामीणों में भय व्याप्त है इस लिए रात के समय में वन विभाग के कर्मी अलर्ट रहे ताकि और किसी के जान माल का नुकसान न हो। जिप सदस्य सुनीता देवी ने कहा के सभी लोगों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, भाजपा अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष रफीक अंसारी, जेबीकेएसएस सदस्य राकेश मेहता, त्रिलोकी साव, आशित चक्रवर्ती, श्रीकांत निराला, चंदन कुमार, विक्रम गुप्ता सहित अन्य लोगों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

## नारायणा हेल्थ आर एन टैगोर हॉस्पिटल, मुकुंदपुर में एडवांस्ड स्पाइन सर्जरी के बाद एक प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ पेशे में वापस लौटी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर की एक प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं डॉ. मेघा कुमारी (40) (बदला हुआ नाम) कई वर्षों से गंभीर पीठ दर्द के कारण दर्दनाक स्थिति में थीं। उनकी समस्या पैरों तक फैल रहा थी जिससे उनके खड़े होने, चलने और सर्जरी करने की क्षमता पर असर पड़ रहा था। उनकी स्थिति का निदान उनकी काठ की रीढ़ (लम्बर स्पाइन) में स्पोंडीलोलिस्थीसिस के रूप में किया गया था, एक ऐसी स्थिति जहां रीढ़ का एक खंड दूसरे पर फिसल जाता है, जिससे पैर की मांसपेशियों और त्वचा की आपूर्ति करने वाली नसें दब जाती हैं। इस बीमारी ने उनके पेशेवर अभ्यास को गंभीर रूप से बाधित कर दिया था, जिसके कारण उन्हें छुट्टी लेनी पड़ी और स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में नैदानिक कार्य बंद करना पड़ा। डॉ. मेघा का संघर्ष बढ़ गया, बिना दर्द के खड़े होने या चलने की उनकी क्षमता केवल कुछ मिनटों तक सिमट कर रह गई। अंततः, उन्होंने यहां नारायणा हेल्थ (एनएच) आर एन टैगोर हॉस्पिटल में एक उन्नत और अग्रणी सर्जरी कराने का फैसला किया। डॉ. मेघा ने नारायणा हेल्थ आर एन टैगोर हॉस्पिटल में न्यूरोसर्जरी (ब्रेन और स्पाइन) के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. अमिताभ चंदा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## फायरस्टोन ने 5 साल की वारंटी के साथ अपना अत्याधुनिक रोडहॉक 25 टायर लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फ़ायरस्टोन, एक वैश्विक ब्रांड, जिसकी 120 साल पुरानी विरासत है, ने आज अपना - फ़ायरस्टोन रोडहॉक 25 पेश किया है, जो अगली पीढ़ी का टायर है और इसे शानदार स्थानीय और उन्नत तकनीकी विशेषताओं के साथ बनाया गया है। 5 वर्ष की वारंटी के साथ समर्थित, यह टायर नई उद्योग मानकों को स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, इस टायर में अपूर्व प्रदर्शन, बेहतर सुरक्षा, श्रेष्ठ माइलेज और उत्कृष्ट ब्रेकिंग क्षमताएँ मिलती हैं। फायरस्टोन का रोडहॉक 25 टायर हैचबैक, सेडान और ष्ट्ठ्रू बाजार की मांग को पूरा करेगा। फायरस्टोन का रोडहॉक 25 टायर 12 से 16-इंच रिम आकार की अनुकूलता के साथ बनाया गया है।÷हमारे लिए यह एक गर्व का क्षण है कि हमने अमेरिका के प्रतिष्ठित टायर ब्रैंड को पेश करने का निर्णय लिया है और हमारे उत्पादों में रोडहॉक 25 को शामिल किया गया है। टायर उद्योग में फ़ायरस्टोन का 1900 के दशक से चली आ रही एक समृद्ध विरासत है।

## किरीगढ़ा रेलवे लाइन बिछाने का काम किसी भी हालत में नहीं होने देंगे : ग्रामीण

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत पालू के ग्राम किरीगड़ा के सैकड़ो ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि ग्राम किरीगड़ा में पतरातु अंचल अमीन के द्वारा जो सर्वे किया गया था इस सर्वे से हम ग्रामवासी काफी भयभीत एवं विचलित हैं। यह सर्वे गांव में नई रेलवे लाइन बिछाने को लेकर किया गया है अगर ऐसा होता है तो हमारा गांव एक बीच समंदर में बने टापू के जैसा हो जाएगा हम ग्रामीणों को गांव से निकलना एवं जीना दुर्लभ हो जाएगा। ज्ञापन सौंपाने वालों में पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार सिंह,ब्रजेश सिंह,राहुल कुमार,संतोष सिंह,अरविंद सिंह, मुकेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह,छाकन लाल सिंह, शत्रुघन कुमार,आशीष मुंडा प्रमोद साव,मनोज साव,भूपेंद्र बाबू,देवानंद कुमार,शिवनारायण सिंह,अनिल सिंह,बलराम सिंह,बिरजू सिंह,जेठान साहू,आकाश रजवार,कमलेश सिंह, सत्यनारायण सिंह,धनेश्वर सिंह, सुनील सिंह,यदुनंदन सिंह,अजीत साहू,प्रकाश साहू,सरजू साहू,बबन कुमार,सुदेश कुमार,कृष्ण सिंह, रामपाल रजवार,घूमे नाथ सिंह, रामेश्वर साव,के अलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# रामगढ़ में कोक इंडस्ट्री फैक्ट्री पर ईडी का छापा पड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** हज़ारीबाग के कोयला व्यवसाई इजहार अंसारी के रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र के भरेचनगर- बोंगाबार स्थित ओम कोक इंडस्ट्री नामक प्रतिष्ठान में कोल लिंकेज हेराफेरी मामले में सुबह 6 बजे से ईडी की रेड चल रही है। सुबह 6 बजे ईडी के अधिकारी दो गाड़ियों में यहां पहुंचे हैं। उनके साथ केंद्रीय सुरक्षा बल भी है। मुख्य गेट को बंद कर दिया गया है। किसी के अंदर जाने और बाहर निकलने पर रोक लगा दी गई है । बताया गया कि ईडी के हाथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज लगे हैं । ईडी के अधिकारी यहां पर कंप्यूटर समेत इंट्री रजिस्टर और दूसरे दस्तावेज को लगातार खंगाल रहे हैं । आपको बताना चाहेंगे कि इससे 3 मार्च को ईडी ने इजहार अंसारी के बोंगा बार- भरेचनगर स्थित ओला कोक इंडस्ट्री नमक प्रतिष्ठान पर भी ईडी ने रेड डाली थी । उस समय भी ईडी के हाथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज लगे थे। रामगढ़ के अलावे कोयला व्यवसाई इज़हार अंसारी के हजारीबाग स्थित आवास पर भी रेड चल रहा है ईडी के रेड पड़ते ही पूरे रामगढ क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है ।

## कोतो में गैस चूल्हा एवं अग्निशमन बचाव हेतु प्रशिक्षण दिया गया

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत कोतो में पीवीयूएन सीआईएसएफ युनिट के द्वारा ग्राम के महिलाओं के बीच अग्निशमन एवं गैस चुल्हा से बचाव हेतु प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। डिप्टी कमांडेंट विरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सीआईएस एफ युनिट के जवानों के द्वारा गैस चुल्हा से आग से बचने व आग पर नियंत्रण से संबधित विस्तार पुर्वक जानकारी दी गई। वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी ने सीआईएसएफ युनिट पीभीयुएनएल के द्वारा यह कार्यक्रम चलाने व लोगों को जागरूक करने पर पुरे युनिट की सराहना की और आभार प्रकट किया। मौके पर मुख्य रूप से एके शर्मा,चन्द्र कांत प्रधान,संतोष कुमार,जवाहिर यादव,पिन्टु कुमार मांझी,बीभी रेड्डी पंचायत सचिव रणजिता कुमारी,मधु देवी,सबिता देवी,सोनी देवी,जय मालती देवी,अनिता देवी,शीला देवी,रीता देवी,आंसू कुमार,राहुल कुमार,प्रदीप साव आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर अंतिम दिन निकाली गई प्रभात फेरी, आज सजेगा विशेष दीवान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साहब श्री गुरु गोविंद सिंह साहब जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए रामगढ़ शहर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से अंतिम दिन प्रभात फेरी आरंभ की गई है। कड़ाके की ठंड के बावजूद अंतिम दिन संगत में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संगत ने मेरा वेद गुरु गोविंद, हर मन तन वसैया सोई जय जय कर कर सब कोई, मितर प्यारे नू हाल मुरी दादा कहना रहनी रहे सोई सुख मेरा शब्दो से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया, एवं निशान साहेब पर पुष्प की माला डाली,निशान साहेब की सेवा कुजु गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा कर रहे थे। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर किला मंदिर लोहार टोला वैष्णो देवी मंदिर गली, सुभाष चौक से वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंची, प्रभात फेरी का स्वागत रामगढ़ स्त्री साथ संगत के द्वारा किया गया, निशान साहेब पर माला डालकर स्वागत किया गया ।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से कवलजीत कौर के द्वारा स्त्री साथ संगत की प्रधान बलविंदर कौर को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। जिसे बाद स्त्री साथ संगत की तरफ से चाय नाश्ते का प्रबंध किया गया था साध संगत के लिए और प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहब पहुंचने के पश्चात निशान साहिब के चोले की सेवा की गई चोले की सेवा बीबी रणजीत कौर गांधी उनके पुत्र मनी गांधी सनी गांधी के द्वारा की गई।

## बाजार में तूफान लाने के लिए तैयार है नई ह्युंडई क्रेटा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ह्युंडई मोटर इंडिया ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित नई ह्युंडई क्रेटा को लॉन्च कर दिया है। क्रेटा ब्रांड की सफलता एवं विरासत पर तैयार नई ह्युंडई क्रेटा अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की तरफ कदम बढ़ाने, सेगमेंट को नई परिभाषा देने वाली सुरक्षा, शानदार परफॉर्मेंस और आराम एवं सहूलियत भरे फीचर्स का वादा करती है। नई ह्युंडई क्रेटा का कोई जोड़ नहीं है, जिससे इसके अनडिस्प्यूटेड, अल्टीमेट होने की झलक दिखती है।नई ह्युंडई क्रेटा की लॉन्चिंग के मौके पर ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ उनसू किम ने कहा, ह्युंडई क्रेटा भारत के पसंदीदा ब्रांड में से है, जिसे 9 लाख से ज्यादा ग्राहकों ने खरीदा है और यह गिनती अभी भी बढ़ रही है। इसने भारत को लाइव द एसयूवी लाइफ बनाया है। नई ह्युंडई क्रेटा सड़क पर अपनी जबर्दस्त प्रजेंस, एडवांस्ड लेवल 2 एडीएएस सेफ्टी, पावरफुल 1.5 लीटर टर्बो जीडीआई इंजन जैसे सेगमेंट के अग्रणी फीचर्स और सहूलियत एवं एक्टिव व पैसिव सेफ्टी फीचर्स साथ भारत में एक बार फिर एसयूवी की दुनिया को नई परिभाषा देने के लिए तैयार है। हमें भरोसा है कि नई ह्युंडई क्रेटा न केवल क्रेटा ब्रांड की विरासत को कायम रखेगी, बल्कि इसे और ऊपर लेकर जाएगी, और देश की अनडिस्प्यूटेड, अल्टीमेट एसयूवी बनी रहेगी।

## संथाली प्रोग्राम का किया गया आयोजन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को देर शाम कोराम्बे स्थित प्राथमिक विद्यालय में संथाली सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संथाली प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रुप हेसापोड़ा मुखिया गीतांजलि कुमारी तिर्की शामिल हुई। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की। मौके पर समाजसेवी सुनीता सोरेन, अध्यक्ष गुनाराम हांसदा, सचिव फागु मांझी, कोषाध्यक्ष विक्रम टुडू, विकास बेदिया, सुनीता देवी, राजवाल टुडू, धनेश्वर मुर्मू, देवनाथ टुडू, रतिराम मरांडी, हेमंती देवी, जलेश्वर महतो, अरुण मुर्मू, हीरालाल मरांडी, लालू किस्कू, तेजराम किस्कू, कालीचरण करमाली, बीरबल महतो, लुडु मांझी मौजूद थे।

## मांडू चट्टी पंचायत में नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा दौड़ का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत मांडू प्रखंड के मांडूचट्टी पंचायत में स्थिति एस एस +2 उच्च विद्यालय में गंगा दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर पवन मुर्मू, द्वितीय स्थान पर सनी मुर्मू एवं तृतीय स्थान पर कृष्ण कुमार रहे। इसी प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर सुमन कुमारी, द्वितीय स्थान पर राधा कुमारी एवं तृतीय स्थान पर विनीता कुमारी रही। गंगा दौड़ प्रतियोगिता के आयोजन के पश्चात विजयी बालक बालिकाओं को प्रधानाध्यापिका डा0 विगया पाठक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मांडू कामाख्या प्रसाद, मांडू चट्टी की मुखिया अनीता देवी एवं समाजसेवी छोटेलाल भुईयां के द्वारा मेडल पहना कर पुरस्कृत किया गया।

## पतरातू नमामि गंगे योजना के तहत दौड़ प्रतियोगिता हुआ

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नमामि गंगा योजना के तहत पूरे पतरातू प्रखंड के सभी पंचायत में गंगा दौड़ गंगा मैराथन एवं साइकिल रेस प्रतियोगिता हो रही है। इसी विशेष अभियान के तहत प्रखंड परिसर में भी गंगा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता प्रधान सहायक चितरंजन कुमार अंचल प्रधान सहायक सदेश करमाली के अलावे प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी पतरातु क्षेत्र के कई प्रतिनिधियों एवं सैकड़ो आम लोगों ने भी इस दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें पतरातू के सौरभ सिंह प्रथम स्थान प्रधान सहायक चितरंजन कुमार द्वितीय स्थान एवं भारत कुमार हरिहरपुर निवासी तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा सभी विजेताओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी गुप्ता द्वारा मेडल देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया।


## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

**Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com**

### आम डाक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, क्षेत्रान्र्तगत खादगढ़ा स्थित विवाह भवन का बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक दस वर्षो के लिए दिनांक– 29.01.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे सें कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में किया जाएगा। इच्छुक डाकधारी आवेदन के साथ 1,80,000.00 का डीमाण्ड ड्राफ्ट (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के नाम से देय होगा) आधार कार्ड, वोटर आई डी, अद्यतन होल्डिंग रसीद का छायाप्रति, आचरण प्रमाण–पत्र (उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक) का छायाप्रति दिनांक– 27.01. 2024 तक जमा कर उक्त डाक में भाग ले सकते हैं।

नोट :– नियम एवं शर्ते नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं **https://udhd. jharkhand.gov.in** पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा ।

PR.NO.316166 Lohardaga(23-24):D

## कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची।

**Etender : 176 Dt. 16.1.2024**

### पुर्न अति–अल्पकालीन – निविदा सूचना (4th call)

सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के लिए 23–24 में दो अद्द इको एम्बुलेंस की आवश्यकता है। जिसके लिए निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/ प्राधिकृत एजेंसियों से दिनांक 3.2.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक पुर्न –निविदा आमंत्रित किया जाता है। पुर्न –निविदा से तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि www.sadarhospital.com पर दिनांक 18.1.2024 से देखा जा सकता है। पुर्न –निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्वि पत्र www.sadarhospital.com पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

PR 306995 HEALTH MED EDU & FAMILY WELFARE (23-24) # D

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉची।

PR 316170 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

झारखण्ड सरकार

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05 वर्ष 2023–24

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र विक्री की तिथि | दिनांक 29.01.2024 को कार्यालय अवधि में। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 30.01.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 30.01.2024 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची । 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र०सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपय में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत निरीक्षण भवन, कोडरमा के परिसर में डीप बोरिंग एवं परिसर का विकास कार्य वर्ष 2023–24 | 1000000.00 | 20000.00 | 1250.00 | 01(एक) माह |
| 2 | | | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत निरीक्षण भवन एवं कार्यालय का day to day maintenance कार्य वर्ष 2023–24 | 1000000.00 | 20000.00 | 1250.00 | 12(बारह) माह |

➤ निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
1.प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
2.कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण पत्र ,*GSTiN, UCAN*से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0,पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 316208 (Road)23-24*D


## सेफ शॉप डायरेक्ट सेलिंग मार्केटिंग का आयोजन किया गया

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नावाडीह पंचायत में सेफ शॉप डायरेक्ट सेलिंग मार्केटिंग का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से लोगों को जानकारी देते हुए बताया गया कि गरीब एवं बेरोजगार लोगों को रोजगार के लिए सहयोग किया जाएगा। मौके पर सेफ मार्केटिंग जगदीश चंद्र महतो गुलामहुसैन नरेश राम बेदिया करमचंद करमाली किशोरी रजवार वार्ड मेंबर हीरालाल महतो संदीप महतो भादरू महतो परमेश्वर महतो हीरा महतो वगैरा लोग उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

62वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–राँची

| क्र० | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–1140/23 2. आवेदक–सोखा महतो 3. पिता–षान्ति राम महतो 4. ग्राम–लागाम पोस्ट–छोटा मुरी 5. थाना–सिल्ली प्रखण्ड–सिल्ली 6. लिंग–पुरूष आयु–56 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–दॉये गाल में तिल का निषान। | झालदा थाना काण्ड सं0–08/88 | नहीं | कारणः–दिनांक 19.05.1988 को झारखण्ड अलग राज्य के मांग को लेकर सरकारी बस में आग लगाने का आरोप । पार्टी का नाम–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–1148/23 2. आवेदक–सेलस्टीना कुजूर उर्फ कनीका कुजूर 3. पिता– जोसेफ कुजूर 4. पति–स्व0 पतरस किस्पोट्टा 5. ग्राम–रातू, टाउन घर पोस्ट–रातू 6. थाना–रातू प्रखण्ड–रातू 7. लिंग–महिला आयु–57 वर्ष 8. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ में घाव का निषान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0–एम0 159/89 | नहीं | कारणः–दिनांक 21.04.1989 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–1149/23 2. आवेदक–आभा देवी उर्फ अगस्ता कुमारी 3. पिता– स्व0 छोटन भगत उर्फ राजु भगत 4. पति–स्व0 धनेष्वर उरॉव 5. ग्राम–जे0पी0 मार्केट पोस्ट–धुर्वा 6. थाना–धुर्वा प्रखण्ड–नगड़ी 7. लिंग–महिला आयु–54 वर्ष 8. पहचान चिन्ह–बॉये कलाई में घाव का निषान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0–एम0 159/89 | नहीं | कारणः–दिनांक 21.04.1989 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–176/23 2. आवेदक–गुहीराम महतो 3. पिता–स्व0 सरघू महतो 4. ग्राम–घाघकीडीह पोस्ट–अंकित नहीं 5. थाना–सिल्ली प्रखण्ड–सिल्ली 6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | वाद सं0–93/89 | नहीं | कारणः–दिनांक 10.06.1989 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–17 दिन | 2(viii)(a) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–15 2. आवेदक–सुखमनी कुमारी उर्फ झरिया कुमारी 3. पिता– स्व0 लछीया उरॉव उर्फ भौवा उरॉव 4. पति–चमरू उरॉव 5. ग्राम–कादू पोस्ट–कादू 6. थाना–रातू प्रखण्ड–रातू 7. लिंग–महिला आयु–55 वर्ष 8. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ के तर्जनी अंगूली में तिल का निषान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0–एम0 159/89 | नहीं | कारणः–दिनांक 21.04.1989 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–946/23 2. आवेदक–संध्याबाला महतो (आश्रित पत्नी) 3. पति–स्व0 प्रतापचन्द्र महतो (मूल आन्दोलनकारी) 4. ग्राम–कोकालगाम पोस्ट–टुटकी 5. थाना–सिल्ली प्रखण्ड–सिल्ली 6. लिंग–महिला आयु–38 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | सिल्ली थाना काण्ड सं0–26/94 | नहीं | कारणः–दिनांक 16.03.1994 को प्रखण्ड कार्यालय में घुसकर सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाने का आरोप। पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–16 दिन | 2(viii)(a) (आश्रित पत्नी) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–945/23 2. आवेदक–प्रभा धान उर्फ सपना कुमारी 3. पिता–षनिया भगत 4. पति–फागु धान 5. ग्राम–हेसाग पोस्ट–हटिया 6. थाना–जगन्नाथपुर प्रखण्ड–नामकुम 7. लिंग–महिला आयु–57 वर्ष 8. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0–एम0 159/89 | नहीं | कारणः–दिनांक 21.04.1989 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–37 2. आवेदक–अनिता उरॉव उर्फ अनिता कुमारी 3. पिता–मंगरा उरॉव 4. पति–स्व0 सुखदेव उरॉव 5. ग्राम–एदहहातू पोस्ट–रॉची विवि 6. थाना–बरियातु प्रखण्ड–रॉची सदर 7. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष 8. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0 एम0–159/89 | नहीं | कारणः– दिनांक 21.04.1989 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप । पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–81/23 2. आवेदक–राजकुमार महतो 3. पिता–काषीनाथ महतो 4. ग्राम–कोंचो पोस्ट–टुटकी नवाडीह 5. थाना–सिल्ली प्रखण्ड–सिल्ली 6. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निषान | झालदा थाना काण्ड सं0 08/88 | नहीं | कारणः–दिनांक 19.05.1988 को झारखण्ड अलग राज्य के मांग को लेकर सरकारी बस में आग लगाने का आरोप । पार्टी का नाम–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–21/24 2. आवेदक–सुकरा उरॉव उर्फ राजेष खलखो 3. पिता–स्व0 बुधवा उरॉव 4. ग्राम–हेहल, पहाड़टोली पोस्ट–हेहल 5. थाना–सुखदेवनगर प्रखण्ड–रॉची सदर 6. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–बॉया हाथ में जले का निषान। | रॉची अनु0 दण्डा0 वाद सं0–331/93 | नहीं | कारणः–दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड अलग राज्य की मांग को लेकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 माह | 2(viii)(a) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–1152/23 2. आवेदक–भोरा उरॉव 3. पिता–स्व0 गन्दुर उरॉव 4. ग्राम–घाघरा धुन्या टोली पोस्ट–हॉदू घाघरा 5. थाना–बेड़ो प्रखण्ड–बेड़ो 6. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–दाहिने ऑख के उपर तिल का निषान | बेड़ो थाना काण्ड सं0– 90/87 | नहीं | कारणः–दिनांक 19.11.1987 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–झामुमो जेल की अवधि–25 दिन | 2(viii)(a) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–24/24 2. आवेदक–हीरालाल गुप्ता उर्फ हीरालाल पन्ना 3. पिता–स्व0 गणेष प्रकाष गुप्ता उर्फ गणेष प्रसाद 4. ग्राम–चिरौंदी पोस्ट–बोड़या 5. थाना–बरियातु प्रखण्ड–रॉची सदर 6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–बॉया अंकित नही। | अनु0 दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0–47/93 | नहीं | कारणः– झारखण्ड बंद की तिथि दिनांक 16.03.1993 को विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–1218/23 2. आवेदक–नीलमनी भगत (आश्रित पत्नी) 3. पति–स्व0 विष्वनाथ भगत (मूल आन्दोलनकारी) 4. ग्राम–बारीडीह पोस्ट–बेड़ो 5. थाना–बेड़ा प्रखण्ड–रातू 6. लिंग–महिला आयु–47 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | बेड़ो थाना काण्ड सं0–61/89 बेड़ो थाना काण्ड सं0–59/89 | पृ0सं0–36 क्र0 06 (01) | कारणः–दिनांक 09.06.1989 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–झामुमो जेल की अवधि– | 2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–3674 2. आवेदक–अरविन्द कुमार सिंह 3. पिता–स्व0 राम श्रृगार सिंह 4. ग्राम–विद्यानगर हरमू पोस्ट–रॉची विवि 5. थाना–सुखदेवनगर प्रखण्ड–रॉची सदर 6. लिंग–पुरूष आयु–67 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–ठुढ्डी पर कटे का निषान। | रॉची कोतवाली थाना काण्ड सं0–279/98 | पृ0सं0–36 क्र0–10 (02) | कारणः– दिनांक 08.06.1998 को झारखण्ड बंदी के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप । पार्टी का नाम–अन्य | 2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–1139/23 2. आवेदक–एतवा उरॉव 3. पिता–स्व0 जयनाथ उरॉव 4. ग्राम–कोकड़े जोभी टोली पोस्ट–हॉदू घाघरा 5. थाना–बेड़ो प्रखण्ड–बेड़ो 6. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–बॉये पैर में कटा का निषान। | बेड़ो थाना काण्ड सं0–90/87 बेड़ो थाना काण्ड सं0–59/89 | पृ0सं0–36 05 (02) | कारणः–दिनांक 19.11.1987 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। पार्टी का नाम–झामुमो | 2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–3896 2. आवेदक–भौवा उरॉव 3. पिता–रघु उरॉव 4. ग्राम–मदई पोस्ट–बेयासी 5. थाना–चान्हो प्रखण्ड–चान्हो 6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–बॉया हाथ में जले का निषान। | चान्हो थाना काण्ड सं0–97/92 | नहीं | कारणः– दिनांक 01.09.1992 को झारखण्ड बंद के अवसर पर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप पार्टी का नाम–अन्य | 2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–1142/23 2. आवेदक–विजय कुमार साहु 3. पिता–स्व0 कामेष्वर प्रसाद साहु 4. ग्राम–गोसाई टोली चुटिया पोस्ट–चुटिया 5. थाना–चुटिया प्रखण्ड–सदर रॉची 6. लिंग–पुरूष आयु–69 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–बॉये बॉह में घाव का निषान | नहीं | नहीं | कारणः–झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित अभिप्रमाणित अखबार कतरन में नाम अकित है। पार्टी का नाम–कॉग्रेस | 2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–1141/23 2. आवेदक–आजम अंसारी 3. पिता–स्व0 फकरूद्दीन अंसारी 4. ग्राम–जाड़ी पोस्ट–पुरियो 5. थाना–रातू प्रखण्ड–रॉची 6. लिंग–पुरूष आयु–46 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–दाहिने हथेली में तिल का निषान | नहीं | नहीं | कारणः–अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–आजसू | 2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–1147/23 2. आवेदक–अषोक राय 3. पिता–स्व0 भुवनेष्वर राय 4. ग्राम–उषामातु पोस्ट–पुरियो 5. थाना–रातू प्रखण्ड–रातू 6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–नाक में कटा का निषान। | नहीं | नहीं | कारणः अभिप्रमाणित पार्टी बैठक में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–झामुमो | 2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–1146/23 2. आवेदक–मोहन उरॉव 3. पिता–स्व0 बाहा उरॉव 4. ग्राम–सिमलिया गुदू टोली पोस्ट–सिमलिया 5. थाना–रातू प्रखण्ड–रातू 6. लिंग–पुरूष आयु–63 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ में तिल का दाग। | नहीं | नहीं | कारणः अभिप्रमाणित पार्टी बैठक में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–झापीपा0 | 2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–1145/23 2. आवेदक–सलिकराम ओहदार 3. पिता–स्व0 बालक राम ओहदार 4. ग्राम–सिमलिया पोस्ट–सिमलिया 5. थाना–रातू प्रखण्ड–रातू 6. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ के कलाई तिल का दाग। | नहीं | नहीं | कारणः अभिप्रमाणित पार्टी बैठक में नाम अंकित है। पार्टी का नाम–आजसू | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आश्य का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 316191 Home(23-24)D

## कड़ाके की ठंड को देखते हुए पंस सदस्य ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत, हाथुड़ीह पंचायत के असहाय लाभुको के बीच कंबल वितरण किया गया। पचायत समिति सदस्य सनाउल्ला अंसारी के द्वारा 80 असहाय को कचर्रा मुस्लीम टोला में कैम्प लगाकर कंबल वितरण किया गया। पंचायत समिति सदस्य सनाउल्ला अंसारी ने बताया कि हमें प्रखण्ड कार्यालय बाघमारा से 100 कंबल प्राप्त हुआ है। बढते ठण्ड को देखते हुए वैसे असहाय महिला, पुरुषो का चयन किया गया, जिसके पास ठण्ड़ से बचने के लिए गरम कपड़ा नहीं हैं। उन्हे कंबल दिया गया है। उक्त समारोह में वार्ड सदस्य समीमा प्रवीन, राकेश वाउरी, सुरज ठाकुर, लक्ष्मी देवी, समाज सेवी भागीरथ सिंह, झगरू दास, रतन चटर्जी, ऐनुल अंसारी, बिमल कर्मकार, नरेन्द्र वाउरी, रतनी देवी, भुटकी देवी, बिजय राय, शैलेन्द्र कुमार सिंह, आदि उपस्थित थे ।

## संकल्प महिला समिति ने चूड़ा, गुड़, तिलकुट का किया वितरण



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** क्लब के संकल्प महिला समिति कतरास एरिया के मकर संक्रांति पर मंगलवार को सामाजिक दायित्व के तहत 30 गरीब बच्चों के बीच चूड़ा, गुड़, तिलकुट, लाई, चॉकलेट और लेस का वितरण किया गया। मौके पर संकल्प महिला समिति, कतरास क्षेत्र की उपाध्यक्षा पूनम सिंह, रेखा कुमार, पिंकी गुप्ता, आशा सांडिल्य, नीलू सिंह, रेणु सिंह, कंचन सिंह आदि उपस्थित थीं।

## पीरटांड़ के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में किया गया कंबल वितरण



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने गिरिडीह विधानसभा के पीरटांड़ प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र जहां बढ़ते कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। कुडको पंचायत के कसीयाडीह , खवसटांड , हरलाडीह, मदनाडीह, कठवारा जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण पुरुष महिलाओं ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि जो पुण्य का कार्य सुरेश साव जी कर रहे हैं ऐसा तो मौजूदा विधायक ने भी नहीं किया था। इस दौरान सुरेश साव ने कहा कि गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू से जनता त्रस्त हैं यहां के जनता को सिर्फ छलने का काम किया है, गिरिडीह पीरटांड में बुनियादी सुविधाओं का बुरा हाल है, गांवों में बेरोजगारी चरम पर है, यहां के युवाओं को ठगा जा रहा है। जिससे युवा काफी आक्रोशित है गिरिडीह में हर जगह लूट मची है। थाना, ब्लॉक और सचिवालय तक जनता से काम के बदले रिश्वत लिए जा रहे हैं। गिरिडीह के खनिज संपदा को सुदिव्य कुमार सोनू और इनके गुर्गों ने लूट खसोट कर खोखला कर दिया है।श्री साव ने कहा कि भाजपा लगातार गरीबों, वंचितों, दलीतों और आम लोगों की भलाई के लिए निरंतर कार्य कर रही है और हम सभी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने अनगिनत जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिया है। इस दौरान-अमर सिन्हा, श्याबल घोष, मुन्ना उपाध्याय, अजय सिंह अम्बुज मोदक, बुधन हेम्ब्रम, संगीता कुमारी, अरविंद वर्णवाल, शिवनारायण बेसरा, मुकेश किस्कू, जगदीश सोरेन, बीरेन्द्र ठठेरा, ध्रुव मोदक, बासुदेव मोदक, संतोष मुर्मू, दीनदयाल सेन, शंकर सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## वासेपुर में चोर को खंभे से बांध कर पीटा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भूली ओपी क्षेत्र अंतर्गत वासेपुर



बायपास मार्ग स्थित फैजान ए मदीना मोड़ के समीप, लोगों ने चोरी करते हुए एक युवक को रंगेहाथ पकड़ लिया। चोर को पकड़ कर लोगों ने उसे स्ट्रीट लाइट के खंभे से बांध दिया और पिटाई शुरू कर दी। देखते ही देखते भीड़ बढ़ने लगी जिसके बाद क्या था हर कोई पकड़े गए युवक को पीटने लगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि वासेपुर, शमशेर नगर, गुलजारबाग, रहमतगंज आदि इलाकों में चोरी की घटना बढ़ गई है। आए दिन किसी न किसी के घर में चोरी हो रही है। मंगलवार सुबह पकड़ा गया युवक एक घर में घुसकर एसी का कॉपर वाला तार काट रहा था। इसके बाद चोर पर सबकी नजर पड़ गई और हो हल्ला होने लगा। चोरी कर रहा युवक भागने लगा तब तक आसपास के लोगों ने तभी उसे धर दबोचा। युवक का नाम गुड्डू बताया जा रहा है। इस बीच बचाव में कई लोग आए और भूली ओपी पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंच कर पुलिस ने युवक को अपने साथ थाने ले गई।

### कॉमरेड महेन्द्र सिंह 19वां शहादत दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

# भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा गुंजता रहा बगोदर में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** पुर्व विधायक कॉमरेड महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया. बगोदर प्रखंड के खम्भरा गांव में स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इसके साथ ही बगोदर प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन के सामने उनकी प्रतिमा स्थल पर भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद जुलुस निकाल कर बगोदर बस पडाव पहुंचे जहाँ सकल्प सभा में जन सैलाब उमड़ पड़ी थी ।



वहीं इस दौरान कार्यक्रम की शुरूवात दो मिनट का मौन धारण के बाद किया । वहीं इस दौरान वक्ताओं की लम्बई लाईन थी । राजधनावर के पुर्व विधायक राजकुमार यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म के आड में भारतीय जनता पार्टी अपनी उल्लू सीधा कर रहा है । भाजपा के लोगों को राजनितिक पर विश्वास नही है इसलिए धर्म का सहारा ले रहा है । गिरिडीह जिले में 82 हजार टन अनाज घोटाला का खुलास हुआ लेकिन छोटाला पर करवाई नही हुई । इस लिए कहा गया है की दुध का रखवाला बिल्ली को रखिए गा तो 2024 में एक 5 किलो ग्र0 अनज भी बंद हो जायेगा । विधायक विनोद सिंह ने भाजपा सरकार पर परहार करते हुए कहा की कोयला लूट के ले रही ट्रेनों में भरकर और ट्रकों में भर भर कर ले जाया जा रहा लेकिन जब आप गिट्टी फोड रहे पत्थर फोड रहे है इसकी अनुमति आपको नही मिलेगी ग्राम सभा का हक नही है पिछ्ले दिनों जब संसद की बैठक चल रही थी आवाज उठाने पर कई संसदों को निलंबित कर कानुन पास हो गई ।

## सीआईएसएफ ने हाथुडीह से छापेमारी कर लगभग 50 टन कोयला किया जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला के महुदा थाना क्षेत्र के हाथुडीह स्थित जंगल में सीआईएसएफ ने छापेमारी कर लगभग 60 टन अवैध कोयला जप्त किया। इस संबंध में सीआईएसएफ की टीम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पर यह छापेमारी की गई है।

जिसमे 60 टन अवैध कोयला जप्त कर हाईवा के माध्यम से बीसीसीएल प्रबंधक को सौंप दिया गया। छापेमारी के दौरान सीआईएसएफ इंस्पेक्टर ए एम बेक, महुदा थाना के एएसआई मनोज लकड़ा सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

## उपायुक्त ने किया नए समाहरणालय भवन में अपने कार्यालय का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने नए समाहरणालय भवन में अपने कार्यालय का शुभारंभ फिता काटकर किया। साथ-साथ उन्होंने उप विकास आयुक्त के कार्यालय का भी शुभारंभ फिता काटकर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पहले सभी विभागों के ऑफिस अलग-अलग स्थान पर थे। अब एक ही भवन में सभी विभाग के कार्यालय होने से विभागीय सामंजस्य आसान होगा। एक ही जगह पर सारे विभाग होने से आम जनता की समस्या का समाधान भी एक ही स्थान पर किया जाएगा। नए समाहरणालय भवन में उपायुक्त, एसएसपी, उप विकास आयुक्त, रेवेन्यू, अपर समाहर्ता, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, शिक्षा, समाज कल्याण आदि के कार्यालय है। वहीं हर फ्लोर में एक एटीएम, पलाश मार्ट इत्यादि भी लगाया जाएगा। इसके बाद उपायुक्त ने समाहरणालय के सभागार में सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की और शीघ्र अपने कार्यालय को पूरी तरह से शिफ्ट करने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर को स्वच्छ रखने का और आगंतुकों को कोई समस्या नहीं होने देने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, भू अर्जन पदाधिकारी मुजाहिद अंसारी, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, कार्यपालक दंडाधिकारी अंशु कुमार पांडेय, प्रदीप कुमार, आइटी मैनेजर रुपेश मिश्रा, डीडीएमए के संजय कुमार झा, जिला नाजिर आनंद कुमार सहित सभी कार्यालय प्रधान व कर्मी मौजूद थे।

## महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल की अध्यक्षता में 'प्रबंधन में रेलकर्मियों की भागीदारी' प्रेम समूह की बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनुपम शर्मा की अध्यक्षता में आज 16.01.2024 को 'प्रबंधन में रेल कर्मचारियों की भागीदारी' (प्रेम समूह) की वर्ष 2024 की पहली बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में यात्री सुविधाओं, सुगम रेल परिचालन एवं माल लदान बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तृत विचार विमर्ष किया गया। बैठक में सभी बैठक में अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाष सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं यूनियन/ एसोसिएषन के पदाधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि रेल संगठन को अधिक प्रभावी बनाने एवं प्रबंधन में रेलकर्मियों की सक्रिय भागीदारी के उद्देष्य से प्रेम समूह की स्थापना की गई है। रेलकर्मियों की भागीदारी से जहॉं कर्मचारियों में प्रबंधन में भागीदारी की भावना जागृत




होती है वहीं रेल के कार्यों की जमीनी स्तर पर समीक्षा हो पाती है। हम उन क्षेत्रों को चिन्हित कर प्राथमिकता तय कर पाते हैं जो साधारणतः रूटीन विषय बन जाते हैं। यूनियन एवं एषोसिएषन के सहयोग से एक उपयुक्त कार्य प्रणाली तैयार कर लगातार तकनीक का प्रयोग कर हम रेलसेवा एवं संगठन को प्रभावी बना सकते हैं । महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि आज की समीक्षात्मक चर्चा एवं इससे उत्पन्न प्रेरक विचार हमारे लिए सार्थक एवं उपयोगी साबित होंगे। बैठक में उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्ष, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सह ईस्ट सेंट्रल रेलवे ऑफिसर्स एसासिएषन के अध्यक्ष बी.के.सिंह एवं महासचिव जे.पी.सिंह, ईस्ट सेंट्रल रेलवे प्रमोटी ऑफिसर्स एषोसिएषन के अध्यक्ष बी.के.दास एवं महासचिव दीपक राज राय, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष डी.के.पाण्डेय, कार्यकारी अध्यक्ष एस.एस.डी मिश्रा एवं महासचिव एस. एन. पी.श्रीवास्तव, एससी/एसटी एसोसिएषन के जोनल सचिव पवन कुमार राम एवं यूनियन के अन्य पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे।

## ग्रामीण महिलाओं ने महुदा थाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि अन्य जगहों का किया भ्रमण



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** क्रिया संस्था रांची के सहयोग से एक्सेल प्रोजेक्ट के तहत धनबाद जिला अन्तर्गत बाघमारा प्रखण्ड में वॉलिंटियर बॉबी देवी के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को महुदा थाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा, और प्रखंड सह अंचल कार्यालय बाघमारा, सीडीपीओ कार्यालयका भ्रमण कराया गया। इस दौरान सम्बन्धित पदाधिकारी से महिलाओ का परिचय अदान प्रदान कराया गया। इस कार्यक्रम के मौके पर उषा देवी, सुषमा देवी, सुंदरी देवी, गीता देवी, पामेला देवी, भुनेश्वरी देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, पावनी देवी, लक्ष्मी देवी, नमिता देवी, आदी महिला समुह के टीम लिडर शामिल रही।

## भाकपा माले ने निकाला महेंद्र सिंह शहादत श्रद्धांजलि संकल्प मार्च




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को भाकपा माले ने गिरिडीह शहर में महेंद्र सिंह तुम जिंदा हो, खेतों में खलिहानों में, जनता के अरमानों में तथा भाजपा हटाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ आदि नारे के साथ महेंद्र सिंह के 19 वें शहादत बरसी पर शहादत श्रद्धांजलि संकल्प मार्च निकाला और सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ बगोदर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने रवाना हुए। यह मार्च माले नेता यादव के मकतपुर स्थित आवास से निकलकर जिला परिषद, कचहरी, टावर चौक, अंबेडकर चौक, झंडा मैदान होते हुए सर्कस मैदान तक जाकर बगोदर के लिए रवाना हो गया।

## दो दिवसीय रामायण पाठ सह संगीत कार्यक्रम का भव्य आयोजन




**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के संग्रामडीह पड़ंगुरी में अवस्थित संकट मोचन मंदिर समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय रामलला प्राण प्रतिष्ठा के इस शुभ पावन बेला में अखंड रामायण पाठ सह संगीत का बहुत ही मनोरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताचार्य अशोकानंद पाण्डेय,पंचम पाण्डेय, एवं उमाकांत पाण्डेय मुख्य रूप से विराजमान थे।इस कार्यक्रम का आयोजन में समाज के लब्ध कामेश्वर मंडल, वासुदेव विश्वकर्मा, गुरूदेव मिस्त्री,चन्देश्वर मिस्त्री,तेजेश्वर समेत कई समाजसेवी रामभक्त उपस्थित थे।

## सामाजिक एकता मंच के वनभोज कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत बाराडीह और मंझिलाडीह पंचायत में अपनी पहचान बना चुके सामाजिक एकता मंच की ओर से एक वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बगोदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो एवं जिप अध्यक्ष मुनिया देवी भी शामिल हुई। इस बीच पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने सभी लोगों को अंग्रेजी नव वर्ष एवं मकर संक्रान्ति की बधाई दिया। वहीं जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम बहुत अच्छा रहा, इसी बहाने इस क्षेत्र के आम लोगों से मुलाकात हो गई उनके दुख दर्द एवं समस्याओं को सुनी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, सरिया प्रमुख प्रतिनिधि रंजीत मंडल, मंझिलाडीह मुखिया सत्येंद्र राउत, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि श्री राम यादव, भाजपा नेता राम कृष्ण वर्मा, जीबलाल महतो, इम्तियाज अंसारी, प्रकाश ठाकुर, प्रेम यादव, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पटना से हावड़ा वाया धनबाद चले वंदे भारत : पिंटू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** दानापुर मंडल संसदीय सलाहकार समिति की बैठक महेंद्र पटना में आयोजित हुई। जिसमें राज्यसभा सांसद सह रेलवे बोर्ड स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य खीरू महतो के प्रतिनिधि पिंटू कुमार सिंह ने यात्रियों की समस्याओं को रखा। उन्होंने 11 सूत्री मांगपत्र पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक को सौंपा। महा प्रबंधक ने उक्त मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उक्त बैठक में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद सुशील मोदी, सांसद रामकृपाल



यादव, सांसद चंदेश्वर सिंह चंद्रवंशी, राज्यसभा सांसद सह रेलवे बोर्ड स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य खीरू महतो के प्रतिनिधि पिंटू कुमार सिंह, हाजीपुर जोन तथा दानापुर रेल मंडल के वरीय पदाधिकारी बैठक में शामिल थे।

## जमीन विवाद को लेकर मारपीट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** जमुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत सियाटांड़ के गांव गोलैया निवासी छोटू विश्वकर्मा ओर इनकी पत्नी अनीता देवी को गोतीयारी लोगों ने जम कर मारपीट कर दिया जो बुरी तरह से घायल हो गया। दोनों का इलाज सदर अस्पताल गिरिडीह में चल रहा है, विश्वकर्मा ने बताया कि मैं छोटू लाल विश्वकर्मा और मेरी पत्नी अनीता देवी दोनों अपने पुराने मकान में रहते थे। छोटू लाल विश्वकर्मा अपने पुराने मकान को तोड़कर नया मकान बना रहा था। जब मकान ढलाई के लगभग पहुंच गया तो गोतीया के लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया और उक्त जमीन को अपना जमीन बताने लगा। इस दौरान गोतिया लोग रंगदारी में पैसे का भी मांग किया। छोटू विश्वकर्मा ने जब इसका विरोध किया तो दोनों पति पत्नी के ऊपर जानलेवा हथियार से हमला कर दिया, जिसमें दोनों बुरी तरह से घायल हो गये। घायल अवस्था में दोनों पति-पत्नी जमुआ थाना पहुंचा तो पुलिस ने सबसे पहले बेहतर इलाज के लिए उन दोनों को जमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा जब वहां ठीक नहीं हुआ तो वहां के डॉक्टर इलाज के बाद गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां इन दिनों का इलाज़ चल रहा है। मारने वालों में उसने बताया कि विक्की विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा, हेलो विश्वकर्मा, मालती देवी, दिव्या विश्वकर्मा, बसंती देवी, बबली देवी और उसका पति आदि लोग शामिल है।

## झारखंड में कार्यरत सूचनाधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन के विस्तार पर हुई वर्चुअल मीटिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश की प्रदेश अध्यक्षा आर. के. शर्मा की अध्यक्षता में प्रदेश उपाध्यक्ष रामहरि गोप के द्वारा संचालित ऑनलाईन बैठक रखी गई। एसोसिएशन के विस्तार को लेकर हुई इस वर्चुअल मीटिंग में झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत पदाधिकारियों द्वारा की गई संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा हुई। एसोसिएशन के इस ऑनलाईन मीटिंग में सरायकेला-खरसावां जिला से जिलाध्यक्ष पंचानन गोप, जिला-संयुक्त-सचिव जगत कुमार गोप, दीपक कुमार दास, धनबाद से







जिलाध्यक्ष सैयद अबु बरकात (अरमान), दुमका के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार झा तथा सूचनाधिकार एसोसिएशन के पश्चिम-बंगाल और झारखंड के प्रदेश-कार्यकारिणी-समिति के संयुक्त-प्रदेश-संयोजक डॉ चंद्रशेखर दत्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला ने कहा की मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति को लेकर पक्ष विपक्ष दोनों खामोश है। कोई आवाज़ उठाने वाला नहीं है। उन्होने कहा की प्रधानमंत्री एवं राष्ट्पति को हर जिला से मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति को लेकर मांग करने की ज़रूरत है। अगर फिर भी मांगे नहीं मांगी गई तो ज़रुरत पड़ा तो एक ज़ोरदार आंदोलन होगा। वहीं धनबाद जिला से जिलाध्यक्ष सैयद अबु बरकात (अरमान) ने कहा की लगातार हो रहे हमले एवं फ़ोन पे मिल रही धमकी से आरटीआई कार्यकर्ता दहशत में है। आरटीआई कार्यकर्ताओं की सुरक्षा बड़ी खराब स्थिति में है। पोल खोलने वाले कार्यकर्ताओं को निरंतर उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।

## चलते चलते एक नजर

### सांसद ने किया सड़क का शिलान्यास




**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के बरडीहा प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों क्रमशः (1) मझिआंव बिशुनपुर एमडीआर से सलगा तक पथ निर्माण 13.55 किलोमीटर (2) कोल्हुआ से बभनी तक 9.01 किलोमीटर कुल लागत (21.47 करोड़ रुपए) के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही केन्द्रीय अवसंरचना निधि से दो सड़कों (1) कैलान से बरडीहा होते हुए विशुनपुरा तक 45 किलोमीटर (2) कैलान कांडी विशुनपुरा वाया बरदाहा तक सड़कों की जल्द स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कराया जाएगा। उपरोक्त सड़कों के निर्माण से जनता को आवागमन सुगम होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित विश्रामपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भोला चन्द्रवंशी, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, रामचन्द्र यादव, विरेन्द्र नाथ दुबे, सतीश यादव, मंडल अध्यक्ष संजय यादव, संजय कमलापुरी, ग्राम पंचायत बरडीहा मुखिया सरोज देवी, प्रदीप तिवारी, सत्येन्द्र पासवान, मृत्युंजय पासवान एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थी।

### भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश ने उड़ीसा के राज्यपाल से किया भेंट

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारतीय जनता पार्टी गढ़वा नगर मंडल के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने उड़ीसा राजभवन में उड़ीसा के राज्यपाल महामहिम रघुवरदास से अनौपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान उन्होने महामहिम राज्यपाल रघुवरदास को पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस मौके पर भाजपा गढ़वा जिला कार्यसमिति सदस्य राजकुमार गुप्ता, साहेबगंज के भाजपा युवा नेता पंकज साहू उपस्थित थे। इस संबंध में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने बताया कि महामहिम रघुवरदास के द्वारा गढ़वा के लोगो का कुशल क्षेम पूछा गया।



# कोयला व्यवसायी इज़हार अंसारी के आवास पर ईडी का पड़ा दूसरा रेड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने कोयला व्यवसायी इज़हार अंसारी के आवास पर मंगलवार अहले सुबह बड़ी छापेमारी शुरू की।जिसमें लगभग 8 सदस्यों की एक टीम शहर के मिल्लत कॉलोनी स्थित इज़हार अंसारी की भव्य हवेली की तलाशी लेने पहुंची। यह दूसरी बार है जब ईडी ने इज़हार अंसारी के परिसर पर कार्रवाई की है, पहली बार पिछले साल 3 मार्च को भी उसका आवास खंगाला गया था। प्रवर्तन अधिकारी कोयला माफिया के वित्तीय रिकॉर्ड और संपत्तियों की सावधानीपूर्वक जांच कर रहे हैं। इज़हार अंसारी कोयला उद्योग में एक प्रमुख व्यक्ति हैं। जिनका झारखंड में महत्वपूर्ण प्रभाव है। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोपों या जांच की प्रकृति के बारे में विशिष्ट विवरण का खुलासा नहीं किया है, बल्कि चल रहे ऑपरेशन के दौरान चुप्पी साध रखी है।कोयला व्यापार में व्यापक भागीदारी के लिए जाने जाने वाले इज़हार अंसारी को अतीत में कानूनी जांच का सामना करना पड़ा है और ईडी का बार-बार ध्यान उनके व्यापारिक मामलों में



जटिलता की एक परत जोड़ता है। कई स्थानों पर प्रवर्तन दल की एक साथ उपस्थिति किसी भी संभावित वित्तीय अनियमितताओं को उजागर करने पर ध्यान देने के साथ जांच की संपूर्णता को दर्शाती है। जैसे- जैसे ऑपरेशन सामने आता है, इज़हार अंसारी के आवास के आसपास के निवासी मिश्रित जिज्ञासा और चिंता व्यक्त करते हैं, व्यवसायी की हाई-प्रोफाइल प्रकृति ने भी ईडी की गतिविधियों में सार्वजनिक रुचि को बढ़ा दिया है। इस नवीनतम छापेमारी के नतीजे की प्रतीक्षा है और यह अनुमान लगाया गया है कि इसका असर न केवल इज़हार अंसारी पर बल्कि झारखंड में व्यापक कोयला उद्योग के परिदृश्य पर भी पड़ेगा।

### महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी छह फरवरी से

**रांची :** महाराजा मदरा मुंडा चैंपियन ट्रॉफी 2024 सीजन-4 का उद्घाटन छह फरवरी को होगा। कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन छह फरवरी को और समापन 14 फरवरी को होगा। इस प्रतियोगिता में झारखंड सहित दूसरे राज्य से भी टीम शामिल होगी। इस वर्ष सीजन-4 में टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार 2.5 लाख, द्वितीय पुरस्कार 2 लाख, तृतीय 50 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 50 हजार दिया जाएगा। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच दिया जाएगा और मैन ऑफ द सीरीज में बाइक दी जाएगी।टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए टीम के लिए प्रवेश शुल्क 21 हजार रुपए रखा गया है। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक है।

## चार वर्षो में राज्य महिला आयोग का गठन नहीं कर पाई हेमंत सरकार : लुईस मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने बीते चार वर्षों में काम तो कुछ नहीं किया है, बस काम गिनाने में लग जाती है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार समाज कल्याण विभाग में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका-सहायिका को किसी भी तरह का यूनिफार्म उपलब्ध नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार चार वर्षों में महिलाओं के लिए संवैधानिक सहारा बनने वाली संस्था महिला आयोग का गठन नहीं किया। डॉ मरांडी मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बड़े हुए कुपोषण को रघुवर सरकार में बहुत हद तक कंट्रोल किया गया था लेकिन आज कुपोषण दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। रघुवर दास की सरकार में



पोषण सखी का नियुक्तियां हुई थी और वे सभी अपनी सेवाएं भी दे रही थी लेकिन जैसे ही हेमन्त सोरेन सरकार आयी उन्होंने पोषण सखी की नियुक्तियां को रद्द कर दिया। साथ ही जो काम कर रही थी उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। डॉ मरांडी ने कहा कि जिस तरह से हेमन्त सरकार महिलाओं के लिए बड़े वाद कर सत्ता में आई थी ठीक उसके उलट हेमन्त सरकार काम कर रही है। रघुवर दास के समय मुख्यमंत्री सुकन्या योजना शुरू हुआ था उसे इस सरकार ने सिर्फ नाम बदलकर सावित्री बाई फुले योजना को शुरू कर वाहवाही लूटी रही है। डॉ मरांडी ने कहा कि रघुवर सरकार में 0 वर्ष से ऊपर के कक्षा तक पैसा देने का प्रावधान था लेकिन हेमन्त सरकार ने सिर्फ 8वीं कक्षा से ऊपर तक को पैसा देने का काम कर रही है। यह तो उन गरीब परिवार के बच्चों के साथ अन्याय है। उनके माता-पिता उनको 8वीं तक कि पढ़ाई कैसे करवाएंगे। डॉ मरांडी ने कहा कि रघुवर सरकार में मुख्यमंत्री सुकन्या योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर 12वीं पास करने तक 30 हजार रुपये और 18 साल की आयु होने पर 10 हजार रुपये मिलते थे। साथ ही बेटी की शादी के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत अलग से 30 हजार रुपये दिए जाते थे।

## श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को इस दिन ना बेचे मांस : प्रथम महापौर

*** 22 को रेस्टोरेंट ठेला से भी मांस न बेचने की अपील**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सभी मीट, मछली, मुर्गा बेचने वाले भाइयों से अनुरोध किया है कि 22 तारीख राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हम हिंदुओं की भावनाओं का कद्र करते हुए सभी तरह के मांस की बिक्री 22 जनवरी को बंद रखी जाए। साथ ही सभी रेस्टोरेंट, ठेला चाहे वह हिंदू , मुस्लिम, सिख, इसाई किसी का भी हो, अपने प्रतिष्ठान से रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन मांसाहारी व्यंजनों का बिक्री ना करें। प्रथम महापौर ने कहा कि हमारा



शहर हिंदू मुस्लिम, सिख, इसाई एकता का प्रतीक है। हम सारे पर्व एक दूसरों के साथ मिलकर मनाते आए हैं। जो एकता का मिसाल है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप मांस काटकर बेचने वाले भाइयों,मांसाहारी व्यंजन परोसने वाले रेस्टोरेंट, मांसाहारी व्यंजन का ठेला लगाकर बेचने वाले भाइयों का यह सहयोग हम हिंदुओं के सबसे बड़े त्यौहार में एक मिसाल बनेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मांस बेचने वाले सभी भाई हम हिंदुओं की प्रार्थना को जरूर स्वीकार करेंगे।

## पर्यावरणविद कौशल ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी के साथ आम का पौधा देकर किया उत्साहवर्द्धन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : छतरपुर अनुमंडल के चराई-पंचायत में कोस्को क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित फाइनल क्रिकेट मैच में बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद।कौशल किशोर जायसवाल ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ चेक व पौधा देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें देश व समाज के कल्याण के लिए पर्यावरण धर्म से भी जुड़ने का आह्वान किया।

पर्यावरणविद ने कहा कि जीवन में खेल केवल मनोरंजन का हिस्सा ही नहीं बल्कि इससे युवा अपने सुनहरे भविष्य को भी संवार सकते हैं। इतना ही नहीं खेल में अनुशासित रहने वाले खिलाड़ियों को कभी भी उन्हें हार का सामना नहीं करना




पड़ता बशर्ते कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी व निष्ठापूर्वक करें।

मैच आयोजन करता उपेंद्र सिंह खरवार अध्यक्ष संदीप कुमार यादव, सचिव गुड्डू पाल अउ कोषाध्यक्ष चंचल सिंह खरवार ने बताया कि उक्त क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग लिया था। जिसमें सिलदाग व चिरु की टीमें फाइनल मुकाबला में पहुंची। फाइनल मैच में सिलदाग की टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। फाइनल मैच में सिलदाग कई टीम ने 147 रन का स्कोर खड़ा किया जबकि जबाबी पारी खेलने उतरी चिरु की टीम ने 102 पर ही सिमट गई।

मुख्य अतिथि पर्यावरणविद ने विजेता टीम को 7000 हजार रुपये चेक व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया वहीं उपविजेता टीम को मैच का आयोजन उपेंद्र सिंह,पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह और समाजसेवी सुभाष कुमार बॉस ने 5000 हजार चेक व ट्राफी प्रदान कर उनका हौसला अफजाई की।

पर्यावरण विद ने ट्राफी प्रदान करते हुए कहा कि खेल और पर्यावरण जीवन के अंग होते हैं इस अवसर पर राजेन्द्र कुमार, मिथिलेश सिंह,योगेन्द्र सिंह खरवार, दरोगा सिंह खरवार, मंटू कुमार सिंह, सरोज कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह (अंपायर), धर्मेंद्र कुमार सिंह (अंपायर), नंदू कुमार सिंह, डॉक्टर चितरंजन कुमार सिंह, सोहराई कुमार सिंह, नंदू विश्वकर्मा,पवन कुमार सिंह, सुमेद कुमार, श्री राम कुमार सिंह, सकेंद्र कुमार, विजय सिंह, अनिल सिंह, अजय कुमार, एवं मिडिया प्रभारी संदीप कुमार सिंह, डी.के सरकार, यमुना यादव को उपेंद्र सिंह बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर रांची जिला कांग्रेस की बैठक

**रांची:** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा की अध्यक्षता में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बिहार क्लब में मंगलवार को एक बैठक हुई। कुमार राजा ने कहा कि कांग्रेस की न्याय यात्रा देश में बेरोजगारी के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ और देश में धर्म के नाम पर फैलाए जा रहे नफरत के खिलाफ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि इस अभियान में जिला कांग्रेस की ओर से बढ़- चढ़कर शामिल होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि फरवरी माह में भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड में प्रवेश करेगी। कुमार राजा ने कहा कि इस यात्रा से झारखंड में पार्टी भी मजबूत होगी और आगामी लोकसभा चुनाव में फायदा मिलेगा। मौजूदा केंद्र सरकार सिर्फ जनता को सपना दिखाने का काम कर रही है लेकिन राहुल गांधी के आने से झारखंड में जनता के बीच एक पॉजिटिव मैसेज जाएगा।

## उपायुक्त ने किया बिरसा कृषि रथ को रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा बिरसा कृषि रथ के प्रचार वाहन को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, भूमि संरक्षण पदाधिकारी चंद्रकिशोर कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, परियोजना उप निदेशक (आत्मा) योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित थें। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आत्मा, समेति सहाय अनुदान अंतर्गत बिरसा कृषि रथ का परिचालन जिले के सभी प्रखंडों में पंचायतवार 16 से 25 जनवरी तक परिचालन कराया जाएगा। प्रचार वाहन के द्वारा किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, यांत्रिकरण, किसान क्रेडिट कार्ड, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण आदि की जानकारी उपलब्ध कराया जाना है। प्रखंडवार, पंचायतवार एवं तिथिवार बिरसा कृषि रथ का परिचालन एवं अनुश्रवण हेतु पंचायत स्तरीय, प्रखंड स्तरीय एवं वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो रथ के साथ भ्रमण करते हुए किसानों को विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की ओर से इमरान प्रतापगढ़ी ने पेश की चादर

*** सांसद प्रतापगढ़ी ने कांग्रेस अध्यक्ष के संदेश को पढ़ा और दुआ मांगी**



**एजेंसी**

**अजमेर।** खूवाजा गरीब नवाज़ के 812वें उर्स के मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ओर से सुल्तान-ए-हिंद गरीब नवाज़ की दरगाह पर चादर पेश की गई। बताते चलें कि राजधानी दिल्ली से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी यह पारंपरिक चादर लेकर राजस्थान पहुंचे। कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने सबसे पहले चादर पेश कर मुल्क की खुशहाली,अमनो अमान,भाई चारे की दुआ मांगी और जियारत के बाद दरगाह के बुलंद दरवाजा से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जायरीन के नाम भेजे संदेश को पढ़ा। अपने संदेश में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि इंतहाई अकीदत और एहतराम के साथ मैं ख्वाजा गरीब नवाज़ मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेर के 812वें उर्स मुबारक मौके पर अपनी और पूरी कांग्रेस पार्टी की जानिब से ख्वाजा की बारगाह में चादर रवाना करते हुए खुद को बेहद खुशकिस्मत पा रहा हूं। ख्याल रहे कि पुरखुलूस जज़्बात और अकीदत के साथ सुल्तान उल हिंद के आस्ताना मुबारक पर चादर चढ़ाई जाती है चादर चढ़ाने का यह हसीन मौका हमारे वतन की गंगा-जमुनी तहज़ीब,कौमी एकता,आपसी भाईचारे,प्यार और मोहब्बत, अदब और रवादारी की अलामत है। इससे पूरी दुनिया में यही पैगाम जाता है कि हिंदुस्तान में कौमी इत्तेहाद और भाईचारा की जड़े इंतहाई गहरी हैं। अजमेर में इस विश्व प्रसिद्ध दरगाह पर उर्स मुबारक के मौके पर सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के साथ चादर पेश करते समय अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आबिद कागज़ी,विधायकगण रफ़ीक़ ख़ान और अमीन कागज़ी,ज़ाकिर हुसैन,एम.डी. चोपदार जी,रूबी खान, अजमेर अध्यक्ष विजय जैन,पूर्व मंत्री नसीम अखूतर,प्रभारी शकील नवाज़,सह प्रभारी इक़बाल अहमद जी,इंसाफ़ आज़ाद, उत्तर प्रदेश प्रभारी शाकिर अली,मीडिया विभाग के इंचार्ज सैय्यद अदनान अशरफ,महाराष्ट्र प्रभारी अहमद खान,दिल्ली चेयरमैन वाहिद कुरैशी,ताबिश पटेल,महमूद खान,शमीम अल्वी, निज़ामुद्दीन कुरैशी,फहीम कुरैशी,लियाकत गद्दी मौजूद रहे।

### एके-47 तान देने वाले नेता के बॉडीगार्ड को एसएसपी ने किया सस्पेंड

**रांची :** शराब के नशे में धुत एक शख्स पर एके-47 तान देने वाले नेता के बॉडीगार्ड पर गिरी गाज । जिसकी ड्यूटी रक्षा करने को लगी थी वो सरेआम गुंडगर्दी पर उतर आया। शहर के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित रोड़ नंबर-2 में नेता के बॉडीगार्ड ने एक शख्स पर एके-47 तान दी। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने बॉडीगार्ड को सस्पेंड कर दिया है। यह पूरा मामला सोमवार देर रात की है जहां एक नेता के बॉडीगार्ड तनवीर खान ने एक शख्स के साथ गाली-गलौज की और उसके बाद उसपर अपने सर्विस रायफल तान दी थी ,लोगों के मुताबिक, बॉडीगार्ड नशे की हालत में था, वहीं इस मामले की जानकारी जब पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचकर पुलिस ने बॉडीगार्ड को हिरासत में लिया था, जिसपर कार्रवाई करते हुए अब एसएसपी ने बॉडीगार्ड को सस्पेंड कर दिया है।

**बागेश्वर सरकार के कार्यक्रम को लेकर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई**

# हनुमान को रावण भी नहीं रोक सके : अरुणा शंकर

*** मुख्य सचिव एवं डीजीपी को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बागेश्वर सरकार के कार्यक्रम की अनुमति पलामू जिला प्रशासन द्वारा नहीं दिए जाने की सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने गंभीर संज्ञान लेते हुए बुधवार को मुख्य सचिव एवं डीजीपी को स्वयं उपस्थित होने का निर्देश दिया है। प्रथम महापौर एवं हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने बताया कि जिला प्रशासन ने पुनः एक बार विधि व्यवस्था नहीं संभालने का हवाला देते हुए बागेश्वर सरकार को पलामू आने की अनुमति को रद्द कर दिया है। जब इस बात की जानकारी उच्च न्यायालय को दी गई तो न्यायाधीश ने बहस को सुनते हुए कहा कि जब धार्मिक कार्यक्रम की विधि व्यवस्था नहीं संभाल सकते तो क्या यह राजनीतिक रैलीयो की सुरक्षा ही यह कर पाएंगे। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि हम सबों को न्यायालय पर भरोसा है। जब श्री हनुमान को रावण नहीं बांध सका तो उन्हें कौन रोक सकता है। वह निश्चित पलामू आएंगे। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं मिलने के कारण हमारी समिति बाध्य होकर उच्च न्यायालय के शरण में गई है। जिसकी सुनवाई चल रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि बागेश्वर बाबा के काफी अनुयाई हैं। लाखों लोगों की आस्था उनसे जुड़ी है। यह हम पलामूवासीयो के लिए सौभाग्य की बात है कि परम पूज्य श्री धीरेंद्र शास्त्री झारखंड में पहली बार पलामू आने की अपने स्वीकृति प्रदान की है। सरकार से भी अनुरोध करूंगी कि हम हिंदुओं की आस्था का सम्मान करते हुए धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा को झारखंड में आने दिया जाए। कार्यक्रम को रोक कर हिंदुओं की भावनाओं से खेलना उचित नहीं है।